# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 02 नवम्बर 2023 | वर्ष –67 | अंक –353 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.



- चरित्र की कसौटी पर... 
- रेल सुरक्षा और यात्री... 04
- हमास ने हमला बोला इजरायल में, पर...
- अमेरिका बना रहा है नया परमाणु बम... 09
- भारत की अर्थव्यवस्था को चमका रहे त्यौहार...
- शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट... 11
- भारत की निगाहें श्रीलंका...
- बाबर आजम, स्मिथ के... 10








ICC CRICKET WORLD CUP
INDIA 2023

**आज के मैच**
भारत विरूद्ध श्रीलंका
समय - 2.00 दोपहर

## बिहार- छपरा में दर्दनाक हादसा

# नाव पलटने से चार की मौत.. 18 लापता



**छपरा।** बिहार के छपरा में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया है। मांझी के मटियार घाट पर सरयु नदी में एक नाव पलट गई। समाचार लिखे जाने तक इस हादसे में चार लोगों के शव बरामद कर लिए गए और शेष की तलाश की जा रही है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया और बाद में पुलिस-प्रशासन की टीम भी पहुंच गई जिसने तीनों का शव बरामद कर लिया। अन्य की तलाश के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल रहा और अंधेरा हो जाने के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कतें आती रहीं।

हादसे के बाद 18 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि नाव पर 18 से ज्यादा लोग सवार हो सकते हैं। दुर्घटना का कारण नाव में छेद होना बताया जा रहा है।

दुर्घटना के शिकार लोग दियारा में खेती करने के बाद नाव पर सवार होकर अपने-अपने घर के लिए लौट रहे थे, तभी अचानक नाव सरयु नदी में पलट गई।

## चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार

# गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई

## राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** चुनावी बॉन्ड मामले पर बुधवार को दूसरे दिन की सुनवाई हई। इस दौरान कोर्ट में केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड का बचाव किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है।



पहले नकद में चंदा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा कि राजनीतिक पार्टी को चंदा देने वाले भी गोपनीयता चाहते हैं ताकि दूसरी पार्टी उनके प्रति नाराजगी न रखें। सत्ताधारी पार्टी को ज्यादा पैसे मिलना कोई नई बात नहीं है क्योंकि 2004 से 14 के बीच भी यही हुआ था।

> सत्ताधारी पार्टी को ज्यादा पैसे मिलना कोई नई बात नहीं है क्योंकि 2004 से 14 के बीच भी यही हुआ था।
> - **तुषार मेहता,** सॉलिसिटर जनरल

**कालेधन के चलन को खत्म करने का प्रयास**-मोदी सरकार ने मौजूदा चुनावी बॉन्ड योजना से राजनीतिक दलों को बैंकिक चैनलों के माध्यम से साफ-सुथरी मुद्रा सुनिश्चित करने का एक प्रयास किया है। सरकार की योजना है कि जहां तक संभव हो, चुनावों में कालेधन के चलन को खत्म किया जाए। तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड के खिलाफ दाखिल याचिकाओं ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## महुआ मोइत्रा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

# दुबई से 49 बार लॉगइन किया गया महुआ का खाता

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ सकती है। खबर है कि आईटी मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि उनका लोकसभा का खाता 49 बार उनकी गैर मौजूदगी में दुबई में खोला गया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूना ने इस बारे में कहा कि जब तक इस मामले की जांच चल रही है उन्हें लोकसभा से इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर महुआ निर्दोष हैं तो उनकी पार्टी टीएमसी इस मामले में उनके साथ क्यों नहीं है। वहीं महुआ ने माना है कि उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को लोकसभा का अकाउंट और उसका पासवर्ड दिया था। हीरानंदानी के स्टॉफ का कोई सदस्य उनके अकाउंट से सवाल टाइप करता था,जिसे देखने के बाद वे उसे आगे बढ़ाती थीं। उनका कहना है कि सभी सांसदों के स्टॉफ के पास उनके संसद के अकाउंट का यूजर नेम और पासवर्ड होता है। रही बात विदेश की तो कई बार वे खुद विदेश में रहते हुए अपना अकाउंट चला चुकी हैं।

**सार संक्षेप**

## रत्न कंपनी से 5.62 करोड़ रुपये के हीरे की चोरी

**मुंबई ।** मुंबई में एक रत्न कंपनी के स्टोर से छह महीने में करीबन 5.62 करोड़ रुपये के हीरे चोरी हो गए। इस मामले में पुलिस ने कंपनी के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। बांद्रा कुरला कॉम्प्लेक्स में भारत डायमंड बोर्स के जेबी एंड ब्रदर्स कंपनी के निदेशक संजय शाह ने 5.62 करोड़ रुपये के हीरे गायब होने की सूचना पुलिस को दी थी। शिकायतकर्ता ने फार्म के दो कर्मचारी कांदिवली के रहने वाले प्रशांत शाह और विशाल शाह पर अप्रैल से हीरे चोरी करने का आरोप लगाया। फार्म का एक पूर्व कर्मचारी निलेश शाह ने दोनों को हीरे बेचने में मदद की। पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# ग्वालियर, कोझिकोड बने यूनेस्को के रचनात्मक शहर

## ग्वालियर को संगीत और कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में नामित किया

### प्रधानमंत्री ने कहा- भारत की बड़ी उपलब्धि

**पेरिस, (एजेंसियां)।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क (यूसीसीएन) में इस वर्ष भारत के दो शहरों -ग्वालियर एवं कोझिकोड को नामित किया गया है। यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में मध्यप्रदेश के ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में और केरल के कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में नामित किया गया है। यूनेस्को ने यूसीसीएन के अंतर्गत 55 शहरों की सूची जारी की है जिसमें भारत के ये दो शहरों को शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, यह सांस्कृतिक आख्यानों को पोषित करने के सामूहिक प्रयास को दर्शाता है। कोझिकोड की समृद्ध साहित्यिक विरासत और ग्वालियर की सुरीली विरासत के यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल होने से भारत की सांस्कृतिक जीवंतता वैश्विक मंच पर चमक रही है। पीएम मोदी ने कहा, इस उपलब्धि पर कोझिकोड और ग्वालियर के लोगों को शुभकामनाएं। हमारा राष्ट्र हमारी विविध सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस नवीनतम सूची जारी किये जाने के साथ नेटवर्क में 100 से अधिक देशों के 350 रचनात्मक शहर शामिल हो गये हैं जो सात रचनात्मक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं -शिल्प और लोक कला, डिजाइन, फिल्म, पाक कला, साहित्य, मीडिया, कला और संगीत। नए नामित रचनात्मक शहरों को अगले वर्ष पुर्तगाल के ब्रागा शहर में एक से पांच जुलाई के बीच होने वाले यूसीसीएन वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### यूनेस्को ने यूसीसीएन के अंतर्गत 55 शहरों की सूची जारी की

# अगले साल के अंत तक देश के सभी डॉक्टरों के पास होगी यूनिक आईडी

**नई दिल्ली।** देश के सभी डॉक्टरों के पास 2024 के अंत तक एक विशिष्ट पहचान संख्या (यूनिक आइडी) होगी। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर बनाने पर काम कर रहा है।



**अगले छह महीनों में लॉन्च किया जाएगा एनएमआर का पायलट प्रोजेक्ट**-एनएमसी के सदस्य डॉ. योगेन्द्र मलिक ने कहा कि नेशनल मेडिकल रजिस्टर का पायलट प्रोजेक्ट अगले छह महीनों में लांच किया जाएगा। यह 2024 के अंत तक तैयार हो जाएगा।

### आईएमआर की जगह लेगा एनएमआर

**आईएमआर की जगह लेगा एनएमआर**-एनएमआर भारतीय मेडिकल रजिस्टर की जगह लेगा। इसे एनएमसी की वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें डॉक्टर की जानकारी जैसे उसका यूआइडी नंबर, पंजीकरण संख्या, नाम, कार्य स्थान, योग्यता सहित अन्य विवरण होंगे।

**आईएमआर के साथ पंजीकृत हैं 14 लाख डॉक्टर**-डॉ. मलिक ने कहा कि डॉक्टरों के लिए एक देश एक पंजीकरण मंच बनाने की पहल का उद्देश्य लालफीताशाही को खत्म करना है। इस समय लगभग 14 लाख डॉक्टर आईएमआर के साथ पंजीकृत हैं। उनका पूरा डाटा एनएमआर में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्हें दोबारा पंजीकरण नहीं कराना होगा।

**यूआईडी को तैयार करेगा ईएमआरबी**-यूआइडी को एनएमसी के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड द्वारा तैयार किया जाएगा। इस कदम की घोषणा एनएमसी ने इस साल मई में की थी। प्रक्रिया के मुताबिक, स्नातक छात्रों को मास्क्ड यूआइडी दी जाएंगी।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- सरकार सुप्रीम कोर्ट को बता रही है कि- चुनावी चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है।

**चुहिया- हां प्रिये**- तो फिर जनता को जानने का हक क्यों नहीं?

## जांच में चौंकाने वाले खुलासे

# सेना की जानकारी लीक कर रहा था अधिकारी, राष्ट्रपति ने किया बाहर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले सेना के एक अधिकारी के खिलाफ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्रवाई की है। राष्ट्रपति ने मेजर को बीते महीने ही सेवा से बाहर कर दिया था। अधिकारी के खिलाफ बड़ा ऐक्शन लंबी जांच के बाद लिया गया था। वह सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान में भी किसी के संपर्क में था।

सेवाएं समाप्त होने से पहले मेजर स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड की यूनिट में काम कर रहा था। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बीते साल ही मेजर के खिलाफ जांच के लिए स्त्रष्ट ने बोर्ड का गठन किया था, जिसमें कई बड़े अधिकारी शामिल थे। भारत के परमाणु शस्त्रागार का काम देखने वाले कमांडर इन चीफ बोर्ड के प्रमुख थे। जांच के दौरान बोर्ड के अधिकारियों को मेजर की सभी डिजिटल डिवाइसेज जब्त करने के अधिकार भी दिए गए थे। गोपनीय जानकारी साझा करने या लीक करने, सोशल मीडिया नियमों का उल्लंघन करने समेत अन्य सुरक्षा संबंधी जांच के आदेश भी दिए गए थे।

# राज्यपालों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं पंजाब-तमिलनाडु की सरकारें

**नई दिल्ली।** विधानसभाओं में पारित विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपालों के देरी करने पर पंजाब और तमिलनाडु की सरकारों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित और तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के क्रमशः भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार और एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार के बीच टकराव की स्थिति है।

विगत 28 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गई थीं। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने विधानसभा में पारित कुल 27 में से 22 विधेयकों को ही मंजूरी दी है। पंजाब सरकार विधानसभा के एक विशेष सत्र में तीन वित्त विधेयक पेश करने वाली थी। इन विधेयकों को राज्यपाल की हरी झंडी के लिए भेजा गया लेकिन यह मामला उनके पास ही अटका है।


अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com


**रिपोर्ट** — रफ्तार का कहर

# सड़क हादसों में हर घंटे होती है 19 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में भर होने वाले सड़क हादसों के ऊपर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं जिनमें 1,68,491 लोगों की जान चली गई जबकि 4,43,366 लोग घायल हो गए थे। मंत्रालय की तरफ से भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022 टाइटल से जारी रिपोर्ट के अनुसार हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए और हर एक घंटे में 19 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई। इनमें सीट बेल्ट एवं हेलमेट का इस्तेमाल न करने वालों का ऊंचा अनुपात है।



### 9.4 प्रतिशत बढ़े हादसे में मरने वाले

रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। हादसों में घायल होने वाले लोगों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए,इसमें कहा गया, 2022 में 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के 66.5 लोग हादसों का शिकार हुए।

### हर घंटे औसतन 53 सड़क दुर्घटनाएं

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में 18-60 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की संख्या 83.4 प्रतिशत थी। केंद्रीय मंत्री नितिन ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## मणिपुर : 44 लोग हिरासत में लिए गए

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने बुधवार को 44 लोगों को हिरासत में लिया। इसमें से 32 लोग म्यांमार के नागरिक हैं। इन पर एक दिन पहले टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके में पुलिस अफसर की हत्या और पुलिस कमांडो टीम पर हमला करने का आरोप है। दरअसल, मणिपुर में मंगलवार को सुरक्षाबलों पर फायरिंग की दो घटनाएं हुईं। पहला मामला टेंग्नौपाल जिले के मोरेह इलाके का है, जिसमें एक पुलिस अफसर चिंगथाम आनंद कुमार की जान चली गई।

# इजराइल ने गाजा में शरणार्थी शिविर पर किया हमला

- आठ शरणार्थी शिविरों में से सबसे बड़ा था शिविर
- इजराइल ने शिविर पर हवाई हमले की जिम्मेदारी ली



**जेरूसलम, (एजेंसियां)।** इजरायली सेना ने बुधवार को गाजा में सबसे बड़े जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि 7 अक्टूबर के हमले के लिए जिम्मेदार हमास के शीर्ष नेताओं में से एक हमले में मारा गया एक्स पर एक पोस्ट में, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने हमास की सेंट्रल जबालिया बटालियन के कमांडर इब्राहिम बियारी को मार गिराया।

बियारी 7 अक्टूबर को आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार नेताओं में से एक था। इजरायल ने क्षेत्र में हमास की कमान और नियंत्रण को नुकसान पहुंचाया और बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराया, जो बियारी के साथ थे। इसके अलावा, हमले के बाद भूमिगत आतंकवादी बुनियादी ढांचे ध्वस्त हो गए। आईडीएफ क्षेत्र के निवासियों से अपनी सुरक्षा के लिए दक्षिण की ओर जाने का अपना आह्वान दोहराया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, जबल्या गाजा पट्टी के आठ शरणार्थी शिविरों में से सबसे बड़ा है। हवाई हमले का बचाव करते हुए आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा कि शरणार्थी शिविर को बियारी को मारने के लिए निशाना बनाया गया।

**अरब लीग, मिस्र व जॉर्डन ने की निंदा**- अरब लीग (एएल) के महासचिव अहमद अबुल-घेत ने उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर पर घातक इजरायली हवाई हमले की कड़ी निंदा की है। एक बयान में, एएल प्रमुख ने कहा कि यह गाजा में भयंकर अपराध है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अब चुप नहीं रहना चाहिए। इस बीच, मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने भी हमले की निंदा की और कहा कि जॉर्डन ने खतरनाक घटनाक्रम के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है।

**अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायल से किया आह्वान**- अमेरिकी विदेश विभाग का कहना है कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग के साथ बातचीत में इजरायल से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का आह्वान किया है।

**तुलकेरेम में इजरायली घुसपैठ**- फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली बलों ने तुलकेरेम के दक्षिण में फ़ारून गाँव में घुसपैठ की है। जहां कुछ लोगों को फिरसे कैद किया गया है।

**गाजा में एक बार फिर इंटरनेट बंद**- फिलिस्तीनी दूरसंचार कंपनी पालटेल का कहना है कि गाजा पट्टी में एक बार फिर सभी संचार और इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगी है। अंतरराष्ट्रीय रूट काट दिए गए हैं। ट्वीट में लिखा है- हमारी प्यारी मातृभूमि के प्रिय लोगों, हमें गाजा पट्टी के साथ सभी संचार और इंटरनेट सेवाओं को पूरी तरह से बाधित करने की घोषणा करते हुए खेद है, क्योंकि पहले से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मार्गों को फिर से काट दिया गया है। भगवान आपकी रक्षा करें और हमारे देश की रक्षा करें।

# 3 भारतीय सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

## भारत-बांग्लादेश के रिश्ते नई ऊंचाइयां छू रहे : मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन भारतीय सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

तीन परियोजनाएं हैं अखौरा- अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना - मोंगला पोर्ट रेल लाइन और बांग्लादेश के रामपाल में मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट - II। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम शेख हसीना ने कहा,मैं हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करती हूं।

भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर श्री मोदी ने कहा, यह खुशी की बात है कि एक बार फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं। हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में हमने मिलकर जो काम किया है, वह इससे पहले के दशकों में भी नहीं हुआ था। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह खुशी की बात है कि एक बार

### मोदी और शेख हसीना ने किया वर्चुअली शुभारंभ

फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं। हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में हमने मिलकर जो काम किया।

**पिछले 9 सालों में 3 नई ट्रेन सेवाएं हुई हैं शुरू**-भारत और बांग्लादेश के बीच तीन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी ने कहा, सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता स्थापित करने के लिए हमने दशकों से लंबित भूमि सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए। हमने समुद्री सीमा का भी समाधान किया... पिछले 9 वर्षों में ढाका, शिलांग, अगरतला, गुवाहाटी और कोलकाता को जोड़ने वाली 3 नई बस सेवाएं शुरू की गई हैं... पिछले 9 वर्षों में 3 नई ट्रेन सेवाएं भी शुरू हुई हैं। 2020 से भारत और बांग्लादेश के बीच पार्सल और कंटेनर ट्रेनें भी चल रही हैं... भारत और बांग्लादेश के बीच दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज गंगा विलास शुरू करके पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है।

# मैतेई-कुकी लोगों को साथ बैठकर सुलझाना चाहिए मुद्दा : राजनाथ



**मिजोरम।** मणिपुर की मैतेई और कुकी समुदायों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिजोरम के टिपा में खुलकर बोला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर शांत रहा है। हालांकि हमने मणिपुर में हिंसा देखी है, जो बेहद दर्दनाक है। साथ ही उन्होंने कहा, हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। दोनों समुदायों को एक साथ बैठकर मुद्दों को सुलझाना चाहिए। इसमें दिल से दिल की बातचीत जरूरी है।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, मणिपुर में दोनों समुदायों को स्थिति में सुधार के लिए एक-दूसरे से बात करनी चाहिए। जब मणिपुर में स्थिति बिगड़ रही थी, तब कांग्रेस ने इस पर राजनीति करने की पूरी कोशिश की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा, जब मणिपुर में स्थिति बिगड़ रही थी, तब कांग्रेस ने इस पर राजनीति करने की पूरी कोशिश की।

मिजोरम और पूर्वोत्तर समेत पूरे देश को कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। उन्होंने चुनावी रैली में कहा, अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है तो मिजोरम को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार का मानना है कि जब तक पूर्वोत्तर वास्तव में विकसित नहीं होगा तब तक भारत का सपना पूरा नहीं होगा।

# भारत और पुर्तगाल के विदेश मंत्री की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर 31 अक्तूबर को लिस्बन में पुर्तगाल के विदेश मंत्री के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक पर जयशंकर ने बताया कि मीटिंग में हमारी द्विपक्षीय साझेदारी का विस्तृत मूल्यांकन हुआ।

उन्होंने कहा, हमने कई क्षेत्रों में नई ऊर्जा देखा। व्यापार, और निवेश मजबूत प्रेरक शक्ति है। भारतीय आईटी कंपनियों ने पुर्तगाल में अपनी पहचान बना ली है। भारतीय दूध एवं डेयरी कंपनी आमूल पुर्तगाल फुटबॉल टीम का स्पॉन्सर है। जयशंकर ने कहा कि बैठक में हवाई कनेक्टिविटी पर भी बात की गई। उन्होंने पुर्तगाल को यूरोपियन संघ के प्रमुख साझेदारों में से एक बताया है।

# राहुल ने सिंगरेनी कोयला खदानों के श्रमिकों से की बातचीत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को तेलंगाना में सिंगरेनी कोयला खदान के श्रमिकों के साथ अपनी हालिया बातचीत का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उन्होंने खानों के निजीकरण पर चिंता व्यक्त की। इसके अलावा आरोप लगाया कि यह श्रम कानूनों का उल्लंघन है और इसका मतलब श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी में धकेलना है।

**कोई निजीकरण नहीं होना चाहिए**-गांधी द्वारा अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किए गए एक वीडियो में, वह कार्यकर्ताओं से यह कहते हुए नजर आ रहे है कि कांग्रेस का रुख बहुत स्पष्ट है कि रणनीतिक क्षेत्रों में कोई निजीकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने वीडियो

### निजीकरण पर जताई चिंता

के साथ अपने पोस्ट में कहा कुछ दिन पहले मुझे सिंगरेनी की कोयला खदानों के श्रमिकों और कर्मचारियों से मिलने और बात करने का मौका मिला। उनकी समस्याएं सुनीं और सुनने के बाद मुझे पता चला कि हर समस्या की जड़ खदानों का निजीकरण है।पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने आगे कहा कि यह निजीकरण श्रम कानूनों का उल्लंघन है और श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी में धकेलने का एक साधन है। इससे कुछ पूंजीपतियों को फायदा होगा और नतीजा वही होगा जो मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं - अमीर और अमीर हो जाएंगे, और गरीब और गरीब हो जाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर : 47 पाकिस्तानी आतंकी खत्म, अब बचे 71 विदेशी दहशतगर्द

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में इस साल सुरक्षा बलों की मुठभेड़ में कुल 60 आतंकी मारे गए हैं। खास बात ये है कि मारे गए दहशतदर्गों में 13 लोकल और 47 विदेशी आतंकी थे। पीर पंजाल की गुफाओं सहित जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में छिपे सक्रिय कुल आतंकियों की संख्या पर गौर करें, तो इसमें से 36 स्थानीय और 71 विदेशी यानी पाकिस्तान मूल के आतंकी बताए जाते हैं। भारतीय सुरक्षा बलों का दावा है कि पिछले कुछ समय में कोई भी ऐसी बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है, जिसमें पाकिस्तान के आतंकियों ने सीमा पार की हो। ऐसे कई प्रयास हुए हैं, मगर उन्हें सुरक्षा बलों ने अपनी कार्रवाई के जरिए असफल कर दिया था। यहां पर एक सवाल उठ रहा है कि जब सीमा पर बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है, तो इतने विदेशी आतंकी कहां से आ गए। सुरक्षा एजेंसियां इस बात पर भी गंभीरता के साथ विचार कर रही हैं कि नेपाल का मार्ग, आतंकियों के भारत में प्रवेश करने का एंट्री प्वाइंट तो नहीं बन रहा।

**अभी 71 सक्रिय आतंकवादी कहीं पर छिपे हैं** -जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों के साझा ऑपरेशन में इस वर्ष 60 आतंकी मारे गए हैं। 12 अक्तूबर से 26 अक्तूबर के बीच तीन आतंकी/मददगार पकड़े गए थे। गत वर्ष 137 आतंकी सक्रिय थे। इनमें 55 स्थानीय और 82 विदेशी दहशतगर्द शामिल थे। जम्मू कश्मीर में मौजूदा समय में कुल 107 आतंकी सक्रिय बताए जाते हैं। इनमें से 36 स्थानीय आतंकी हैं, जबकि विदेशी आतंकियों की संख्या 71 है। 2022 में 187 आतंकी मारे गए थे। इनमें से स्थानीय आतंकी 130 थे, जबकि विदेशी आतंकियों की संख्या 57 थी।

2023 में 60 आतंकी मारे गए हैं, जिनमें से 13 स्थानीय और 47 विदेशी आतंकी हैं। जम्मू-कश्मीर में 2021 में 180, 2020 में 221, 2019 में 157 और 2018 में 257 आतंकी मारे गए थे। सेना एवं दूसरे सुरक्षा बलों का दावा है कि हाल-फिलहाल कोई बड़ी

### आतंकियों के जाल में फंस रहे युवा

घुसपैठ नहीं हुई है। सीमा पर पुख्ता चौकसी है। ऐसे में वे आतंकी कहां से और कैसे घुसे हैं, यह पता लगाया जा रहा है। पाकिस्तान के आतंकियों ने कहीं नेपाल के रास्ते तो भारत में प्रवेश नहीं किया है, इस बात का पता लगाया जा रहा है।

**हाइब्रिड आतंकी बन रहे बड़ा खतरा** -जम्मू कश्मीर में विदेशी मूल के आतंकियों की संख्या ज्यादा है। पाकिस्तान की इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई, अपने गुर्गे आतंकी संगठनों की मदद से जम्मू कश्मीर में हाइब्रिड आतंकियों की भर्ती कर रही है। घाटी में हाल-फिलहाल में कोई बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है। संभव है कि सभी विदेशी आतंकी कई वर्षों से घाटी में कहीं पर छिपे हों। सुरक्षा बलों की वहां तक पहुंच न हो सकी हो। जम्मू कश्मीर पुलिस, आईबी, आर्मी एवं अन्य एजेंसियां आतंकियों के ठिकाने तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं।

# महाराष्ट्र की सभी पार्टियां मराठा आरक्षण के पक्ष में

## सर्वदलीय बैठक के बाद बोले मुख्यमंत्री शिंदे-कानूनी प्रक्रिया के लिए समय दें, आंदोलन खत्म करें

### शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता बैठक में शामिल हुए

**मुंबई, (एजेंसियां)।** मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक की। इसमें शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता शामिल हुए। करीब 3 घंटे की बैठक के बाद दोपहर डेढ़ बजे शिंदे सहयाद्री भवन से बाहर आए और मीडिया से करीब 2 मिनट बात की।

शिंदे ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेता इस बात पर सहमत हुए कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। यह निर्णय लिया गया कि आरक्षण कानून के दायरे में और अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना होना चाहिए। आरक्षण के लिए अनशन पर बैठे मनोज जारांगे से भी अपील है कि वो अनशन खत्म करें। हिंसा ठीक नहीं है।

**10 जिलों में हिंसक हो गया आंदोलन**-इधर, आरक्षण की मांग को लेकर मंगलवार को एक महिला समेत 9 और लोगों ने आत्महत्या कर ली। 19 से 31 अक्टूबर तक यानी 13 दिनों में 25 लोग सुसाइड कर चुके हैं। यह संख्या 1990 के मंडल आंदोलन के दौरान की गई आत्महत्याओं के आंकड़े के बाद सबसे ज्यादा है।

इस साल सितंबर में शुरू हुआ आंदोलन 10 जिलों में हिंसक हो गया है। 30 अक्टूबर को बीड में हुई हिंसा मुंबई तक पहुंच गई है। कोलाबा इलाके में बुधवार सुबह विधायकों के सरकारी आवास के सामने दो अज्ञात लोगों ने महाराष्ट्र के मेडिकल एजुकेशन मिनिस्टर हसन मुश्रिफ के काफिले की गाड़ी में तोड़फोड़ की। इस मामले में 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### हिंसा में 12 करोड़ की संपत्ति स्वाहा!

#### अब तक 168 लोग किए गए गिरफ्तार

मराठा आरक्षण आंदोलन ने हिंसक रूप धारण कर लिया है और महाराष्ट्र में जगह-जगह प्रदर्शन देखे गए। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय को भी निशाना बनाया गया, वहीं, हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए अब तक महाराष्ट्र में 140 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 168 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। राज्य में हिंसक प्रदर्शन के दौरान 12 करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। यह जानकारी महाराष्ट्र के डीजीपी रजनीश सेठ ने दी है।

### उद्धव शिवसेना के नेता ने लिखी राष्ट्रपति को चिट्ठी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जारी मराठा आंदोलन के बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद विनायक राउत ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात करने के लिए समय मांगा है। इसी के साथ उन्होंने राज्य सभा में मराठा और धनगर समुदाय को आरक्षण देने के लिए एक विशेष सत्र बुलाने का भी अनुरोध किया है। राष्ट्रपति मुर्मू को 31 अक्तूबर को भेजी गई चिट्ठी में उन्होंने लिखा कि शिवसेना (यूबीटी)के राज्यसभा सदस्य संजय राउत के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल नवंबर पांच या छह को राष्ट्रपति से मिलना चाहती है।


निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेसर्स जी.के. एपेरल्स प्रोपरायटर श्री महेंद्र मोहनानी पुत्र श्री राजकुमार मोहनानी निवासी मकान नं. 41 गोपाल होटल के पारा द्वारका नगर, लालमाटी, जबलपुर एवं श्री नितिन छत्तानी पुत्र श्री कुलदीप छत्तानी निवासी बीजासन माता मंदिर के पास 176. सी.ओ.डी. कॉलोनी सुहागी, जबलपुर ने मौजा जबलपुर, नं. बं. 264 प.ह.नं. 4. रा.नि.मं. जबलपुर-1, व्यपवर्तित भूमि का भाग जिसका खसरा क्रमांक 267/1 नवीन खसरा क्रमांक 267/1/2 पर स्थित बहुमंजिला इमारत 'श्री जानकी रमन प्लाजा' की 11 दुकानें जिनका कुल क्षेत्रफल 2569 वर्गफुट (230.75 वर्गमीटर) जो कि पांडे चौक के पास, दीक्षितपुरा रोड, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड (पुराना महात्मा गांधी बार्ड) तहसील एवं जिला- जबलपुर को भूमिस्वामी श्री जानकी रमन पब्लिक ट्रस्ट से क्रय करने का एक अनुबंध पत्र दिनांक 22.02.2021 को निष्पादित किया था एवं निकट भविष्य में विक्रय पत्र का निष्पादन क्रेता एवं विक्रेता के मध्य होना शेष है।

श्री महेंद्र मोहनानी पुत्र श्री राजकुमार मोहनानी एवं श्री नितिन छत्तानी पुत्र श्री कुलदीप छत्तानी द्वारा उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड पत्ता- तीसरी मंजिल दीक्षित प्राइड तय्यबली पेट्रोल पम्प के पास नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001 से ऋण सुविधा ली जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के विक्रय या बंधक रखकर ऋण सुविधा प्राप्त करने से किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था आदि को कोई आक्षेप या आपत्ति है तो यह मुझे या मेरे पक्षकार पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड, जबलपुर को इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण पेश कर अपना आक्षेप या आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त संपति के विक्रय पर कोई आक्षेप या आपत्ति नहीं है एवं उक्त समयावधि बीत जाने के उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

दिनांक - स्थान - जबलपुर (म.प्र.)

**सौहार्द कुलश्रेष्ठ (अधिवक्ता)**
**सीट नं. 61-62, जिला न्यायालय**
**जबलपुर म.प्र.**
**मो. नं. -94253-85895**

र.नं. 1505

**आम सूचना**
**बेदखलनामा**

बेदखलनामा लिख दिया कि हम पक्षकार द्वारका प्रसाद सोनी पिता फकीर चंद सोनी व अनीता सोनी पति द्वारका प्रसाद सोनी दोनों निवासी- बायपास मार्ग नकादूआ पोस्ट मगरधा नरसिंहपुर म.प्र. वालों ने अपने पुत्र वीरेन्द्र कुमार सोनी पिता द्वारका प्रसाद सोनी को चल-अचल संपत्ति जो मेरे एवं मेरी पत्नि के नाम पर है उससे बेदखल कर दिया अगर भविष्य में मेरे पुद्ध के साथ कोई भी व्यक्ति लेन-देन करता है और मेरा पुत्र कोई भी गैर कानूनी कार्य में संलिप्त पाया जाये तो उसका किसी प्रकार से उत्तरदायित्व हम उसके माता- पिता नहीं रहेंगे वह स्वयं जिम्मदार होगा।

**शेख अजीम एडवोकेट**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**पेन्टीनाका, पेट्रोल पंप**
**के बाजू में, सदर केन्ट जबलपुर**
र.नं. 1503 मो. 9826559070


# प्रथम पृष्ठ का शेष

### गोपनियता की व्यवस्था....

पर सवाल उठाते हुए कहाकि गुमनामी या अपारदर्शिता क्या है। यह योजना गोपनीयता के अलावा और कुछ नहीं है। अगर गोपनीयता का तत्व योजना से चला जाता है तो योजना चली जाएगी। फिर 2018 के पहले वाली व्यवस्था में लौट जाएंगें। इसलिए याचिकाकर्ता बताएं कि 10 कदम पीछे जाने से क्या फायदा होगा! **मुद्रा के डिजिटलीकरण का दिया उदाहरण**-उन्होंने कहाकि जब मुद्रा का डिजिटलीकरण शुरू हुआ तो सरकार का मजाक उडाया गया। लोगों ने कहाकि यह काल्पनिक विचार है। क्या कोई सब्जी विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार करेगा। लेकिन यह पूरी तरह सफल रहा। आज भारत में डिजिटल भुगतान अमेरिका और युरोपीय संघ के कुल भुगतान का सात गुना और चीन से तीन गुना है।

**आज भी होगी सुनवाई**- सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की संविधान पीठ ने राजनीतिक फंडिंग से जुड़ी चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार से सुनवाई शुरू की। इससे एक दिन पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया। इसमें उन्होंने कहा कि किसी राजनीतिक दल को मिलने वाले चंदे की जानकारी पाना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने वेंकटरमनी से मामले में अपनी राय देने को कहा था। एडीआर का पक्ष रख रहे प्रशांत भूषण ने मंगलवार को कोर्ट में कहा था कि चुनावी बॉन्ड लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

### ग्वालियर-कोझिकोड बने.....

किया गया है। यूनेस्को की आधिकारिक सूचना के अनुसार नए नामित शहर जलवायु परिवर्तन, बढ़ती असमानता, साथ ही तेजी से शहरीकरण जैसे उभरते खतरों का सामना करने के लिए अपने लचीलेपन को मजबूत करने के लिए नेटवर्क सदस्यों के साथ सहयोग करेंगे। यूनेस्को का अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की 68 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहने का है। यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले ने कहा, जब संस्कृति तक पहुंच बढ़ाने और शहरी लचीलेपन और विकास के लिए रचनात्मकता की शक्ति को प्रेरित करने की बात आती है तो हमारे क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क के शहर अग्रणी हैं।

**मध्य काल तानसेन एवं बैजू बावरा हुए**-ग्वालियर ऐतिहासिक रूप से संगीत का केन्द्र रहा है। मध्य काल यहां महान संगीतकार तानसेन एवं बैजू बावरा हुए हैं और ग्वालियर की संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन सदियों से किया जा रहा है। ग्वालियर संगीत घराने में गुरु शिष्य परंपरा अभी भी चल रही है। आज भी पूर्ववर्ती सिंधिया राजघराने द्वारा ऐतिहासिक संगीत एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों को बजाने वाले कलाकार और उनकी कला को जीवित रखने के लिए उनका संरक्षण किया जाता है। ग्वालियर में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय भी स्थापित किया गया है जिसमें संगीत, नृत्य, ललित कला और नाटक और रंगमंच में पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

### सड़क हादसों में हर घंटे.....

गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में सड़क हादसों में कुल 1,68,491 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 61,038 यानी 36.2 प्रतिशत लोगों की जान राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुए हादसों, 41,012 यानी 24.3 प्रतिशत की मौत राज्य राजमार्गों पर और 66,441 यानी 39.4 प्रतिशत लोगों की जान अन्य सड़क हादसों में गई। वहीं राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की यह वार्षिक रिपोर्ट राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभागों से प्राप्त डाटा/ जानकारी पर आधारित है। यह जानकारी एशिया-प्रशांत सड़क दुर्घटना डेटा (एपीआरएडी) आधार परियोजना के तहत एशिया व प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) द्वारा मानकीकृत प्रारूपों में जुटाई जाती है।

# देश-प्रदेश

## उवाच

**भाजपा केवल 'पुलिस, पैसे और प्रशासन' के सहारे : कमलनाथ**

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी पर पुलिस, पैसे और प्रशासन के दम पर सरकार चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता इस कुशासन से मुक्ति चाहती है। श्री कमलनाथ ने नरसिंहपुर के करेली में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा में कहा कि स्कूली बच्चों को विश्व की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप देने का काम कांग्रेस की सरकार करने वाली है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ज़ब वोट देने जायें तो कांग्रेस के वचनपत्र को पढ़कर जायें। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में स्वास्थ्य, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सब चौपट हैं और रोजगार भी नहीं है।



## चुनावी समर में भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज

मुख्यमंत्री ने पुष्पराजगढ़, डिंडौरी, शहपुरा और लखनादौन में की सभाएं, बोले

# प्रदेश को ऐसे हाथों में न सौपें, जो बर्बादी के जिम्मेदार हैं




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने 68 वर्षों में मध्यप्रदेश ने प्रगति और विकास की लंबी मंजिल तय की है। प्रदेश को ऐसे हाथों में न सौपें जो प्रदेश की तबाही और बर्बादी के जिम्मेदार थे। जिन्होंने मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार और घोटालों का प्रदेश बना दिया था। उनसे मध्यप्रदेश को बचाना है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज पुष्पराजगढ़, डिंडौरी, शहपुरा और लखनादौन में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष हम आनंद और उत्साह से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाते हैं। स्थापना दिवस मनाने की परम्परा भी भाजपा सरकार ने शुरू की है। इस बार आचार सहिंता के कारण सरकारी स्तर पर आयोजन नहीं कर पा रहे, लेकिन 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम में भाजपा की सरकार बनेगी। इसके बाद तिथि निश्चित करके धूमधाम से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाएंगे।

श्री चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी गरीब बहनों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन मैं बहनों की गरीबी दूर करूंगा। मेरा संकल्प है बहनों की जिंदगी में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेसी बड़े ही मायावी हैं, इनके झांसे में मत आना। ये कांग्रेसी आएंगे, भ्रम फैलाएंगे, इधर-उधर की बात करेंगे, इनकी बातों में नहीं आना है। अगर कांग्रेस आई तो न लाड़ली रहेगी न बहना रहेगी। इसलिए इनके भ्रम में नहीं आना है, मोदी जी और मामा के साथ रहना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो जनहित की कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों का कल्याण करती है और हर क्षेत्र में विकास के कार्य करती है। मध्यप्रदेश में भी विकास की इस गति को बनाएं रखना है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सुरखी की सभा में कहा-

# कमलनाथ अब 2018 का नहीं 2023 का मॉडल



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सुरखी को अत्याचार और भ्रष्टाचार का केन्द्र बताते हुए कहा कि मैं अत्याचारियों और भ्रष्टाचारियों को यह बताना चाहता हूं कि कमलनाथ अब 2018 का मॉडल नहीं हैं 2023 का मॉडल हैं। उन्होंने उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 40 दिनों बाद कमलनाथ की सरकार बनने के साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। वह सुरखी में आयोजित कांग्रेस की जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं जिम्मेदारी लेता हूं सुरखी के विकास के लिए और जिनके यहां पर मकान तोड़े गए हैं उनके फिर से मकान बनेंगे। उन्होंने कहा कि जब नई सरकार बनेगी तो सुरखी से कांग्रेस का झंडा विधानसभा में बुलंदी से लहराने का काम आप करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्कूलों की बात हो या रोजगार की बात हो मैं उन सभी की जिम्मेदारी लेता हूं हमारी सरकार आने पर हम सागर जिले का विकास करने का काम करेंगे और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सागर में लोगों के साथ हुए अत्याचारों को खत्म करने का करने का काम करेंगे। हमारी सरकार आने पर हम जैसीनगर को नगर परिषद बनाने का काम करेंगे। बीना बांध से प्रभावितों को उचित न्याय और मुआवजा दिलाने का काम करेंगे। श्री कमलनाथ ने कहा कि भाजपा का आज पूरा प्रयास रहेगा कि किसी तरह से समाज को बांट दिया जाए, लेकिन भारत की संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है, इसलिए भारत एक झंडे के नीचे खड़ा है।

# सुरेंद्र पटवा और अजय सिंह को मिली राहत, नामांकन को लेकर आपत्ति खारिज





**भोपाल, देशबन्धु।** रायसेन जिले की भोजपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा और सीधी जिले की चुरहट सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अजय सिंह को नामांकन मामले में चुनाव आयोग से बड़ी राहत मिली है। इनके खिलाफ सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है। इन प्रत्याशियों के नामांकन मंगलवार को जांचके दौरान स्थगित किये गए।

भोजपुर सीट से 3 प्रत्याशियों ने सुरेंद्र पटवा के शपथ पत्रों में दी गई जानकारी को चुनौती दी थी। निर्वाचन अधिकारी के समक्ष कांग्रेस के प्रत्याशी राजकुमार पटेल, निर्दलीय गणेश मालवीय और संयम जैन की और से यह शिकायत की गई थीं कि श्री पटवा ने अपने शपथ पत्रों में आपराधिक मामलों और कुछ अन्य जानकारियों का विवरण नहीं दिया है। जिस पर निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बुधवार 11 बजे तक श्री पटवा से जवाब मांगा था। अब जवाब के बाद उनके नामांकन को वैध पाया गया। वहीं दूसरी और सीधी जिले के चुरहट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अजय सिंह राहुल के नामांकन पर भाजपा प्रत्याशी शरदेंदु तिवारी ने आपत्तियां जताई थीं। जिसके चलते उनका नामांकन भी होल्ड कर दिया गया था। आज दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने अजय सिंह के नामांकन को हरी झंडी दे दी। इससे इन नेताओं को राहत मिली है।

### राहुल लोधी को भी मिली राहत



इधर, पूर्व मंत्री एवं खरगापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी का भी नामांकन वैध पाया गया है। मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी चंदा गौर ने लोधी के नामांकन पर आपत्तियां दर्ज कराई थीं। लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने सभी आपत्तियों को सुनने के बाद देर रात राहुल लोधी के नामांकन को वैध पाया।

## आचार समिति के सामने आज पेश होंगी महुआ

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पैसा लेकर सवाल पूछने के विवाद में उलझी तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा ने बुधवार को कहा कि वह अपने खिलाफ आरोपों की जांच के लिए गुरुवार को संसद की आचार समिति के समक्ष उपस्थित होंगी लेकिन उन्होंने यह सवाल उठाया है कि क्या समिति आपराधिक प्रकृति के आरोपों की जांच कर सकती है। वह अपने खिलाफ शिकायत करने वाले वकील और हलफनामा देने वाले उद्यमी से जिरह करना चाहती हैं। सुश्री मोइत्रा ने आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर को मंगलवार को प्रेषित पत्र को बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी करते हुए लिखा कि चूंकि समिति ने उन्हें जारी समन को सार्वजनिक किया है, इसलिए वह समिति को लिखे अपने पत्र को सार्वजनिक कर रही हैं।

कमलनाथ और दिग्विजय को लेकर कसा तंज, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले

# कैमरे के पीछे गाली और सामने ताली



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की हकीकत यह है कि वह आपस में मतभेद रखते हैं, लेकिन सबके सामने वह एक दूसरे से मित्रवत व्यवहार करते हैं।

श्री शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कमलनाथ और दिग्विजय पर निशाना साधने के साथ ही भाजपा की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के 68 वें स्थापना दिवस पर हमने संकल्प लिया है कि हम प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाकर रहेंगे। डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश की भाजपा की सरकार के नेतृत्व में आज प्रदेश पूरे देश के अंदर सभी राज्यों में लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रदेश को सशक्त, सक्षम और स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि 2003 के पहले प्रदेश को बीमारू राज्य के नाम से देश भर में जाना जाता था, लेकिन अब विकसित राज्य के तौर पर जाना जाता है।

### अब प्रदेश कृषि के क्षेत्र में प्रदेश अव्वल बन गया है

श्री शर्मा ने कहा कि गेहूं निर्यात में 45प्रतिशत की भागीदारी के साथ मध्य प्रदेश प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि 2023 में सिंचाई केवल 7 लाख हेक्टेयर में होती थी,लेकिन अब 45 लाख हेक्टेयर में होती है। श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता के मामले में इंदौर छटवीं बार पहले स्थान पर आया। प्रदेश के शहरों और गांवों में भी स्वच्छता की दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश ने वापस टाइगर स्टेट का तमगा हासिल किया है। पन्ना क्षेत्र में करीब 100 टाइगर और प्रदेश में यह आंकड़ा 526 से बढ़कर 725 तक पहुंच गया। महिलाओं को सम्मान प्रदेश में भाजपा का अभिमान है और मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में हमारी बहनों को पहले 1 हजार रुपये देने का ऐलान किया था।

कांग्रेस ने लगाया आरोप, राजनैतिक दबाव में इंदौर कलेक्टर

# विजयवर्गीय के खिलाफ अपराधिक आरोप, फिर भी निरस्त नहीं किया नामांकन



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इंदौर क्रमांक 1 से भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों को लेकर उस पर कांग्रेस द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों को दरकिनार कर निर्वाचन अधिकारी और इंदौर कलेक्टर ने उनके नामांकन को रद्द नहीं किया। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने आज पत्रकारों को बताया कि विजयवर्गीय के खिलाफ पीड़ित महिला ने पश्चिम बंगाल में गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया था, जिस पर हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे और सुप्रीम कोर्ट ने भी विजयवर्गीय को कोई राहत न देते हुए उच्च न्यायालय के निर्णय को उचित ठहराया था।

इस मामले में जमानती गिरफ्तारी वारंट पर न्यायालय में उपस्थित न होने पर विजयवर्गीय को न्यायालय द्वारा फरार घोषित कर उनके नाम पर स्थायी वारंट जारी कर दिया गया। वहीं विजयवर्गीय के खिलाफ छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता कनक तिवारी ने मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे मे निर्धारित प्रकिया के अनुसार विजयवर्गीय के नाम पर समन जारी किया गया। इस समन की तामिली होने के उपरांत भी जब वे न्यायलय में उपस्थित नही हुए तो उनके नाम पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। इन आपराधिक मामलों की जानकारी विजयवर्गीय ने शपथ पत्र में नहीं दी। कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला की ओर से इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी, जिसे इंदौर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी खारिज कर दिया। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा की गई आपत्तियों को दरकिनार कर उनके नामांकन को वैध करार दे दिया, जो सरासर अनुचित है। श्री मिश्रा ने आरोप लगाया कि कलेक्टर राजनीतिक दवाब में काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जब भोजपुर, चुरहट और खरगापुर में निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अन्य प्रत्याशियों की आपत्तियों पर फैसला लेकर नामांकन होल्ड कर सकते हैं, तो कलेक्टर गंभीर आपराधिक मामलों में फैसला क्यों नहीं ले सकते।

राहुल ने तेलंगाना में केसीआर पर साधा निशाना

# केसीआर सरकार भ्रष्टाचार में है लिप्त



**कोल्लापुर, एजेंसी।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय मोड में दिखाई दे रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर बीआरएस सरकार पर निशाना साधा है। बीआरएस सरकार पर कांग्रेस ने जमकर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि बीआरएस सरकार बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को धोखा दिया है।

राहुल गांधी मंगलवार को तेलंगाना के कोल्लापुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना एक विश्वासघात है। यह पैसा आपका और आपके भविष्य का है। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के गरीबों, किसानों, मजदूरों से एक लाख करोड़ रुपऐ चुराए हैं। बैराज के खंभे अब टूट रहे हैं। तेलंगाना में प्रत्येक परिवार को 2040 तक लगभग 31,000 रुपए का बोझ उठाना होगा। तेलंगाना के लोगों का पूरा पैसा केसीआर के परिवार के हाथों में जा रहा है। गांधी ने आगे कहा कि अगर कांग्रेस इस बार सत्ता में आती है तो केसीआर द्वारा चुराया गया पैसा जनता वापस करेगी। तेलंगाना की जनता ने दोराला तेलंगाना नहीं बल्कि जनता के तेलंगाना का सपना देखा था। राज्य में इस बार कांग्रेस और बीआरएस के बीच मुकाबला नहीं है। बल्कि, असल मुकाबला दारोला तेलंगाना (सामंतों) और प्राजला तेलंगाना (जनता का तेलंगाना) के बीच है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो जनता की अकांक्षाओं के लिए काम करेगी, जिसके लिए तेलंगाना का गठन किया गया था। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोगों की इच्छाओं का ख्याल और उनका सपना पूरा करवाया।

**भाजपा-ओवैसी पर भी साधा निशाना**-राहुल गांधी ने कहा कि आज सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों के खिलाफ सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों जांच कर रही हैं लेकिन केसीआर के खिलाफ कोई भी एजेंसी जांच नहीं कर रही। केसीआर ने जीएसटी और कृषि कानूनों सहित लोकसभा में भाजपा का समर्थन किया था। अगर आप बीजेपी और एआईएमआईएम को वोट देंगे तो मदद बीआरएस को मिलेगी।

**मिजोरम के लिए सोनिया ने जारी किया वीडियो**- मिजोरम विधानसभा की 40 सीटों पर आगामी 7 नवंबर को चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य की सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट पार्टी का जोरम पीपल्स मूवमेंट और कांग्रेस के साथ कड़ा मुकाबला है।

एडीआर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# मप्र के 29 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले

■ **कांग्रेस के 16 भाजपा के 12 और बसपा के एक विधायक के खिलाफ हैं अपराधिक मामलें**

*जोगेन्द्र सोलंकी*

***नई दिल्ली, देशबन्धु।*** *जनता से भयमुक्त समाज का वायदा करने वाले राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में कितना अंतर है इसका खुलासा एडीआर की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट से हुआ है। मध्य प्रदेश की मौजूदा विधानसभा में 13 फीसदी यानि 29 विधायक ऐसे है जिनके खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए है।*

*एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने मध्य प्रदेश विधानसभा 2018 के 230 मौजूदा विधायकों के हलफनामों का विश्लेषण कर एक रिपोर्ट जारी की है। इन 230 मौजूदा विधायकों में से 29 मौजूदा विधायक ऐसे हैं जिनके खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 8(1) (2) और (3) के तहत आने वाले अपराधों के लिए अदालत ने आरोप तय किए है। बता दें कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 उन व्यक्तियों के लिए अयोग्यता निर्धारित करती है, जिन्हें संसद के किसी भी सदन का सदस्य या राज्य की विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य चुना जाता है । अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (1), (2) और (3) में प्रावधान है कि इनमें से किसी भी उप-धारा में उल्लिखित अपराध के लिए दोषी ठहराया गया व्यक्ति दोषी साबित होंने की तारीख से अयोग्य माना जाएगा और रिहाई के बाद से छह साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य रहेगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की तीनों उप धाराओं में आईपीसी के तहत आने वाले सभी अपराध शामिल होते हैं।*

*जिन मौजूदा 29 विधायकों के खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिए है उनमें कांग्रेस के विधायकों की संख्या सबसे अधिक यानी 16 है, इसके बाद भाजपा के 12 और बसपा के 1 विधायक हैं। हैरानी की बात ये हैं कि नागदा-खाचरौद निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक दिलीप गुर्जर के खिलाफ गंभीर अपराधों के मामलें अदालत में 17 साल से लंबित हैं। मानहानि के मामले में अमरपाटन सीट से बीजेपी विधायक रामखेलावन पटेल का मामला 16 साल से, रामपुर-बाघेलान से से भाजपा के विक्रम सिंह का मामला 15 साल से, तराना (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक महेश परमार का मामला 13 साल से और गोटेगांव (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नर्मदा प्रसाद प्रजापति का अपराधिक मामला बारह साल से अदालत में लंबित है। एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक 29 में से 10 विधायक ऐसे हैं जिनके खिलाफ दस साल से अधिक करीब बारह अपराधिक मामलें लंबित हैं। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज बताया कि प्रदेश में 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आधिकारिक जानकारी में श्री राजन ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5:30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5:30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा।*

*मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा। राजन ने बताया कि प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इसमें बालाघाट जिले के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 108-बैहर (अ.ज.जा.), 109-लांजी और 110 -परसवाड़ा के सभी मतदान केंद्र, मंडला जिले के 105-बिछिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के-47 मतदान केंद्रों पर, 107-मंडला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 8 मतदान केंद्रों तथा डिण्डोरी जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-104 डिण्डोरी के 40 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी।*

**कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-13, नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं./संभा.अधि./13/ मुख्यालय/ 2023 /24/एम/210 दिनांक 01.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. कुमारी वर्षा जोशी पुत्री-श्रीकृष्ण बसंत जोशी 2. श्रीमती सुनीता जोशी पति- श्री कृष्ण बसंत जोशी मकान नं. 459/919 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल.... द्वितीय तल 705 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व- निरीक्षक**
**संभाग क्रमांक 13,**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-13, नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं./संभा.अधि./13/ मुख्यालय/ 2023 /24/एम/209 दिनांक 01.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहित खत्री पिता श्री जेठानंद खत्री ने मकान नं. 302/बीटीएफ-03 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल.... तृतीय तल 750 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व- निरीक्षक**
**संभाग क्रमांक 13, नगर**
**निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/211 दिनांक 01.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. हरीश सेठी 2. दीपक सेठी दोनों के पिता स्व. श्री कूलभूषण लाल सेठी ने मकान नं. 939 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1600+400+400 व.फु. प्रथम तल 400 व.फु. विक्रय पत्र/ खसरे की नकल/ रिलीज डीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/198 दिनांक 01.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष मेहता पिता श्री जयंती भाई मेहता ने मकान नं. 255 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 1240 व.फु. भूतल 1000 व.फु. प्रथम तल 900 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं KALI DAS legally father of Army no JC583101M Rank SUB name VARINDER SHARMA, UNIT- 22 JAK RIF, Presently residing at Vill- KUNDE LALOWAL, PO- JANGAL, Teh- GURDASPUR, DISTT- GURDASPUR, (PUNJAB) PIN- 143531, शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा नाम KALI DAS से KALI DASS परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनांक 01/11/2023 नोटरी जबलपुर मप्र।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2711632K, RANK- GDSM, NAME- SANDEEP KUMAR THAKRE, UNIT- (24 GUARDS / 17 GRENADIERS) निवासी VILLAGE- RANKAKODI, POST- RANKAKODI, TEH- KIRNAPUR DISTT - BALAGHAT, STATE- (MP) PIN - 481115 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम SUSHEELA एवं मेरे पिताजी का नाम RATANLAL दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही नाम SUSHEELA BAI THAKRE एवं मेरे पिताजी का सही नाम RATANLAL THAKRE है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज हैं, एवं मेरी माताजी एवं मेरे पिताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

# बागियों को मनाने में जुटी कांग्रेस और भाजपा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही कांग्रेस और भाजपा को बागी नेताओं का रुख परेशान कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों ही दलों के कई नेताओं ने निर्दलीय अथवा छोटे दलों की ओर से बतौर उम्मीदवार नामांकन दाखिल किए हैं।राज्य में 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए 30 अक्टूबर तक नामांकन भरे गए हैं। नामांकन भरने वालों की संख्या 3,832 है, इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस और भाजपा के ऐसे असंतुष्ट नेता भी शामिल हैं जो टिकट न मिलने के चलते बागी हो गए हैं और उन्होंने नामांकन भी दाखिल कर दिया है।

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों को इन बागियों के मैदान में होने के कारण चुनाव में बड़े नुकसान की आशंका सता रही है। नामांकन वापसी की तारीख 2 नवंबर है, लिहाजा दोनों ही दल इन बागियों से सीधे संपर्क कर रहे हैं और उन्हें मनाने में जुटे हुए हैं। भाजपा की ओर से तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी कई ऐसे नेताओं से दूरभाष पर बातचीत की है जो नाराज होकर नामांकन भर चुके हैं।

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 02 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## और भी जानलेवा होती भारतीय सड़कें

एक ओर तो भारत सरकार सड़क यातायात को सुगम और सुरक्षित साबित करने के बड़े दावे करती है परन्तु वास्तविकता यह है कि भारतीय सड़कें बेहद असुरक्षित हैं जो हर रोज न जाने कितने लोगों के जीवन को लील रही है और लोगों को घायल कर रही हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जो आजीवन विकलांग या शारीरिक रूप से पूरी तरह असमर्थ हो जाते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत में 2022 के दौरान होने वाले सड़क हादसों को लेकर जो वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई है वह बेहद चिंताजनक है। स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में कहीं न कहीं औसतन हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें 19 लोगों की मौत हो जाती है। ये आंकड़े चेतावनी के रूप में लिये जाने चाहिये और इन दुर्घटनाओं को टालने के लिये असरकारी कदम उठाने होंगे। सड़कें न केवल सुरक्षित हों वरन वाहनों की स्थिति भी ठीक होना चाहिये तथा वाहन चालन भी दोषरहित हो तभी सड़क यातायात को सुरक्षित कर नागरिकों के अमूल्य जीवन बचाये जा सकते हैं।

हर वर्ष राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों द्वारा ऐसी रिपोर्ट जारी होती है। साल 2022 के आंकड़े सड़क दुर्घटनाओं और उनके चलते होने वाली मौतों की संख्या व घायलों की तादाद में बड़ी बढ़ोतरी को दर्शाते हैं। ये आंकड़े एशिया पेसिफिक रोड एक्सीडेंट डाटा के अंतर्गत जारी किये गये हैं। इसके अनुसार साल 2022 के दौरान देश भर में 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1,68,491 लोगों की मौत हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए। उसके पहले साल की तुलना में दुर्घटनाएं 11.9 प्रतिशत बढ़ी हैं। 9.4 फीसदी अधिक लोगों की मृत्यु हुई जबकि घायलों की संख्या के लिहाज से यह 15.3 प्रश की वृद्धि है।

रिपोर्ट में सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण निर्धारित गति से भी तेज चालन, नशे में गाड़ी चलाना और यातायात नियमों का अनुपालन न करना बताया गया है। सड़क हादसों को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने की ज़रूरत बतलाई गई है। उनके लिये शैक्षणिक व प्रशिक्षण अभियान भी आवश्यक बताये गये हैं। सवाल तो यह है कि कुछ वर्षों पहले भारत सरकार ने नियम तोड़ने वालों के लिये बड़े जुर्माने निर्धारित किये थे। विशेषज्ञों ने तभी यह राय जाहिर की थी कि भारी-भरकम आर्थिक दण्ड की बजाय जागरूकता बेहतर उपाय है। मंत्रालय का यह भी दावा रहा है कि सड़क हादसों को रोकने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं जिनमें मंत्रालय द्वारा वाहन चालकों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। इसके अलावा वह सड़कों की गुणवत्ता, वाहन के मानक, यातायात नियमों का कड़ाई से अमल सहित दुर्घटनाओं को रोकने के अन्य पहलुओं पर काम करने का दावा भी करती रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मिलकर काम करने की ज़रूरत भी बतलाई गई है। मंत्रालय ने कई अन्य संबंधित संगठनों के साथ मिलकर इन्हें रोकने की ठानी है। इस कार्यक्रम को 4ई का नाम दिया गया है, जिसमें शिक्षा (एजुकेशन), इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन दोनों), प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) और आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसी केयर) शामिल हैं। मंत्रालय का यह भी दावा है कि वह सड़क सुरक्षा ऑडिट कराने जा रही है। इस क्षेत्र में कई तरह के शोध, अध्ययन आदि भी किये जा रहे हैं ताकि सड़कों को पूर्णत: निरापद बनाया जा सके।

यह रिपोर्ट बहुत ही चेतावनी भरी है। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह सभी आवश्यक कदम उठाये। देखा तो यह जाता है कि सरकारों की रुचि केवल सड़कों के अनावश्यक रूप से चौड़ीकरण और फोर लेन या सिक्स लेन बनाने में रहती हैं। ये सड़कें परिवहन का समय घटाने और हादसों को रोकने के नाम पर चौड़ी तो कर दी जाती हैं लेकिन दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं हो पाती। सफर में लगने वाला वक्त ज़रूर घट जाता है परन्तु वह इकलौता लाभ पर्याप्त नहीं है। देखा यह भी गया है कि वाहन चलाने वाले और रास्तों पर चलने वाले कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि रास्तों के किनारे रहने वाले भी दुर्घटनाओं की आशंका में जीते हैं।

हाल के वर्षों में वाहनों की गुणवत्ता भी काफी सुधरी है परन्तु यह भी सच है कि उसकी गति में भी इज़ाफ़ा हुआ है। तिस पर बेहतरीन व चौड़ी सड़कें पाकर वाहनों को फर्राटा गति से दौड़ाने का लालच भी बढ़ा है। समस्या यह है कि सड़कों पर चलने-चलाने का शऊर अब तक भारत के लोगों में विकसित हो नहीं पाया है। सरकार को लगता है कि केवल बड़ी राशि का जुर्माना ठोंककर समस्या से निज़ात पाया जा सकता है। कुछ बड़े व अनुशासनप्रिय शहरों में तो यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर निगरानी रखी जाती है लेकिन छोटे शहरों, कस्बों व गांवों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित या बाध्य किया जा सके। परिवहन व यातायात के तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर वाहन दौड़ते नज़र आते हैं। हेलमेट व सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन दौड़ते हैं, बाईं ओर चलना अब तक देश ने सीखा ही नहीं, गलत ओवरटेकिंग करना व कट मारना लोगों का खास शगल है। निर्धारित संख्या से अधिक लोगों को ठूंसकर वाहन चलते हैं। निर्धारित गति से अधिक तेज़ रफ्तार के कारण सड़क के किनारे पलटी हुई गाड़ियां और उनके कारण मरने वाले व घायल होते लोगों के मंज़र स्वयं ही बतलाते हैं कि भारतीय सड़कें कितनी निरापद हैं।

# चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

बीते शुक्रवार को कंगना रनौत की फिल्म तेजस रिलीज हुई, और बुरी तरह पिट गई। फिल्मों का फ्लॉप होना कोई अनहोनी नहीं है। तीसरी कसम जैसी उत्कृष्ट फिल्म को भी दर्शकों ने नकार दिया था, लेकिन बाद में उसकी सार्थकता समझ आई। वैसे तेजस की कोई तुलना कालजयी रचना तीसरी कसम से नहीं की जा सकती, न ही ये कहा जा सकता है कि इस फिल्म का भविष्य क्या होगा। फिलहाल तो ये देखकर आश्चर्य हुआ कि जिस फिल्म को लोग थियेटर में देखने नहीं जा रहे, जिस फिल्म के कई शो दर्शकों की गैरमौजूदगी के कारण रद्द करने पड़े, उसे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पूरी योगी केबिनेट ने लखनऊ में लोकभवन में की गई स्पेशल स्क्रीनिंग में देखा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के आखिरी दृश्यों में योगीजी के आंसू भी निकल आए। इस स्पेशल स्क्रीनिंग की जगह अगर ये दोनों मुख्यमंत्री अपनी केबिनेट के साथ सिनेमा हॉल जाकर ही फिल्म देख लेते तो थियेटर वालों की कमाई भी हो जाती साथ ही इस पर जनता के पैसों से हुआ खर्च भी बच जाता।

खैर, दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ फिल्म देखने के लिए कंगना रनौत भी मौजूद थीं और इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महाराज जी ने इस फिल्म को देखा और सराहा, इससे उन्हें कितनी खुशी हुई है। इसके साथ ही कंगना ने इस फिल्म को न देखने वालों को एंटी नेशनल भी करार दिया। कंगना के विचार सुनने के बाद लगा कि क्या अब इस देश में मनोरंजन का हक भी जनता से छीन लिया जाएगा। क्या अपनी मर्जी से लोग ये भी तय नहीं कर पाएंगे कि कौन सी फिल्म उन्हें देखनी है और कौन सी नहीं। खबर है कि अहमदाबाद में तेजस जिस थियेटर में लगी थी, वो पूरा खाली था, तो क्या कंगना अब अहमदाबाद की जनता को राष्ट्रविरोधी कह देंगी।

वैसे बीते शुक्रवार फिल्म की निराशाजनक शुरुआत के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर आकर लोगों से नाटकीय तरीके से अपील की कि उनकी फिल्म को लोग थियेटर में जाकर देखें। कंगना ने अपनी बात में वजन डालने के लिए कोरोनाकाल के बाद की दुश्वारियों और फिल्म उद्योग की परेशानियों का जिक्र भी किया, हालांकि उनकी ये अपील हास्यास्पद ही लगी, क्योंकि कोरोना के बाद पठान और गदर 2 जैसी फिल्मों ने खूब कमाई की है। जबकि कंगना रनौत की फिल्में लगातार पिट रही हैं और इसकी एक ही वजह हो सकती है कि दर्शक उनमें उत्कृष्टता की कमी महसूस कर रहे होंगे। दर्शक हो या जनता लोकतंत्र में उनके मन की बात ही सुनी जानी चाहिए। मगर 2014 के बाद जो तथाकथित आजादी देश को मिली है, उसमें दर्शकों और जनता की आजादी पर पहरे बिठाए जा रहे हैं। कंगना ने अपनी फिल्म को देखने की अपील के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों से अपने फैन क्लब से जुड़ने की अपील भी की और इसके अलावा अपने साथ न जुड़ने वाले लोगों को एक तरह से बद्दुआ देते हुए लिखा कि, 'वे सभी लोग जो मेरा बुरा चाह रहे हैं, उनका जीवन हमेशा दुखों से भरा ही रहेगा, क्योंकि उन्हें जीवन भर हर दिन मेरा गौरव ही देखना होगा।'

कंगना रनौत जाहिर तौर पर ये सब प्रचार के लिए कर रही हैं और उनसे पहले भी खुद को लाइमलाइट में लाने के लिए ऐसे अतरंगी तरीके दूसरे कलाकार अपनाते रहे हैं। अब तक ऐसे कलाकारों का मखौल बनाया जाता रहा है। लेकिन कंगना रनौत के मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता, क्योंकि सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद जिस तरह वो कभी इजरायली राजदूत से मिल रही हैं, जैसे उनकी फिल्म को देखने पूरी यूपी सरकार पहुंच रही है, उससे समझ आता है कि इस प्रचार-प्रसार के पीछे कोई राजनैतिक खेल छिपा हुआ है। कंगना बार-बार कम उम्र में घर छोड़कर निकलने और अपने संघर्षों का हवाला देकर बताती हैं कि अपना जीवन उन्होंने खुद संवारा है। छोटे शहर की लड़की होने के बावजूद अपनी मेहनत से शोहरत हासिल करना अच्छी बात है। लेकिन ये चारित्रिक दृढ़ता बरकरार भी रहना चाहिए। आपकी फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया तो आप उन्हें राष्ट्रविरोधी कह देंगी, ये तो गलत बात है। मगर राष्ट्रवाद की अफीम का सेवन जिन लोगों ने कर लिया है, उन्हें इस चारित्रिक कमजोरी में भी देशप्रेम ही दिखेगा।

वहीं दूसरी ओर हैं दीपिका पादुकोण, जिन्होंने फिल्म जगत में अपनी मेहनत से ही नाम कमाया है। दीपिका की फिल्म पद्मावत को लेकर किस तरह का बवाल पूरे देश में खड़ा किया गया था, यह सभी को याद होगा। इसके बाद दीपिका की जेएनयू में छात्रों के साथ खड़ी तस्वीर भी बहुत से लोग नहीं भूले होंगे। 2020 में जेएनयू के छात्रों पर नकाबपोश लोगों के हमले के बाद दीपिका जेएनयू पहुंची और चुपचाप प्रदर्शन करने वाले छात्रों के बीच खड़ी रहीं। उनकी चारित्रिक दृढ़ता का एक बड़ा उदाहरण सामने आया। लेकिन दीपिका को केवल इसलिए निशाने पर लिया गया, क्योंकि उन्होंने अपने समकालीन बहुत से कलाकारों की तरह मोदी सरकार की जी हुजूरी नहीं की। दीपिका अब भी वही कर रही हैं, जो उन्हें ठीक लगता है। जैसे कॉफी विद करण शो में अपने पति रणवीर सिंह के साथ पहुंची दीपिका ने शादी के पूर्व के अपने संबंधों, मानसिक स्वास्थ्य, डिप्रेशन पर खुलकर बात की। इस पर दीपिका को चरित्रहीन ठहराने की मुहिम सोशल मीडिया पर चल गई। दो वयस्क, जो लंबी दोस्ती के बाद अब पति-पत्नी हैं, खुलकर अपने संबंधों पर बात कर रहे हैं, तो इसमें चरित्रहीनता की बात कहां से आ गई। दीपिका और रणवीर की जिंदगी में उनके आपसी संबंध कैसे रहे और कैसे आगे बढ़े, ये उनका निजी मामला है, जिस पर कुछ बोलने या न बोलने का हक उनका है, दूसरों का कोई हक नहीं बनता कि इसमें किसी को चारित्रिक प्रमाणपत्र दें। विडंबना ये है कि विश्वगुरु बनने के लिए अब भारत ने मध्यकालीन संकीर्णताओं की गलियों से गुजरना शुरु कर दिया है, जहां किसी महिला के चरित्र की मजबूती उसके संबंधों के आधार पर तय की जाती है। उसकी आत्मनिर्भरता और मुद्दों पर स्वतंत्र राय से पुरुष सत्तात्मक समाज तिलमिला जाता है। यहां सिंदूर और खाली प्लॉट जैसी बेहूदगी भरी बातों पर लोगों को गुस्सा नहीं आता, लेकिन एक महिला ने शादी के पहले के अपने जीवन पर कुछ खुलासा कर दिया, तो उन्हें तकलीफ हो जाती है।

**महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है।**

दरअसल महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है, इसलिए इनके चरित्र हनन की कोशिशें जारी रहती हैं। मगर ट्रोलर्स यहां भी मार खा जाते हैं। क्योंकि दो लोगों के बीच संबंधों के आधार पर किसी का चरित्र तय करने वाले ये समझ ही नहीं पाते कि चरित्र सच्चाई, ईमानदारी, बुलंद हौसले, दृढ़ इच्छाशक्ति जैसे चुनिंदा अवयवों से मजबूत बनता है और जहां इन अवयवों का अभाव होता है, वहां चरित्र कमजोर पड़ जाता है।

कबीर दास जी ने समाज को बहुत पहले चरित्रचित्रण और परीक्षण का तरीका समझा दिया था। कबीर ने कहा था-

सोना सज्जन साधु जन, टूटि जुरै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुम्हार के, एकै धका दरार॥

तो कंगना हो या दीपिका, संघर्ष तो सबके जीवन में रहा है। लेकिन यह उनका चयन है कि सौ बार धक्का खाने के बावजूद वो खुद को जोड़ने की हिम्मत रखती हैं या एक धक्का खाकर ही दरार को भरने के लिए सत्ता का फेवीकोल लेने सरकार की शरण में पहुंचती हैं।

# रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती

■ **नन्तू बनर्जी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात से राहत नहीं मिल सकती कि सरकार का सबसे बड़ा सार्वजनिक संपर्क भारतीय रेलवे खराब स्थिति में है। भारत का रेलवे नेटवर्क, जिसे एकल प्रबंधन के तहत दुनिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रणालियों में से एक माना जाता है, प्रतिदिन लगभग 240 लाख यात्रियों को अपने गन्तव्य तक ले जाता है। राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है।

रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था। उनमें लाल बहादुर शास्त्री, बाबू जगजीवन राम, गुलज़ारीलाल नंदा, कमलापति त्रिपाठी, एस.के.पाटिल, मधु दंडवते, ए.बी.ए. गनी खान चौधरी, लालू प्रसाद यादव, जॉर्ज फर्नांडीस, नीतीश कुमार और ममता बनर्जी शामिल थे।

**राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है। रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था।**

अधिकांश रेल यात्री लंबी दूरी के यात्री हैं। वे देश के हर हिस्से और भारतीय समाज के हर वर्ग से संबंधित हैं। दुर्भाग्य से, रेलवे आज इन यात्रियों को बहुत कम सुविधा प्रदान करता है। रेलगाड़ियां मुश्किल से ही समय पर चलती हैं। कोच और शौचालय गंदे रहते हैं। यहां तक कि हाई-प्रोफाइल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें भी अच्छी सीटें, स्नैक ट्रे, स्वच्छ शौचालय और खाने की चीजें उपलब्ध कराने में विफल रहती हैं, जिसके लिए यात्रियों को टिकट बुक करते समय भारी कीमत चुकानी पड़ती है। राज्यों की राजधानियों को दिल्ली से जोड़ने वाली राजधानी एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की ट्रेनें भी खस्ताहाल हैं। न्यूनतम यात्री सुविधा के लिए कोचों, सीटों, शौचालयों और खानपान जैसी सेवाओं और रख-रखाव पर बहुत कम खर्च किया जाता है।

फिर भी प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत में यात्रियों की बढ़ती शेड्यूल और शौचालय की खराब स्थिति के संबंध में यात्रियों की बढ़ती असुविधाओं के बारे में कोई चिंता नहीं है। फरवरी 2019 में लॉन्च किये गये, स्वदेशी रूप से विकसित सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत के 25 ट्रेन सेट वर्तमान में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े रेल नेटवर्क के विभिन्न मार्गों पर 50 सेवाएं संचालित कर रहे हैं। रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में 75 ट्रेन सेट या 150 सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

रेल यात्रा असुरक्षित भी हो सकती है। रेलवे ऐसी जानकारी कम ही साझा करता है। एक आरटीआई के जवाब में सार्वजनिक किये गये आंकड़ों के अनुसार, 2009 और 2018 के बीच रेल यात्रियों द्वारा 1.71 लाख से अधिक चोरी के मामले दर्ज किये गये। 2014 के बाद से चोरी के मामले काफी बढ़ गये हैं। 2018 में चोरी के मामले 36,584 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। हालांकि, पिछले चार वर्षों में चोरी के मामलों का कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। देश भर में ट्रेनों में चोरी की घटनाएं पिछले वर्ष की तुलना में 2017 में दोगुनी हो गईं, जबकि डकैती के मामलों में लगभग 70प्रतिशत की वृद्धि हुई। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश उन राज्यों की सूची में शीर्ष पर हैं जहां सबसे अधिक अपराध दर्ज किये गये।

आम तौर पर, भारत का रेल सुरक्षा रिकॉर्ड ख़राब है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में लगभग 18,000 रेलवे दुर्घटनाओं में 16,000 से अधिक लोग मारे गये। मालगाड़ी के बारे में जितनी कम बात की जाये, वह बेहतर है। पिछले साल रेलवे ने 2038.8लाख टन माल ढुलाई की। रेलवे द्वारा ढोई जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कोयला, लौह अयस्क, खाद्यान्न, लोहा और इस्पात, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक और कंटेनरीकृत यातायात हैं। कोयला और खाद्यान्न जैसी वस्तुओं की चोरी आम बताई जाती है। मालगाड़ियों का समय-सारणी ट्रैक की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

वंदे भारत जैसी नयी ट्रेनों की शुरूआत और स्पीडरनिंग हमेशा सुर्खियों में रहती है। कुछ लोग रेलवे ट्रैक, इंटरलॉकिंग और सिग्नलिंग सिस्टम की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। सरकार का महंगा रेल आधुनिकीकरण कार्यक्रम बाहरी हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। दशकों में देश की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद इस कार्यक्रम की गहन जांच की जा रही थी, जिसमें 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की टक्कर के बाद कम से कम 275 लोगों की जानें चली गयीं और 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये। गलत ट्रैक और एक मालगाड़ी से टकराने से पहले दूसरी यात्री ट्रेन के मलबे से टकराने की घटना घटी। हालांकि, जनता की याददाश्त कमज़ोर है। कुछ ही हफ्तों में ट्रैक की मरम्मत कर दी गई। मार्ग सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। 60,000 किलोमीटर से अधिक लंबे ट्रैक वाले दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए ट्रेनें एक आवश्यक जीवन रेखा रही हैं।

पिछले साल, आधुनिकीकरण योजना के हिस्से के रूप में नयी ट्रेनों और स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर खर्च किया गया था, जिसका लक्ष्य 2024 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण और 2030 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य है। 65.8 प्रतिशत पर, भारत अपने नेटवर्क का एक उच्च अनुपात में विद्युतीकरण का दावा करता है जबकि यह फ्रांस में 60 प्रतिशत या यूके में 38 प्रतिशत है। 2022-23 में अब तक का सबसे अधिक 2,03,983 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हासिल किया गया। रेलवे का पूंजीगत व्यय 2013-14 में 53,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 2,60,200 करोड़ रुपये हो गया है।

फिर भी, तथ्य यह है कि सरकार ध्यान आकर्षित करने वाली बड़ी बातों को प्राथमिकता दे रही है। जैसे-मौजूदा स्टॉक में कम ग्लैमरस अपग्रेड की कीमत पर ईटी परियोजनाएं। ऐसा कहा जाता है कि कपूरथला कोच फैक्ट्री में विनिर्माण में बड़ी देरी की खबरों के बीच रेलवे 2030 तक 800सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन सेट के साथ अपने आधुनिकीकरण कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ायेगा। मौजूदा कोचों के ख़राब मानकों के बारे में क्या? बाद वाले को और अधिक तत्काल बदलने की आवश्यकता है। इस ओर अधिकारियों का ध्यान कम है। यात्री सेवाएं, विशेषकर लंबी दूरी की ट्रेनों में, गिरावट जारी है।

यात्री ट्रेन सेवाओं के संचालन के मानक में भारी गिरावट रेलवे द्वारा 2017-18 से चलाये जा रहे तरीकों का परिणाम हो सकती है, जब सरकार ने रेल बजट को केंद्रीय बजट में विलय करने का फैसला किया, जिससे 92 साल पुरानी अलग बजट की प्रथा समाप्त हो गई। देश के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर को एक विशेष पहचान प्रदान करने वाला था एक अलग बजट। रेलवे के पास अब कोई पूर्णकालिक स्वतंत्र मंत्री भी नहीं है।

2.5 लाख करोड़ रुपये के रेलवे विभाग का नेतृत्व अश्विनी वैष्णव के पास है, जो तेजी से बढ़ते 90,000 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और संचार विभाग - तीनों का एक केंद्रीय मंत्री के रूप में नेतृत्व करते हैं। एक पूर्व आईएएस अधिकारी से राज्यसभा सांसद बने, वैष्णव एक ही समय में 39वें रेल मंत्री, 55वें संचार मंत्री और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं।

इस तरह की असंबद्ध हाई-प्रोफाइल एक साथ पोर्टफोलियो साझा करने की व्यवस्था अपरिहार्य आपदा के लिए एक नुस्खा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि स्वयं मंत्री की योग्यता कितनी अधिक है। इससे आपदा से बचना संभव नहीं है। इस प्रकार, कुछ लोग रेलवे के परिचालन प्रदर्शन में गिरावट और यात्री सुविधाओं में गिरावट के लिए वैष्णव को भी दोषी ठहरा सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# भगवान का आशीष

राष्ट्रीय कवियत्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान ने मनुष्य जीवन के बाल्यकाल बचपन के समय को जीवन का श्रेष्ठ काल या यूं कहें कि स्वर्णिम समय निरूपित करते हुये यह शब्दांकित किया है कि-

मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी
नंदन वन सी चहक उठी, वो छोटी सी कुटिया मेरी।

यहां जो बचपन है उसकी बहुत प्यारी छबि अंकित की गई है। जो हमेशा पक्षियों के कलरव से संगीतमय रहता है, जो सदा सुरभित, सुशोभित है। जहां शुद्ध-स्वच्छ हवा वृक्ष के कोमल पत्तों से,पुष्पों से अठखेलियां करती है, उस नंदन वन से बचपन को उपमा दी गई है। यहां एक बात गौर करने बाली है वह यह कि बचपन किसी एक को नहीं सबको प्यारा लगता है। आपको, हमको अपना अपना बचपन याद आता है, माता -पिता को अपनी संतान प्यारी लगती है, दादा दादी को नाती-पोतों के बचपन की मधुर स्मृतियां आनंद अनुभूति देती हैं। कहने का तात्पर्य यह कि बचपन किसी का भी हो मनुष्य का, पक्षी का, पशु का या अवतार पुरुष जगत के ईश्वर जगदीश्वर का, सदा से ही श्रेष्ठ रूप में जीवन के काल में प्रतिष्ठित है। चूंकि बचपन उत्तम है, नाजुक है, निश्चल है, निष्कपट है या एक शब्द में कहें कि अत्यंत ही भोला है, अत: इसका भटक जाना या इसके भोले मन बुद्धि पर गलत मार्ग अंकित हो जाना या किसी गलत कार्य के प्रभाव क्षेत्र में आ जाना संभव है। अत: बचपन की देखरेख, उसका संरक्षण अति महत्वपूर्ण है। बचपन में मन पर पड़ा प्रभाव जीवन पर्यंत हमारे मन पर रहता है। इसीलिए जिंदगी में इस बात की बहुत अहमियत है कि बचपन में क्या सीखा, बचपन का साथी कौन है, बचपन किसकी गोद में बड़ा हो रहा है, बचपन किसकी छत्रछाया में निखर रहा है? उपरोक्त प्रश्नों की महत्ता को समझने के लिये आइये हम अपने बचपन को याद करें। हमसे जब बचपन में कोई भूल होती थी, हम अपने को बचाने, निर्दोष साबित करने जब झूठ बोलते थे, किसी का अपमान कर देते थे या ऐसा कोई कार्य हो जाता था जो अशोभनीय हो, गलत हो, अकरनीय हो तब हमारे ऊपर किस तरह हमसे बड़ों का क्रोध उतरता था वह तो एक बात है, पर गौर करने बाले वे कोप मिश्रित शब्द हैं जो हमारे गलत कृत्य पर कहे जाते थे, वे यह कि इसने यह गलत कार्य कैसे कर दिया? हमने तो सिखाया नहीं, जरूर इसका साथ किसी गलत प्रवृति वाले दोस्त से हो गया है, अवश्य ही इसकी संगति बुरे लोगों से है, यह खराब संगति का शिकार हो गया है। ये जो संगति या साथ है इसको हमारे पूर्वज, हमारे माता-पिता बचपन को संवारने का, निखारने का, न केवल सिर्फ बचपन को अपितु सम्पूर्ण जीवन को सुसंस्कृत बनाने का, जीवन को सार्थकता प्रदान करने का मूल आधार मानते थे, कहने का मतलब सबसे कारगर तरीका मानते थे। समाज मनीषी और सन्त लोग तो कहते हैं कि बचपन कच्चा घड़ा होता है, उसकी घड़ाई, उसका निर्माण ठीक उस तरह होना चाहिये जैसे कुम्हार अपने घड़े को बनाता है। घड़ा बनाते समय कुम्हार ऊपर से ठोकता है, उसको चपत लगाता है, उस पर शक्ति से हाथ चलाता है,पर अन्दर से दूसरा हाथ लगाकर वह घड़े की माटी को साधे रहता है, अंदर की माटी को सहारा दिये रहता है ताकि अंदर से माटी गिरे न, भस्के न। कुम्हार द्वारा घड़े को बाहर से कूटना और अन्दर से सम्हालने का संकेत है कि कच्चा घड़ा बनाते वक्त न टूटे और बाहर से कूटने का संकेत है कि घड़ा पकने के बाद कभी न बिखरे। इसको इस नजरिये से देखिये कि बचपन कच्चा होता है तब भी न खराब हो और बचपन जब बड़ा हो जाय तब भी न फूटे, न बिखरे और ये तभी हो सकता है जब बचपन की संगत कुम्हार जैसे रचनाधर्मी सृजनकर्ता से हो जो हमेशा-हमेशा के लिए बचपन को तराश कर हीरा बना दे। इसीलिए ज्ञानी जन संगति को, सत्संग को भगवान का आशीष मानते हैं।

**गिरिराज चाचा**

## आपके पत्र

# भारतीय सेना के पासंग भी नहीं है इस्त्राइली सेना

अक्सर भारतीय मीडिया, रक्षा विशेषज्ञ, इंटलेक्चुअल्स, लीडर, एवं आवाम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आम विमर्श और व्यक्तिगत बहसों में इस्त्राइली सेना का गुणगान और भारतीय सेना से उसकी तुलना करते रहते हैं। इस तुलना में वो इस्त्राइली सैन्य कार्रवाहियों के मोह में बंध कर अति उत्साह में कई बार उसे भारतीय सेना से भी बेहतर बताने लगते हैं। लेकिन यह तुलना ही हास्यास्पद और बेमानी है। इस्त्राइली सेना को एक जरा से भू-भाग(हमारे मणिपुर से भी कम) और महज 90 लाख नागरिकों की सुरक्षा करना है और वह भी अपने आक़ा अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस,जर्मनी और इटली जैसे दर्जनों शक्तिशाली, साधन-संपन्न, अत्याधुनिक हथियारों और परमाणु शक्ति से लैस मित्र राष्ट्रों के संरक्षण और वरदहस्त के दम पर। यह सब होने के बाद भी इस्त्राइली सेना,उसका सुरक्षा तंत्र और उसका बहुचर्चित खुफ़िया संगठन 'मोसाद' इस बार सोता हुआ पाया गया जिसकी बहुत बड़ी क़ीमत निर्दोष इस्त्राइली नागरिकों को चुकानी पड़ी है।

इसके बरअक्स उसके ख़िलाफ़ लड़ने वाले फिलिस्तीनियों के पास तो अपनी ज़मीन भी नहीं है। वहां के आतंकवादी संगठन हमास में इतना दम नहीं है कि वह आधुनिक इस्त्राइली सेना को परास्त कर सके। वह बस इसी तरह आकस्मिक हमले कर इस्त्राइल को कुछ नुक़सान पहुंचा सकता है और सम्भावित अरब-इस्त्राइल शांति वार्ताओं को पटरी से उतार सकता है। जिसका ख़ामियाजा हमेशा अंतत: निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों, महिलाओं और विशेषकर बच्चों को अपनी जान गंवा कर उठाना पड़ा है। इस बार भी वही इतिहास दोहराया जा रहा है।

इस्त्राइली सेना के दायित्वों की तुलना में हमारी सेना को 140 करोड़ नागरिकों और एक वृहद् भू-भाग की सुरक्षा सिर्फ़ और सिर्फ अपने दम पर सुनिश्चित करनी होती है। हमारे दायें-बाएं - दोनों और परमाणु शक्तिसम्पन्न शत्रु देश हैं जिनमें चीन तो सबसे साधनसंपन्न ख़तरनाक़ विनाशकारी आयुधों वाली बड़ी सेना का अधिपति है। दरअसल इस्त्राइल की सैन्य क्षमता और दायित्व हमारी सैन्य क्षमता और जिम्मेदारियों को देखते हुए हमारे मुक़ाबले कुछ भी नहीं है। शांति काल में भी प्राकृतिक आपदाओं और आंतरिक ज़रूरतों में भारतीय सेना ने अपने सेवा कार्यों और राहत अभियानों में हमेशा उच्च मानदण्ड स्थापित किये हैं।

तुलना करते समय इस बात का भी ख़याल रखें कि इस्त्राइल की स्थापना के बहुत पहले प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में भारतीय सेना ने अंग्रेजी सेना के साथ मिलकर सात समुंदर पार तमाम विपरीत परिस्थितियों और हाड़ गला देने वाली ठंड में लड़ते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए थे। आज़ादी के फौरन बाद 1948 में तथा 1965, 1971 और सियाचिन के युद्धों में पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त किया। इसमें 1971 में पाकिस्तान को दो भागों में बांटने और उसके 93 हज़ार सशस्त्र सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए बाध्य करने का अभूतपूर्व पराक्रम भी शामिल है। दुनिया में जहां कहीं भी देशों में आंतरिक संघर्ष और अशांति हुई है संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के रूप में भारतीय सैनिकों की तैनाती की मांग की जाती है। इसका कारण यह है कि भारतीय सेना ने कहीं भी और कभी भी अपने अभियानों में निर्दोष नागरिकों,बच्चों,बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना नहीं बनाया तथा शत्रु देशों के नागरिकों के साथ हमेशा मानवीय मूल्यों और सैन्य आदर्शों को तरज़ीह दी है। इसके विपरीत इस्त्राइली सेना ने अपने अभियानों में कभी शुचिता और सैन्य मर्यादाओं का पालन नहीं किया।

इस्त्राइल की सेना का जितना चाहें गुणगान करें पर निवेदन है कि ऐसा करते हुए यह ध्यान रखें कि हमारी महान सेना की अवमानना न हो।

**-मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग़**

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## स्क्रूटनी में 22 उम्मीदवारों के नामांकन निरस्त, अब 96 प्रत्याशी मैदान में

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों के नामांकन के बाद मंगलवार को दोपहर 3 बजे तक स्क्रूटनी हुई। इसमें सभी 8 सीटों के 22 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किए गए, जिसके बाद कुल 96 प्रत्याशी मैदान में बचे हुए हैं। हालांकि इसे अंतिम सूची नहीं माना जा सकता, क्योंकि गुरुवार 2 नवम्बर को नाम वापसी होगी, जिसके बाद यह तय होगा कि किस विधानसभा से कितने दावेदार चुनाव लड़ेंगे। यह अलग बात है कि जितने भी दावेदारों ने नामांकन भरा था, उन सभी की सांसें अटकी रहीं कि कहीं फॉर्म निरस्त न हो जाए। जिन प्रत्याशियों की शिकायतों की चर्चा आम थी, वे तो और भी डरे-सहमे रहे। जब स्क्रूटनी हो गई और उनका नाम निरस्त में नहीं था, तब चैन मिला।

निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक मंगलवार को जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट में भारी भीड़ थी और कई समर्थकों ने अधिकारियों से शिकायत करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें शांत करा दिया गया। वहीं प्रत्याशियों के समर्थक भी दम साधे पूरे समय खड़े रहे। बाद में जो सूची जारी की गई, उसमें सभी विधानसभा क्षेत्रों के जिन दावेदारों के नामांकन निरस्त किए गए, उनके नाम घोषित किए गए।



**पाटन-** संवीक्षा में पाटन विधानसभा क्षेत्र से 3 अभ्यर्थियों योगेश यादव, प्रेमलाल एवं ओमप्रकाश परौहा के नामांकन विधिमान्य न होने की वजह से निरस्त कर दिये गये। अब पाटन विधानसभा क्षेत्र से कुल 21 उम्मीदवार शेष हैं।

**बरगी-** बरगी से दो अभ्यर्थियों खिल्लू एवं सतेंद्र सिंह के नाम निर्देशन पत्र ीक्षा में निरस्त किये गये। बरगी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से अब सभी 9 उम्मीदवार शेष रह गये हैं।

**पूर्व-** जबलपुर पूर्व से दो अभ्यर्थियों जय घनघोरिया और राजेश सोनकर के नामांकन पत्र विधिमान्य नहीं पाये जाने पर निरस्त कर दिये गये हैं। पूर्व विधानसभा क्षेत्र से अब 7 उम्मीदवार शेष रह गये हैं।

**उत्तर-मध्य-** उत्तर से संवीक्षा के दौरान 5 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निरस्त किये गये हैं। इन अभ्यर्थियों में प्रीति सक्सेना, अब्दुल मेहमूद रंगरेज, मो जावेद खान, महिपाल वंशकार एवं रंजना कुर्मी शामिल हैं । उत्तर विधानसभा क्षेत्र से अब 11 अभ्यर्थी शेष हैं।

**केंट-** विधानसभा क्षेत्र- केंट से तीन अभ्यर्थियों रूपाली वर्मा, शुभम साकेत एवं राजमणी साकेत के नाम निर्देशन पत्र निरस्त कर दिये गये। इस विधानसभा क्षेत्र में अब 16 अभ्यर्थी शेष बचे हैं।

**पश्चिम-** पश्चिम से एक अभ्यर्थी गौरव भनोत का नाम निर्देशन पत्र संवीक्षा के दौरान विधिमान्य नहीं पाये जाने की वजह से निरस्त कर दिया गया। यहाँ से अब 13 अभ्यर्थी शेष रह गये हैं।

**पनागर-** विधानसभा क्षेत्र पनागर से चार अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र अविधिमान्य पाये गये। इनमें श्वेता पाठक, प्रहलाद पटेल, विनोद कुमार श्रीवास्तव एवं तेजराम अहिरवार शामिल हैं। अब 11 अभ्यर्थी शेष रह गये हैं।

**सिहोरा-** सिहोरा से दो अभ्यर्थियों रुक्मणि गोंटिया एवं मनोज कुमार कोल का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। सिहोरा विधानसभा क्षेत्र से अब 8 अभ्यर्थी शेष रह गये हैं।

**एकता को मिली क्लीन चिट-** सिहोरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एकता ठाकुर के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कई प्रकार की चर्चाएँ थीं। इस मामले में एड. सत्येन्द्र ज्योतिषी ने बताया कि आरओ ने एकता का जाति प्रमाण पत्र माँगा, जिसे तत्काल उपलब्ध कराया गया। उन्होंने देखा और कहा कि इसमें कोई आपत्ति नहीं है और प्रत्याशी आदिवासी वर्ग की है। इसके बाद एकता का नामांकन सही घोषित किया गया। इसके साथ ही केंट के भाजपा प्रत्याशी अशोक रोहाणी और पनागर के भाजपा प्रत्याशी सुशील तिवारी इंदु की भी शिकायत की गई थी, लेकिन उन्हें खारिज करते हुए उनके नामांकन भी सही घोषित किए गए।



## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का भव्य कार्यक्रम गरिमामय रूप से आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवम्बर का भव्य कार्यक्रम पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने ध्वजारोहण किया। पुलिस बैंड दल के साथ राष्ट्रगान हुआ। 67वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम की अगली कड़ी में सेंट थामस, एकलव्य गुरुकुल, भारत सेवक समाज तथा मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। स्थापना दिवस के अवसर पर बालिका शैली धूसिया ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश गान की आकर्षक प्रस्तुति मंच संचालक गिरीश मेराल द्वारा दी गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, जिला पंचायत के सीईओ जयति सिंह, नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखड़े, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, शेरसिंह मीणा, नाथूराम गौड़, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## डुमना विमानतल पर मुख्यमंत्री से मिलने के बाद कमलेश का फैसला- नहीं लड़ेंगे चुनाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण से दुखी कार्यकर्ताओं को मनाने में तेजी से जुटी है। इसी क्रम में बुधवार 1 नवंबर को अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शहर की उत्तर-मध्य विधानसभा सीट से निर्दलीय नामांकन पत्र दाखिल करने वाले भाजपा नेता व नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कमलेश अग्रवाल को गले लगाते हुए कहा कि मैं अपने प्रिय कमलेश कि लिए ही जबलपुर आया हूं, कमलेश मेरे परिवार का सदस्य और मैं अपने परिवार से इसको कभी भी रूठते हुए नहीं देखना चाहूंगा।



इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। कुछ चर्चा कैमरे के सामने करने के बाद मुख्यमंत्री ने सभी को एकांत में बात करने की बात कही। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले आश्वासन के बाद कमलेश अग्रवाल ने चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया है।

## उम्मीदवारी से नाम वापस लेने की आज अंतिम तारीख

### (दोपहर 3 बजे तक लिये जा सकेंगे नाम वापस)

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिये अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये नाम निर्देशन पत्रों की सम्पन्न हुई संवीक्षा के बाद आज बुधवार को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा उम्मीदवारी से नाम वापस नहीं लिया गया है । जिले के सभी आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये नामांकन पत्रों की संवीक्षा का कार्य रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा कल मंगलवार को पूरा कर लिया गया था। संवीक्षा के बाद जिले के सभी आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से 96 अभ्यर्थी शेष रह गये थे। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उम्मीदवारी से नाम वापस लेने की गुरुवार 2 नवम्बर अंतिम तारीख है । इस दिन दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारी से नाम वापस लेने का इच्छुक अभ्यर्थी सबंधित रिटर्निंग अधिकारी को प्रारूप-5 में हस्ताक्षरित नोटिस दे सकेगा। इस समय सीमा के बीत जाने के बाद प्राप्त नाम वापसी के नोटिस को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उम्मीदवारी से नाम वापस लेने की समय सीमा बीत जाने के बाद रिटर्निंग अधिकारी नाम वापसी के प्राप्त नोटिसों को निर्धारित प्रारूप फार्म-6 में अपने कक्ष के बाहर नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेगा तथा फार्म -7 ए में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार कर उन्हें प्रतीक चिन्ह का आबंटन करेगा एवं परिचय पत्र प्रदान करेगा।

### उम्मीदवारों का प्रशिक्षण आज

विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले उम्मीआदवारों का प्रशिक्षण गुरूवार 2 नवम्बर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टार सौरभ कुमार सुमन की अध्य क्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण में उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय, आदर्श आचरण संहिता सुविधा पोर्टल एवं निर्वाचन संबंधी नियमों की विस्त्र से जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्तस अब्जोर्बर भी मौजूद रहेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय ने प्रशिक्षण में मान्यरता प्राप्तव राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों तथा चुनाव लड़ने वाले उम्मी दवारों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## प्रेक्षकों ने जेएनकेवी पहुंचकर निर्वाचन व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्व तंत्र, निष्पंक्ष और शांतिपूर्ण संपन्नर कराने के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्ता सामान्यो प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ स्ट्रां ग रूम, सामग्री वितरण व वापसी तथा मतगणना व्यतवस्थामओं को देखा।

प्रेक्षकों ने बुधवार को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय पहुंचकर वहां पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यमवस्था को देखा। साथ ही मतदान सामग्री वितरण व वापसी के साथ मतगणना व्यपवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्हो नें वाहन पार्किंग, बैरिकेटिंग, सुरक्षा व्यंवस्था। तथा पंडाल आदि व्यवस्थाओं को देखकर आवश्यरक निर्देश दिये।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने उक्त सभी व्यावस्थाओं के संबंध में जानकारी देकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कराया। प्रेक्षकों के भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, जिला पंचायत के सीईओ जयति सिंह, नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखड़े, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, शेरसिंह मीणा, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

डीआरएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मंडल में मनाया गया। इसी कड़ी में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा रन फॉर यूनिटी को प्रात: 8 बजे फ्लैग ऑफ कर रवाना किया गया। रन फॉर यूनिटी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेडियम पर समाप्त हुई। इसी कड़ी में मंडल में सुबह 11 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार, आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर मनीष पटेल, कमांडेंट आरपीएफ अरूण त्रिपाठी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह एवं सभी विभागों के विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण, स्काउट गाइड, आरपीएफ, स्पोर्ट्स के सदस्यों ने भाग लिया।



## हाईकोर्ट में जस्टिस राजमोहन सिंह, जस्टिस राजेंद्र कुमार चतुर्थ और जस्टिस दुपल्ला वेंकट रमण ने ली शपथ

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश के अन्य उच्च न्यायालयों से स्थानांतरित होकर मप्र हाईकोर्ट आए जस्टिस राजमोहन सिंह,जस्टिस राजेंद्र कुमार चतुर्थ और जस्टिस दुपल्ला वेंकट रमण को 1 नवंबर को चीफ जस्टिस जज को मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ ने शपथ दिलाई।

राष्ट्रपति की अनुमति के बाद केंद्रीय विधि और न्याय विभाग ने पिछले सप्ताह तीनों के स्थानांतरण की अधिसूचना जारी की थी। वर्तमान में मप्र हाईकोर्ट में कुल 53 स्वीकृत पदों के मुकाबले महज 31 जज कार्यरत हैं। तीन नए जज आने के बाद यह संख्या बढ़कर अब 34 हो गई है।

## पेड न्यूज के प्रकरण में पाटन विधानसभा सीट के अभ्यर्थी को दिया जायेगा नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान प्रिंट एवं सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रकाशित एवं प्रसारित पेड न्यूज पर निगरानी रखने गठित जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी ने पेड न्यूज के एक प्रकरण में विधानसभा क्षेत्र पाटन के एक अभ्यर्थी को कारण बताओ नोटिस जारी करने की अनुशंसा संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को की है। पेड न्यूज का यह प्रकरण विधानसभा क्षेत्र पाटन के अभ्यर्थी तान सिंह लोधी (तन्नु भईया) से संबंधित है। इनके समर्थन में मंगलवार को जबलपुर से प्रकाशित समाचार पत्र के पृष्ठ क्रमांक आठ में एक समाचार प्रकाशित हुआ था। जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी ने इस समाचार पर संज्ञान लेकर इसे पेड न्यूज की श्रेणी में मानते हुये संबंधित अभ्यर्थी को रिटर्निंग अधिकारी पाटन के माध्यम से कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है।

### श्रमिकों को दिलाई गई मतदान करने की शपथ

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज बुधवार को श्रम विभाग एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा पाटन बायपास स्थित पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधन एवं समस्त श्रमिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर पॉवर ग्रिड कार्पोरेशन के अधिकारियों द्वारा मतदान दिवस को मतदान के लिये सवैतनिक अवकाश दिए जाने की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में श्रम विभाग से सहायक श्रमायुक्त सूर्यकांत सिरवैया, उद्योग विभाग से प्रबंधक संदीप दुबे, पॉवर ग्रिड के डीजीएम एवं प्रबंधन के सदस्य मौजूद थे ।

## चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को देना होगा घोषणा पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव ड्यूटी में तैनात प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। चुनाव ड्यूटी से संलग्न प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि वो वर्तमान चुनाव में किसी प्रत्याशी तथा राज्य या जिला स्तर के किसी अग्रणी राजनैतिक कार्यकर्त्ता का नजदीकी रिश्तेदार नहीं है। चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को घोषणा पत्र में यह जानकारी बिन्दु क्रमांक-एक में देनी होगी। जबकि घोषणा पत्र के प्रारूप के बिन्दु क्रमांक-दो में उसे यह भी बताना होगा कि उसके विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण किसी भी न्यायालय में प्रचलित नहीं है। यदि चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारी की नजदीकी रिश्तेदारी चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थी या अग्रणी राजनैतिक कार्यकर्त्ता से है अथवा उसके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण किसी न्यायालय में प्रचलित है तो उसे इन दो बिन्दुओं की जानकारी तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को देना होगी।

## मनीषा दुबे प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बनी



**जबलपुर,देशबन्धु।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मनीषा दुबे को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया है। मनीषा दुबे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भावना के अनुरूप पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कार्य का संपादन करेंगी। इस नियुक्ति पर विनय दुबे लक्ष्मी केशरवानी श्री हिरडे और अन्य कांग्रेस समर्थकों ने खुशी जाहिर की है।

## अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक वृंदावन (मथुरा) में संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** वृंदावन (मथुरा) में अखिल भारतीय कृषक परिषद की 67 वीं वार्षिक बैठक का आयोजन 30 एवं 31 अक्टूबर को किया गया। जिसमे देश के विभिन्न प्रांतो से कृषक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कृषि नीति पर प्रमुखता से सुझाव देते हुए गहन विचार विमर्श कर कृषक हितैषी नीति का ड्राफ्ट तैयार किया। गांव, खेत, किसान के लिए वर्तमान मे सरकार द्वारा आबंटित बजट को पूर्ण रूप से अपर्याप्त बताते हुए देश के किसान प्रतिनिधियों ने बजट मे बढ़ोतरी किये जाने की सरकार से पुरजोर मांग की, फसलों के समर्थन मूल्य वास्तविक लागत के आधार पर तय कर बढ़ाये जाने, तथा समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी का क़ानून बनाने, खेती की लागत कम करने के लिये कृषि उपकरणों एवं आदान समग्रियों से जीएसटी समाप्त करने, ब्याज मुक्ति, मनरेगा को कृषि कार्यों से जोड़ने, किसानों की आय की गारंटी सुनिश्चित करने, फसल बीमा के प्रावधानों मे सुधार, आयत निर्यात नीति बनाने मे कृषकों के हितों की रक्षा, अनुदान(सब्सिडी), स्मार्ट विलेज, ग्रामीण उद्योग, प्रसंस्करण इकाइयां, बिजली, सौर्य ऊर्जा, सिचाई, तथा आलू प्याज़ के समर्थन मूल्य निश्चित करने आदि जैसे विषयों को ड्राफ्ट में सम्मलित कर 25 सूत्रीय शिफारिश का ड्राफ्ट (प्रपत्र), सिफारिश कमेटी के संयोजक, भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केके अग्रवाल एवं कमेटी के सदस्य, महाकौशल मध्यप्रदेश के सचिव रूपेंद्र पटेल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ को सौंपा गया।

श्री जाखड़ ने बैठक में प्रतिनिधियों को आश्वास्त किया की शीघ्र ही केंद्र सरकार के साथ ही देश की प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों के अध्यक्षों, नीति आयोग एवं सम्बन्धित विभागों के नीति निर्धारण में अहम भूमिका का निर्वहन करने वाले उच्चाधिकारियों से विचार विमर्श कर कृषि नीति मे तदा अनुकूल सुधार के लिये चर्चा की जाकर किसानों के हित मे कृषि नीति लागू करने दवाब बनाया जायेगा।

इस बैठक मे देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या मे कृषक प्रतिनिधि सम्मलित हुए। जबलपुर जिले से केके अग्रवाल, रूपेंद्र पटेल, रामगोपाल पटेल, अशोक पटेल, मुकेश पटेल आदि ने बैठक मे भाग लिया।

## मतदान कार्मिकों के दूसरे चरण का रेण्डमाइजेशन हुआ

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कराने नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का दूसरे चरण का रेण्डमाइजेशन आज निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त प्रेक्षकों की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी रूम में सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण के रेण्डमाइजेशन में मतदान कार्मिकों से मतदान दलों का गठन किया गया तथा उन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किये गये

रेण्डमाइजेशन की इस प्रक्रिया में सबसे पहले आल वुमन मैनेज्ड बूथ तथा इसके बाद सामान्य पोलिंग बूथों के मतदान दलों का गठन कर विधानसभा क्षेत्र आबंटित किये गये ।

रेण्डमाइजेशन की इस प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों को मतदान दलों के रेण्डमाइजेशन के लिए एनआईसी द्वारा तैयार एवं निर्वाचन आयोग द्वारा प्रमाणित साफ्टवेयर सीईएमएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर तैनात किये जाने वाले माइक्रो आब्जर्वर्स का भी रेण्डमाइजेशन किया गया । रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को आबंटित मतदान दलों में दस प्रतिशत रिजर्व मतदान दलों को भी शामिल किया गया है ।

## रांझी जल शोधन संयंत्र से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम जल विभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि रांझी जल शोधन संयंत्र में स्थित पंप हाउस के सामने की मेन राइजिंग लाइन लीकेज हो गई है। मेन राइजिंग लाइन लीकेज सुधार किये जाने के कारण आज 2 नवम्बर दिन गुरूवार को सायंकालीन एवं 3 नवम्बर दिन शुक्रवार को सुबह-शाम जलप्रदाय आपूर्ति उच्च स्तरीय टंकियों कुलीहिल, संजय नगर, आधारताल, शोभापुर, संजय नगर रांझी, बजरंग नगर रांझी, मरघटाई रांझी से होने वाले जलप्रदाय बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी वहां टेंकरों के माध्यम से नागरिकों को जलापूर्ति की जायेगी, जिस के लिये टेंकर शाखा के मोबाइल क्र. 9685043544 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सुहागिनों ने चांद को दिया अर्घ्य, पति के हाथों पानी पीकर पूर्ण किया करवाचौथ का व्रत



**जबलपुर, देशबन्धु।** इस बार करवाचौथ पर बेहद खास संयोग बना था। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को पूरे दिन और रात में सवार्थसिद्धि के संयोग में करवाचौथ मनाया गया। बुधवार को कार्तिक माह कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के चांद निकलने पर व्रतधारी सुहागिनों ने छलनी की ओट से चांद के दर्शन कर अर्घ्य दिया।

सुहागिन महिलाओं ने पूजन स्थल को गोबर से लीपकर, केले का पत्ता बिछाकर भगवान शिव-पार्वती व प्रथम पूज्य श्री गणेश को स्थापित कर पवित्र नदियों के जल व पंचामृत से स्नान कराया। भगवान के समक्ष गेहूं का करवा भरकर तथा श्री गणेश के सामने सात प्रकार की मिठाई चढ़ाकर पूजन कर करवा चौथ व्रत की कथा सुनी। इसके पश्चात छलनी में मिट्टी का दीपक जलाकर स्वच्छ नीलगगन में निकले चंद्रमा का दीदार कर पति के दर्शन कर पति की आरती उतारकर पति का आर्शीवाद लेकर पति के हाथों से पानी पीकर और मिठाई खाकर व्रत पूर्ण किया। माता करवा से पति की दीर्घायु की कामना की।

**कथा सुनी**-उपरोक्त व्रत की धार्मिक कथा का वाचन व श्रवण महिलाओं ने जाना कि करवा नाम की एक पतिव्रता महिला थी। उसका पति नदी किनारे स्नान कर रहा था। तभी मगर ने उसका पैर पकड़ लिया। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। अपनी जान बचाने करवा को पुकारने लगा। करवा ने आकर धागे से मगर का मुँह बांध दिया। फिर करवा अपने पति की प्राणों की रक्षा के लिए यमराज के पास गई। किंतु यमराज ने कहा कि मगर की मृत्यु का समय अभी नहीं है। मैं मगर को नहीं मार सकता।

पतिव्रता करवा ने यमराज से कहा मैं अभी तुम्हें श्राप दे कर नष्ट कर दूंगी। फिर यमराज ने मगर का वध कर करवा के पति की प्राणों की रक्षा की। करवा ने अपने पति के प्राण बचाए। तबसे सुहागन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए करवाचौथ निर्जला व्रत रखती है।

# प्रसंग के 455 वें आयोजन में शामिल हुए 250 प्रतिभागी

## भारतीय संस्कृति एवं साहित्य को समर्पित रहा कार्यक्रम




**जबलपुर, देशबन्धु।** साहित्य, संस्कृति, संगीत, समाज को समर्पित सर्वाधिक आयोजन करने वाला प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच का 455 वां आयोजन माता रानी को समर्पित रहा। इस भक्तिमय संध्या में गरबा, घूमर, डांडिया महोत्सव का आयोजन शिव मंदिर परिसर, कचनार सिटी में आयोजित किया गया। जिसमें 250 प्रतिभागी शानदार वेशभूषा में सम्मिलित हुए।

आमंत्रित अतिथियों में मोहन शशि, डॉ. हरिशंकर दुबे, आचार्य भागवत दुबे, डॉ. अनामिका तिवारी, निर्मला तिवारी, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय तिवारी, डा.अंबर प्रियदर्शी, निरंजन द्विवेदी, अर्चना द्विवेदी, डॉ. आज्ञा मिश्रा, के. के, नायकर, सुशील श्रीवास्तव, ननिल कांत बाजपेई आदि की उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन को भारतीय संस्कृति एवं साहित्य का संगम बताया। आयोजन में सर्वप्रथम आदि शक्ति जगत जननी माता रानी की आरती की गई।

तत्पश्चात गरबा, घूमर, डांडिया के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए। आयोजन समिति में डॉ. मंजूश्री, पूजा धगट, रितु खरे, डॉ. विनीत पांडे, प्रतिभा चौबे, सीमा गुप्ता, मंजुल तिवारी, वंशिका धगट, एड.आद्या जारोलिया का विशेष सहयोग रहा। प्रसंग परिवार की ओर से सभी को शाल, श्रीफल, मान पत्र से सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉ. मकबूल अली, सजल धगट, पंकज भट्ट, ज्योति नेमा ने किया।

निर्णायक मंडल में गीता मेहता, प्राची तिवारी, गरिमा पटवा, द्वारा प्रस्तुत निर्णय के आधार पर 50 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन का संचालन प्रसंग के संस्थापक इंजी. विनोद नयन ने किया, तथा आभार प्रदर्शन डॉ. रानू रूही द्वारा किया गया।

# श्री शैलम से आई 1.25 लाख बातियों से होगी महाआरती



**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी की परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा के दिन 27 नवंबर को सुबह 8.30 बजे निकाली जाएगी। यह 396 वां आयोजन है, जो कई वर्षों से निरतंर जारी है। इस धार्मिक कार्यक्रम को 1996 में पंचकोशी परिक्रमा की शुरूआत हुई थी। यहां होने वाली महाआरती के लिए श्री शैलम तीर्थ क्षेत्र से आई 1.25 लाख बातियों से नर्मदा मैया की महाआरती होगी। फिर संत महात्माओं एवं देश के शहीद परिवारों के नेतृत्व में परिक्रमा प्रारंभ होगी। इस शुभ अवसर पर संयोजक शीर्ष अग्रवाल, एडवोकेट के.एल. दीक्षित, राजेश आसटी, रंजीत राय, मनोज विश्वकर्मा, भागचंद कोरी, नरेश गुजराती आदि ने उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# मदन महल दरगाह में ग्यारहवीं शरीफ का चौथा मेला आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर दस्तगीर की दरगाह में 2 नवम्बर जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के चौथे मेला का एहतेमाम किया गया है। मेले में स्थानीय व दूर दराज से जायरीन शिरकत करेंगे। इस मौके पर दरगाह शरीफ में सुबह बाद नमाज़ फजर कुरान ख्वानी व नअत मनक़बत शरीफ दोपहर बाद नमाज़ जुहर चादर पोशी, नजरो न्याज़, तक़सीमे लंगर तथा सायं मगरिब की नमाज़ के बाद सलातो सलाम पेश किया जाएगा। **व्यवस्थाओं की मांग**-मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, इनायत कादरी, जवाहर कादरी ने प्रशासन से दरगाह के मेला में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेय जल एवं पुलिस बल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है।

# 5 दिवसीय नाट्य समारोह में आज भूमि नाटक का होगा मंचन

**जबलपुर, देशबन्ध।** विवेचना ग्रुप का 29 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह इस वर्ष 02 से 06 नवंबर तक आयोजित हो रहा है। यह समारोह 5 दिवसीय होगा। इस समारोह में विवेचना के अलग-अलग रंगों के नाटकों का मंचन होगा। पहले दिन आज गुरूवार को समागम रंगमंडल जबलपुर के कलाकार युवा निर्देशक स्वाति दुबे के निर्देशन में 'भूमि' नाटक मंचित करेंगे। इस नाटक में अर्जुन और चित्रांगदा के मिलन और वियोग के बीच स्त्री की पहचान के प्रश्न को प्रस्तुत करता है। समारोह का उद्घाटन मेजर जनरल एन राउत करेंगे ।

यह समारोह तरंग प्रेक्षागृह में एम पी पावर मैनेजमेंट कं लि, केन्द्रीय क्रीड़ा व कला परिषद के सहयोग से आयोजित हो रहा है। नाटकों का मंचन प्रतिदिन शाम 7.30 बजे होगा। इस मौके पर चित्र प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी का शाम 7 बजे से हॉल के बाहर ओपनएयर प्लेटफॉर्म प्रदर्शन होंगे। नाटकों के प्रवेश पत्र तरंग हॉल में समारोह के दौरान प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे। इस समारोह में विद्यार्थी दर्शकों के लिए विशेष प्रवेश पत्र रखे गये हैं।

# जबलपुर रेल मंडल के मीटिंग हॉल में सतर्कता एवं जागरूकता संगोष्ठी सम्पन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 01 नवंबर को मंडल रेल प्रबंधक के सभागार में सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील की उपस्थिती में किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात उप मुख्य सतर्कता अधिकारी संदीप जैन ने पीपीटी के माध्यम से भ्रष्टाचार रोकने, जागरूकता के बारे में बताया। इसके पूर्व मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में भ्रष्टाचार संबंधी एक नुक्कड़ नाटक मिठाई का डब्बा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एडीआरएम प्रदीप कुमार, आनंद कुमार, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजी) संदीप जैन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा, विश्व रंजन, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा व सतर्कता विभाग के अधिकारी अरुण कुमार शर्मा सहित सभी विभागीय अधिकारी व वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे ।

# पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने पीयुष वर्मा



**जबलपुर,देशबन्धु।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की प्रबंध समिति ने जबलपुर जिले में कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से पीयुष को जिले का अध्यक्ष मनोनीत किया। श्री वर्मा से अपेक्षा है जिले की कार्यकारिणी गठित करने के साथ ही प्रांताध्यक्ष से परामर्श कर जिले की सभी तहसीलों में अध्यक्ष मनोनीत करने की कार्यवाही शीघ्र करना। जिले में व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान प्रारम्भ कर पेंशनर्स को संगठित करने एवं संगठन को सुदृणता बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

# दैनिक राशिफल

**गुरुवार 02 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की पंचमी। नक्षत्र-मृगशिरा।**

**मेष**

आज आप का दिन शुभ फलदायी होगा। विचारों में अति शीघ्र परिवर्तन आने की वजह से महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में थोड़ी दिक्कत होगी।

**वृषभ**

आज आपको मन को स्थिर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। मनोदशा कमज़ोर रहेगी। समझौतावादी प्रवृत्ति रखने से आपको नुकसान नहीं होगा।

**मिथुन**

आज भाग्यवृद्धि का दिन है। स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। आज आप अपने लिए नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में व्यस्त रहने वाले हैं।

**कर्क**

आज मन में किसी बात की उलझन रहेगी। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों से मनमुटाव हो सकता हैं।

**सिंह**

आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। कन्फ्यूजन की स्थिति में रहेंगे।

**कन्या**

आज का दिन शुभ फलदायी है। नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है।

क.

**तुला**

व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन शांतिपूर्वक और सावधानीपूर्वक गुजारने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम में असफलता के योग हैं, इसलिए कोई नया काम शुरू ना करें। क्रोध पर संयम रखें।

**धनु**

आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मनोरंजन के प्रसंग से आपका मन खुश रहेगा। नए मित्रों के मिलने से आपको आनंद मिलेगा।

**मकर**

आपके व्यापार के लिए दिन अच्छा है। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आप कोई विशेष प्रयास करेंगे। धन के लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभ**

आज कोई भी नया काम शुरू ना करें। जल्दी-जल्दी काम करने से आप नुकसान उठा सकते हैं। महिलाओं को अपनी वाणी पर संयम रखना होगा।

**मीन**

आज का दिन अरुचिकर घटनाओं के कारण उत्साहजनक नहीं रहेगा। घर में परिवारवालों के साथ वाद-विवाद होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी।

मा.

# बाल हृदय उपचार योजना के माध्यम से लव्यांश को मिला नया जीवन



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में बालक लव्यांश बघेल उम्र 1 वर्ष 10 माह पिता अजय बघेल निवासी शरदा चौक, प्रेम नगर, गढा का बाल हृदय उपचार योजना के माध्यम से सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया गया। शहरी क्षेत्र के आर.बी.एस.के. नोडल अधिकारी डॉ. एस.एस. दाहिया के मार्गदर्शन में गढ़ा क्षेत्र की आंगनवाड़ी में स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची आर.बी.एस.के. टीम ने पाया, कि बालक लव्यांश जन्म से हृदय रोग से ग्रसित है। आर.बी.एस.के. टीम में पदस्थ डॉ. माधुरी मिश्रा एवं डॉ. सुमेधा झा व उनकी टीम द्वारा इसकी जानकारी डी.ई.आई.एम. सुभाष शुक्ला को उपलब्ध करायी गयी। सुभाष शुक्ला ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा को इस केस से अवगत कराया। सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने जिला अस्पताल के विषय विशेषज्ञ से उक्त बच्चे की जांच कराकर तत्काल कार्यवाही करते हुये समिति गठित कर बच्चे की हृदय रोग की सर्जरी के लिए 150000 की राशि स्वीकृत करायी गयी और बालक लाव्यांश की नि:शुल्क हृदय रोग की सर्जरी के लिए शासन द्वारा मान्यता प्राप्त नारायणा हृदयालय मुम्बई, महाराष्ट्र के लिए रेफर किया गया। जहां पर 18 अक्टूबर को सफलतापूर्वक सर्जरी की गई। अभी बालक एकदम स्वस्थ है। बच्चे के माता-पिता ने जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त आर.बी.एस.के. टीम को सर्जरी के लिये आभार व्यक्त किया है ।

# 30 जून को सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दे रही सरकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसियेशन के संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला ने विज्ञाप्ति के माध्यम से बताया कि 30 जून को जो भी कर्मचारी, पेंशनर सेवानिवृत्त हुए हैं, उनको वेतनवृद्धि मिलनी चाहिए थी। सरकार के वित्त विभाग ने इस पर रोक लगा रखी है।

इसी वेतन वृद्धि को देने के लिए उच्च न्यायालय में हजारों की तदात में याचिकाएं लगाई गई, और उच्चा न्यायालय के द्वारा समस्त याचिकाओं का निर्णय करते हुए वेतन वृद्धि का लाभ देने के आदेश दिए है। लेकिन वित्त विभाग की हठधर्मिता के चलते आज दिनांक तक वेतन वृद्धि देने के आदेश शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी नहीं किए गए है, जिससे पेंशनरों में भारी असंतोष व्याप्त है। प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसियेशन के संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी.शुक्ला, नरेश उपाध्याय, डॉ. अरूण पांडे, आर.के. प्यासी, के.के. शुक्ला, प्रेमवल्लभ शर्मा, भूपत सिंह गौतम, कय्यूम खान, विनोद दुबे, डी.एस. गुप्ता, एन.पी. निगम, अशोक दुबे, ओमशंकर शुक्ला, गोविंद प्रसाद कोरी, विजय वैश्य आर.के. सोनी, जी.डब्ल्यू रतन पारखी, रतन पांडे, आर.एल.पांडे आदि ने प्रदेश सरकार के वित्त विभाग से मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों का शीघ्र पालन किया जाएं, नहीं तो सरकार अवमानना के केस के लिए तैयार रहे।

# अंर्तशालेय समूहगान प्रतियोगिता 5 नवंबर को

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब साउथ द्वारा व्यक्ति, समाज और देश की चेतना को समर्पित स्व.रमनलाल शाह स्मृति अंर्तशालेय समूहगान प्रतियोगिता-समवेद का आयोजन 5 नवंबर को नवीन विद्याभवन शाला, नेपियर टाउन के सभागार में प्रात: 10 बजे से किया गया है ।

संयोजक अरुण कान्त अग्रवाल ने बताया कि विस्तृत विवरण युक्त प्रपत्र शालाओं में पहुँचा दिए गए हैं। सांस्कृतिक प्रभारी आचार्यों से अनुरोध किया गया है कि निर्धारित नियमों के अंतर्गत प्रविष्टि की सूचना वाट्सएप के माध्यम से 3 नवंबर तक अवश्य भेज दें। अध्यक्ष रवि वैश्य ने जानकारी दी कि प्रथम तीन को नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक प्रतिभागी को समूहगान प्रतियोगिता में सहभागिता करने पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा ।

# भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की बैठक आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक आज शाम 4 बजे हरिशंकर परसाई भवन में पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के अतिरिक्त कटनी के वरिष्ठ नागरिक परिषद् के पदाधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न होगी।

बैठक में जबलपुर के सेवानिवृत्त कर्मियों को पूर्व में इन्क्रीमेंट 01 जुलाई को दिया जाता था। 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों इन्क्रीमेंट के हिसाब से पेंशन नहीं दी जा रही है, इसके विरोध में कुछ कर्मचारियों ने कोर्ट में याचिका दायर की। न्यायालय ने कर्मचारियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए उनके हित में निर्णय पारित किया। परंतु न्यायालय ने यह शर्त रखी कि जो सेवानिवृत्त कर्मचारी न्यायालय से न्याय प्राप्त करना चाहते हैं, वे संयुक्त रूप से याचिका दायर करने हेतु स्वतंत्र है। भारतीय वरिष्ठ एसोसिएशन के पदाधिकारियों कर्मचारियों से अवगत किया है कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने के बाद जिन्हें 01 जुलाई से इन्क्रीमेंट का लाभ नहीं मिला है वे इस बैठक में पीपीओ की छायाप्रति प्रति लेकर उपस्थित हों जिससे उनकी इस समस्या का निदान करने के लिये एसोसिएशन न्यायालय की शरण लेकर उनकी समस्याओं का निराकरण करा सके।

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष एच.एल जांगढ़, महामंत्री डी.के.सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के अतिरिक्त कटनी के वरिष्ठ नागरिक परिषद के पदाधिकारियों ने उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रेलवे कर्मचारियों ने ली शपथ



**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे कोचिंग डिपो में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं कोचिंग डिपो ऑफिसर स्वप्निल पाटिल के नेतृत्व में डिपो में कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को शत प्रतिशत मतदान करने एवं अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में पुरुष कर्मचारियों के साथ-साथ महिला कर्मचारी भी उपस्थित रही। सभी ने उत्साह पूर्वक मतदाता जागरूकता के लिए बनाए हुए सेल्फी पॉइंट में सेल्फी भी ली।

कार्यक्रम में जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव, बीएसी अजय रजक, अरविंद अग्रवाल, सरोज रजक भी उपस्थित रही।

**आज निकाली जाएगी मतदाता जागरूकता रैली-** आज 02 नवम्बर को प्रात:काल 8 बजे संस्कारधानी जबलपुर की हृदय स्थली पेंटी नाका सदर से शालेय शिक्षा विभाग जबलपुर के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्र में स्थित विभिन्न शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की उपस्थिति में जन जागरण अभियान चलाते हुए विभिन्न मार्गों से इस रैली के साथ पैदल यात्रा करेंगे। यह मतदाता जागरूकता यात्रा पेंटीनाका सदर से प्रारंभ होकर बंदरिया तिराहा पर समाप्त होगी।

# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री संजय मिश्रा-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पीछे निवासी श्री संजय मिश्रा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बबलू तिवारी-** ग्राम लकहा सतना निवासी श्री केसरी प्रसाद तिवारी के पुत्र श्री बबलू तिवारी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश पटेल-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री घनश्याम पटेल के पुत्र श्री आकाश पटेल (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बुद्धू राम पाल-** पनागर मौलाना वार्ड निवासी श्री बुद्धु राम पाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीश चंद्र रैकवार-** द्वारका नगर चुंगी चौकी के पास निवासी श्री हरीश चंद्र रैकवार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय पटेल-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री मंगल सिंह पटेल के पुत्र श्री विजय पटेल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार चौधरी-** छिवला ग्वारीघाट निवासी श्री राजकुमार चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री छोटे लाल बंशकार- सिद्धबाबा गणेश चौक निवासी श्री छोटे लाल बंशकार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती सिंह-** बीआई/163, डुमना रोड निवासी श्री बच्चन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती सिंह (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश पासी-** घमापुर चौक के पास निवासी श्री सुरेश पासी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जेमिनी पिल्ले-** करोंदी रांझी निवासी श्री मुनीष पिल्ले की धर्मपत्नी श्रीमती जेमिनी पिल्ले (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित कश्यप-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री गणेश कश्यप के पुत्र श्री अमित कश्यप (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस व सीआईएसएफ की कंपनियां संवेदनशील इलाकों में कर रही फ्लैग मार्च





**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सक्रिय है और जिले के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च कर रही है। इसके लिये पुलिस मतदान शांति पूर्वक सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिये बुधवार को पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल प्रियंका करचाम, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव, नगर पुलिस अधीक्षक गढा देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक कैंट उदयभान बागरी, नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एचआर पाण्डेय के नेतृत्व में थाना ओमती, बेलबाग, कोतवाली, हनुमानताल, अधारताल, गोहलपुर, लार्डगंज, गोरखपुर, कैंट के संवेदनशील क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।

फ्लैग मार्च में सीआईएसएफ की 2 कम्पनियों के साथ थाना प्रभारी अधारताल विजय कुमार विश्वकर्मा, थाना प्रभारी माढोताल विपिन ताम्रकार, थाना प्रभारी पनागर अजय बहादुर सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली राजेश बंजारे, थाना प्रभारी लार्डगंज प्रतीक्षा मार्को, थाना प्रभारी मदनमहल प्रवीण धुर्वे, थाना प्रभारी ओमती वीरेन्द्र सिंह पवार, थाना प्रभारी बेलबाग प्रवीण धुर्वे, थाना प्रभारी सिविल लाईन धीरज कुमार राज, थाना प्रभारी गोहलपुर राजपाल सिंह बघेल, थाना प्रभारी हनुमानताल मानस द्विवेदी, थाना प्रभारी विजय नगर शोभना मिश्रा एवं महिला थाना प्रभारी इंद्रा ठाकुर तथा थाना प्रभारी गोरखपुर एमडी नागौतिया, थाना प्रभारी संजीवनी नगर रमेश कुमार नर्रे, थाना प्रभारी गढा ब्रजेश मिश्रा, थाना प्रभारी कैंट राजकुमार खटीक, थाना प्रभारी ग्वारीघाट संजीव कुमार त्रिपाठी थाना प्रभारी गोराबाजार लवकेश उपाध्याय थाने के बल के साथ मौजूद रहे।

फ्लैग मार्च कन्ट्रोल रूम से प्रारम्भ होकर घंटाघर-बड़ी ओमती- भरतीपुर-छोटी ओमती चौक, केबी टेलर्स के सामने से, बलेबाग तिराहा-लकडगंज, फूटाताल, खटीक मोहल्ला-सराफा चौक, कोतवाली थाने के सामने से मिलौनीगजं-घोडानक्कास, अनवरगंज तिराहा-दुर्गा चौक, बड़ी खेरमाई मंदिर के सामने से भानतलैया तिराहा-सिधींकैंप-बहारेबाांग- रजा चौक, निर्भय नगर, मिल्क स्कीम, अधारताल तिराहा, रद्दी चौकी, गोहलपुर थाने के सामने, दमोहनाका-रानीताल चौक, गोलबाजार-जामदार अस्पताल के सामने से होते हुये मालवीय चौक- तीनपत्ती- ब्लूम चौक, छोटी लाइन फाटक -गोरखपुर बाजार होते हुये कपूर क्रॉसिंग-वीरवानी पैट्रोल पंप होते हुये गणेश चौक-सदर की गलियों से होते हुये पैंटीनाका चौक पर समाप्त हुआ।

पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने कहा है कि मतदान शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित तरीके से हो, और मतदाताओं को इस बात की पूरी स्वतंत्रता हो कि वे बिना किसी डर, परेशानी के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिये फ्लैग मार्च कराया जा रहा है, इसके साथ ही असामाजिक तत्वों को संदेश देना है कि यदि किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जायेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

फ्लैग मार्च प्रतिदिन सीआईएसएफ की 2 कम्पनी जिसमें लगभग 150 अधिकारी/कर्मचारी हैं के द्वारा शहर एवं देहात के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के संवेदनशील एरिया में किया जा रहा है एवं किया जाता रहेगा, ताकि मतदाता भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।



## थानों में कराई गई निगरानी बदमाशों की गुण्डा परेड

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा जिले के सभी थानों में गुण्डा परेड कराई गई है। इस दौरान निगरानी बदमाश व लिस्टिड गुण्डों को हिदायत दी गई कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान अशांति का वातावरण निर्मित किया या कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया तो कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी।

एसपी आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर लिस्टिड गुण्डा बदमाश एवं निगरानी बदमाशों को थाने बुलाया गया। जहां पर लिस्टिड गुण्डा बदमाश एवं निगरानी बदमाश की पूर्व में भरी गई प्रोफाईल को मोबाईल नम्बर, फोटो आदि से अपडेट किया गया। इसके साथ जीवन यापन के संबंध में सघन पूछताछ करते हुये कथन लेख किये गए। इस दौरान सभी को कड़ी हिदायत दी गई, कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान यदि अशांति का वातावरण निर्मित किया गया। किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## चाचा ने भतीजी के घर में घुसकर की तोड़फोड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना अंतर्गत बाबली साहू मोहल्ला में रिश्ते के चाचा ने अपनी भतीजी के साथ मारपीट कर दी। और उसके घर में तोड़फोड़ कर दी। जानकारी के अनुसार अधारताल थाना में बीती रात रूपांशी साहू उम्र 26 वर्ष निवासी बाबली साहू मोहल्ला महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह श्रीराम कॉलेज में प्रोफेसर है।



बीती शाम वह घर पर थी उसे पड़ौसी ने बताया कि तुम्हारे घर के अंदर आवाज आ रही है तो वह अंदर जाकर देखी तो उसके घर के अंदर घुसकर उसके चाचा राकेश साहू ने दीवाल एवं दरवाजे का ताला तोड़ दिये थे। जिसका वह वीडियो बना रही थी। उसी समय राकेश साहू एवं अंजना साहू दोनों उसके साथ गालीगलौज कर हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे। उसकी बहन रूहीता साहू के साथ भी मारपीट की। चाचा ने दीवाल एवं सामान तोड़फोड़ किये तथा जान से मारने की धमकी दिये है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## बरगी, रांझी क्षेत्र में सड़क हादसे, 3 युवक घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ गया है। रोजाना जिले के अधिकतर थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। इसी कड़ी में बरगी और रांझी क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवक घायल हो गये। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बरगी थाना में बीती शाम त्रिवेणी अहिरवार उम्र 50 वर्ष निवासी सिद्धबाबा लालमाटी घमापुर ने बताया कि वह मजदूरी करती है उसका दामाद लखन चौधरी अपने दोस्त धनीराम बर्मन के साथ मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेडडी 7217 से अपने काम से धूमा जा रहे थे। सुबह लगभग 9 बजे कालादेही और हुल्की के बीच पहुंचे तभी पीछे जबलपुर तरफ से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 7548 का चालक तेज गति से चलाते हुये उसके दामाद की मोटर सायकिल में टक्कर मार दिया। जिससे लखन लाल एवं धनीराम बर्मन गिर गये, जिससे दोनों को हाथ पैर एंव शरीर में चोटें आयीं हैं। दामाद ने उसे घटना की जानकारी मोबाइल से दी उसने दोनों घायलों को उपचार के लिये एम्स अस्पताल धनवंतरीनगर में भर्ती कराया है।



**रांझी में सड़क हादसा**- इसी प्रकार रांझी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायलों को उपचार के लिये एम्स अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को प्रेरणा कोल उम्र 21 वर्ष निवासी बडा पत्थर रांझी ने बताया कि वह प्राईवेट काम करती है मनोज साहू उसके साथ काम करता है। शाम वह, मनोज साहू के साथ मोटर सायकिल से काम से शहर तरफ आ रहे थे, जैसे ही पनेहरा पोस्ट ऑफिस के सामने मेन रोड पहुंचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेडबी 8503 के चालक ने तेज गति से गाड़ी चलाते हुये पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह एवं मनोज साहू मोटर सायकिल सहित गिर गये। उसे एवं मनोज साहू के हाथ पैर, सिर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं। उसने अपने पिता एवं बहन को घटना की जानकारी फोन पर दी जो वहां आकर उसे एवं मनोज साहू को उपचार के लिये एम्स अस्पतात धनवंतरीनगर में भर्ती कराये। दोनों प्रकरणों में पुलिस अज्ञात मोटर सायकिल चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## घाना में तेंदुए ने घर मे घुसकर किया कुत्ते का शिकार, गांव में दहशत

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया से लगी घाना ग्राम पंचायत में इन दिनों तेंदूआ की दहशत व्याप्त है। बीती रात तेंदुआ न सिर्फ ग्राम पंचायत की पंच के घर में घुस गया बल्कि पालतु कुत्ते का शिकार भी कर लिया। सुबह खून के बिखरे छींटे और तेंदुआ के पद चिन्ह को देख पंच के स्वजनों सहित पूरे गांव में हड़कंप मचा रहा। ग्राम पंचायत की सरपंच ने वन विभाग से पत्राचार करते हुए ग्रामीणों के लिए दहशत का पर्याय बने तेंदुआ का जल्द रेस्क्यु कराने की मांग की है।



## शराब की तस्करी करते 3 आरोपी गिरफ्तार, देशी शराब बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत पुराने रेलवे स्टेशन बर्मन मोहल्ला में पुलिस ने छापा मारकर 3 शराब तस्करों को दबोचा है। जिनसे कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में ग्वारीघाट थाना प्रभारी संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि पुरानी रेल्वे स्टेशन बर्मन मोहल्ला ग्वारीघाट के पास एक युवक अवैध शराब बेचने के लिये रखा है।

सूचना पर थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने पुरान रेलवे स्टेशन बर्मन मोहल्ला में दबिश दी। जहां एक युवक अपने पास एक बोरी एवं खाकी रंग के 3 पेटी लिये दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम सोनू कपूर उम्र 30 वर्ष निवासी बर्मन मोहल्ला ग्वारीघाट बताया जिसके कब्जे में रखी बोरी एवं 3 पेटियों में 200 पाव देशी शराब रखी मिली।



इसी प्रकार क्राईम ब्रांच एवं थाना ग्वारीघाट की संयुक्त टीम ने पुराना रेल्वे स्टेशन बर्मन मोहल्ला में दबिश देते हुये आरोपी सुनील कोष्टा उम्र 50 वर्ष निवासी बर्मन मोहल्ला को 40 पाव देशी शराब कीमती लगभग 3200 रूपये के साथ तथा आरोपी कपिल उर्फ मुन्नू ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी बर्मन मोहल्ला को 30 पाव देशी शराब के साथ पकड़ा है। तीनों आरोपियों से अवैध शराब जप्त करते हुये तीनों के विरूद्ध प्रथक-प्रथक धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

## 2 मोटर सायकिल सवार आपस में भिड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगी थाना में दोपहर में परमलाल चक्रवर्ती उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मुर्रई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है बुधवार को वह अपनी मोटर सायकिल होण्डा साईन क्रमांक एमपी 20 जेडए 6906 से ग्राम सगरा जिला दमोह रिश्तेदारी में गमी में जा रहा था सुबह लगभग 9 बजे जैसे ही नया गांव कुलुआ मेन रोड पर पहुंचा तभी पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एन व्ही 4751 का चालक तेज गति से चलाते हुये उसकी मोटर सायकिल में टक्कर मार दिया जिससे वह गिर गया। उसे बायें पैर के पंजे में चोट आयी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## भरे सिलेंडर से खाली सिलेंडरों में गैस भरने वाला तस्कर पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** घरेलू सिलेंडरों में भी अब तस्करी होने लगी है। कुछ लोग भरे सिलेंडरों से खाली सिलेंडरों में भरकर बेच रहे हैं। इसी कड़ी में गढा थाना अंतर्गत एक हॉकर को लड़िया मोहल्ले में सिलेंडर में कालाबाजारी करते पकड़ा है। इस संबंध में गढा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि लड़िया मोहल्ला में एक प्लाट पर रॉबिन नाम का युवक जो एचपी गैस का हॉकर है। अवैध रूप से जरूरी घरेलू गैस को निकालकर खाली टंकी में भर रहा है। पुलिस ने सूचना पर लड़िया मोहल्ले में दबिश दी। जहां एक युवक एक सिलेण्डर से दूसरे सिलेण्डर में गैस रीफिलिंग पाईप के जरिये से गैस भरते हुये दिखा। पास ही एक और सिलेण्डर रखा था। पुलिस को आता देख हॉकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में जिसने अपना नाम रॉबिन पिता डैन्ड्री स्वामी उम्र 32 वर्ष निवासी स्टेट बैंक कॉलोनी गढ़ा बताया। पुलिस ने जिसके कब्जे से 3 गैस सिलेण्डर, गैस रिफिल करने में प्रयोग किये जाने वाला पाईप जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 285 भादवि तथा 3, 7 ई.सी. एक्ट के तहत कार्यवाही की है।



## नहाते समय पानी में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्वारीघाट थाना में 1 नवम्बर की दोपहर धीरज घसिया उम्र 35 वर्ष निवासी ठक्कर ग्राम घसिया कॉलोनी हनुमानताल ने सूचना दी, कि वह प्राईवेट कार्य करता है, बीती शाम लगभग 4 बजे अपने सौतेले भाई नीरज सेन्द्रे उम्र 24 साल निवासी ठक्कर ग्राम घसिया कॉलोनी हनुमानताल तथा सफाई सहकर्मी शक्ति के साथ मोहल्ले में हुई गमी में खारी विसर्जन के लिये स्नान करने तथा नर्मदा दर्शन करने आया था, नहाते समय हाथी वाले घाट में नाहने के बाद जब साथ के सहकर्मी नहाकर बाहर निकले तो देखे कि नीरज सेन्द्रे नर्मदा के पानी से बाहर नहीं आया है, जिसकी तलाश वहां पर किये, नहीं मिला, भाई नीरज सेंन्द्रे गहरे पानी में डूब गया था। भाई नीरज सेंन्द्रे का शव बुधवार सुबह प्रात: लगभग 8 बजे नावघाट पर उतराता मिला है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



## रानीताल स्टेडियम में आज दृष्टिबाधित दिव्यांगों के क्रिकेट खेल आयोजित

**जबलपुर,देशबन्धु।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन व जिला पंचायत की सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी जयति सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए कई गतिविधियां की जा रहीं है। जिसमें 2 नवम्बतर को प्रात: 11 बजे से रानीताल स्टेडियम में दृष्टिबाधित दिव्यांगों के क्रिकेट खेल का कार्यक्रम रखा गया है। इस खेल में दृष्टिबाधित दिव्यांगजन बाल की आवाज से क्रिकेट खेल कर चौके छक्के लगाएंगे। यह खेल समाज के सभी वर्गों को संदेश देगा कि मतदान के दिन इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग ले। पीडब्ल्यूडी कोऑर्डिनेटर स्वीनप प्रकोष्ठर डॉ. राम नरेश पटेल ने कहा है कि दिव्यांढगजनों का यह क्रिकेट आश्च र्यजनक व अनोखा होगा। अत: क्रिकेट खेल का आनंद लें और उन्हें प्रोत्सालहित करें। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उनके अभियान में सहयोगी बने।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में वेलफेयर असिस्टेंट की नियुक्ति के मामले में कोर्ट सख्त

## एडीशनल चीफ सेक्रेटरी व प्रमुख सचिव से हलफनामे में मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने दमोह के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में वेलफेयर असिस्टेंट की अवैध रूप से की गई नियुक्ति के मामले को सख्ती से लिया है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने मामले में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विभाग के एडीशनल चीफ सेक्रेटरी व प्रमुख सचिव को व्यक्तिगत शपथपत्र पर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है कि आखिर ऐसी नियुक्ति के लिए कौन जिम्मेदार है। इसके साथ ही एकलपीठ ने आयुक्त तकनीकी शिक्षा को भी हलफनामें पर यह बताने कहा है कि उन्होंने ओआईसी को यह गलत जानकारी क्यों दी कि जांच लंबित है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को निर्धारित की है।

दमोह निवासी उमेश कुमार अहिरवार ने वर्ष 2018 में याचिका दायर कर प्रेरित विक्रम भारती की नियुक्ति को चुनौती दी थी। जिसमें आवेदक की ओर से कहा गया कि पूर्व में न्यायालय ने नियुक्ति की जांच के निर्देश दिये थे। आयुक्त तकनीकी शिक्षा ने जांच समिति गठित की थी। समिति ने 25 फरवरी 2020 को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें स्पष्ट लिखा कि न्यूनमत योग्यता के अभाव में प्रेरित विक्रम भारती नियुक्ति पाने के हकदार नहीं हैं। इसके बावजूद आयुक्त समिति की रिपोर्ट पर शांत बैठे रहे। जब न्यायालय ने जांच रिपोर्ट तलब की, तो उन्होंने आनन फानन में कॉलेज के प्राचार्य को 27 अक्टूबर 2023 को निर्देश दिये कि अनावेदक प्रेरित विक्रम की सेवाएं समाप्त कर दी जाये। आवेदक की ओर से बताया गया कि इसी मामले में गुमराह कर गलत जवाब पेश करने पर न्यायालयन ने ओआईसी डॉ. लता त्रिपाठी के खिलाफ अवमानना प्रकरण दायर करने के निर्देश दिये। न्यायालय ने पूछा है कि जब उक्त पद पर प्रेरित विक्रम भारती की नियुक्ति को जांच समिति ने फरवरी 2020 की रिपोर्ट में अवैध माना था तो उसे सेवा जारी रखने की अनुमति देने के लिए कौन जिम्मेदार है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि भारती को किया गया वेतन भुगतान नियुक्ति प्राधिकारी के साथ उस व्यक्ति से भी वसूला जा सकता है जो इसके लिए जिम्मेदार है।




## हत्या के प्रयास पर सात वर्ष का कारावास

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया ने हत्या के प्रयास के आरोपी जबलपुर निवासी गनेश उर्फ गन्नू केवट का दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी गनेश को सात साल की सजा व दो हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 16 मई 2019 को ईश्वर रजक ने अधारताल थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया था कि राहुल रजक उसका छोटा भाई है, जो कपड़ों में प्रेस करता है। आरोपी गनेश ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया, जिससे उसकी जान पर बन आई। शिकायत पर पुलिस ने धारा 307 सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया।

## कॉस्मेटिक गुड्स व पान मसाला कारोबारियों के दो फर्मों पर सीजीएसटी के एंटी इवेजन ब्यूरो ने वसूले 1.38 करोड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले स्टेट जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो जबलपुर ने गाडरवारा और सिवनी में दो बड़े व्यापारियों के फर्मों में छापामारी करते हुये करोड़ों रूपये जमा कराये हैं। बीते दिनों एंटी इवेजन ब्यूरों ने जबलपुर के मोबाइल कारोबारियों पर भी दबिश दी थी। जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर 2023 को जीएसटी अधिनियम की धारा 67(2) के अंतर्गत निम्नानुसार दो फर्मों के व्यवसाय स्थल पर सर्च एंड सीजर की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। जिसमें पुष्पांजलि पापड़ उद्योग गाडरवारा के व्यवसाय कॉस्मेटिक गुड्स तथा संतोष कुमार चौरसिया सिवनी के पान मसाला कारोबारी इन दोनो फर्मों में क्रमश कॉस्मेटिक गुड्स, पान मसाला, टोबैको प्रोडक्ट का व्यवसाय किया जाता है। इन फर्मों में निम्नानुसार त्रुटियां पाई गई। बिना बिल जारी किए माल की बिक्री करना व स्टॉक शॉर्ट पाया जाना।

उपरोक्तानुसार जांच में पाई गई त्रुटियों के कारण पुष्पांजलि पापड़ उद्योग गाडरवारा पर रूपये 74 लाख। संतोष कुमार चौरसिया पर 64 लाख अधिरोपित किए गए। व्यवसाइयों द्वारा पाई गई त्रुटियों को स्वीकार करते हुए डीआरसी 3 के माध्यम से राशि जमा की गई। इस प्रकार दोनो फर्मों से कुल 01.38 करोड़ रूपए जमा किए गए। इस संबंध में स्टेट जीएसटी के एंटी इवेजन ब्यूरो के ज्वाइंट कमिश्नर गणेश सिंह कंवर ने बताया कि गाडरवारा के कॉस्मेटिक गुड्स और सिवनी के पान मसाला व्यवसायी के कारोबारी दस्तावेज में बड़ी गड़बड़ियां पायी गई हैं। जिसमें जीएसटी में लाखों रूपये का गोलमाल होना पाया गया है। कार्रवाई के दौरान दोनों कारोबारियों ने माल बेचते समय बिल में गड़बड़ी तथा स्टॉक में भी कमी मिली है। जिस पर कारोबारियों के फर्मों पर कार्रवाई की गई है। जिसने 1.38 करोड़ रूपये की राशि जमा करायी गई है।

## शहपुरा-भिटौनी स्थित ऑयल डिपो के श्रमिकों ने लिया मतदान करने का संकल्प

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत श्रम विभाग एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा शहपुरा-भिटौनी स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम के डिपो में आयोजित कार्यक्रमों में इन संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों ने 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रमिकों ने अपने परिवार के सदस्यों एवं परिचितों को मतदान करने के लिये प्रेरित करने की शपथ ली। इस अवसर पर श्रमिकों को मतदान के लिये संवैतनिक अवकाश दिए जाने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में श्रम विभाग से सहायक श्रमायुक्त सूर्यकांत सिरवैया, उद्योग विभाग से प्रबंधक राम मूर्ति खरे, डिपो हेड श्री राव भी मौजूद थे।



# ग्रामीणों को फिर रुला रहे प्याज के बढ़े दाम

## कमर तोड़ महंगाई से आम आदमी को फिलहाल राहत नहीं

**पाटन, देशबन्धु।** नगर के बाजार में महंगाई किस कदर आसमान छू रही है इसका अंदाजा सब्जियों की ऊंची कीमतो से लगाया जा सकता है। बाज़ार में सब्जी खरीदने आई मालती बर्मन ने बताया की सब्जी की बढ़ी कीमतों ने हम महिलाओं के घर का बजट बिगाड दिया है।



राधा बाई ने बताया की आज प्याज के ऊंचे दामों की वजह से हमारी रसोई से प्याज गायब होती जा रही है हर बुधवार को एक-एक पसेरी आलू-प्याज खरीद लेते थे हम लोग, लेकिन आज प्याज बाजार में 80 से 90 रूपये प्रति किलो बिक रही है वही अन्य सब्जियां जैसे आलू टमाटर 30 से 35 रूपए प्रति किलो इसके अलावा अन्य हरी सब्जियां भी 20 से 40 रूपए प्रति किलो बाजार में बिक रही है। इसलिए बुधवारी बाजार के दिन आज थोड़ी मात्रा में हरी सब्जियां और प्याज के अधिक दाम होने के कारण महज 1 किलो प्याज़ ही खरीदी है इस किलो भर प्याज में पूरे हफ्ते का काम चलाना किसी चुनौती से कम नहीं हैं। बाज़ार में एक शिक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वर्तमान सरकार प्याज की कीमतों पर कंट्रोल करने में नाकाम हो गई है। राजनीतिक संरक्षण में बिचौलिए खूब पैसा कमा रहे रहे है और आमजन बड़ी मुश्किल के अपने परिवार का लालन पालन कर पा रहे है। सब्जी खरीद रही बुजुर्ग अम्मा रामकली बाई ने गुस्से भरे लिहजे में बोला की ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं ने प्याज खरीदना छोड़ दिया है। आगे बताया की जबसे महिलाओं को शासन से लाडली बहना का पैसा खाते में आता है तभी मार्केट में सब्जियों के भाव आसमान छूने लगते है।

# डबल लॉक में किसानों को नसीब नहीं यूरिया डीएपी

## ज़िम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही आई सामने

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक में संचालित डबल लॉक वेयर हाउस जो की ग्राम गुरु पिपरिया में स्थित है। जहां किसानों को रियायत दर पर यूरिया 267 रुपए प्रति बोरी एवं डीएपी 1350 रूपए प्रति बोरी की दर किसानों को मिल जाती है। वही बाजार में यूरिया 350 से 370 रूपये और डीएपी का भाव 1350 रूपये से लेकर 1400 रूपए प्रति बोरी की दर से पाटन के उर्वरक विक्रेता के द्वारा बेची जा रही है, जिसकी वजह से अधिकतर किसान डबल लाक से ही यूरिया,डीएपी खरीदना चाहते हैं लेकिन विगत डेढ़ माह से डबल लॉक में किसानों को यूरिया डीएपी खाद नही मिल रही है जिसकी वजह से पाटन ब्लाक का मेहनत कस किसान बाजार से खाद खरीदने मजबूर है। सहसन के किसान राम भरोसे पटेल ने बताया कि आज में गुरु पिपरियां के डबल लाक में यूरिया डीएपी खरीदने आया था मुझे आपरेटर ने बताया कि डीएपी विगत 15 दिनों से नहीं है एवं यूरिया का स्टॉक कल ही खत्म हुआ है। वही आपरेटर अजय पटेल ने बताया कि यूरिया का रेक़ 2 से 3 दिन में आने वाला है।

तिलंगवा के किसान छप्पन सिंह ने बताया कि डबल लाक में डीएपी यूरिया नही मिलने के कारण किसान भाई मजबूरन ओपन मार्केट से ऊंची दरों पर खाद खरीदकर बुआई कर रहे है




किसानों की इस समस्या पर ज़िम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे है जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**इनका कहना** –डबल लॉक में यूरिया डीएपी दो से तीन दिन में आ रही है। गुरु पिपरिया डबल लॉक में यूरिया डीएपी खाद की कमी से किसानों को हुई परेशानी के संबंध में उपर जिला विपणन कार्यालय को पत्र भेजा गया है अगले दो से तीन दिन में खाद आने की संभावना है।

**श्रीकांत यादव**
वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी
कृषि विभाग पाटन

## सार-समाचार




### ब्लड प्रेशर, शुगर नाड़ी परीक्षण संबंधित जानकारी नि:शुल्क दी गई

**कुंडम, देशबन्धु।** थाना कुंडम के समस्त पुलिस एवं अधिकारी को यूनीमेक्स इंडिया हेल्थ सेंटर जबलपुर से रोहित सोनी रितु मेहरा वर्ष वरकड़े निशा राजपूत के द्वारा कुंडम पुलिस थाना स्टाफ एवं थाना प्रभारी को ब्लड प्रेशर शुगर नारी परीक्षण संबंधित जानकारी निशुल्क दी गई है एवं स्वास्थ्य संबंधित उचित सलाई दी गई एवं आयुर्वेदिक दवाइयां उचित मूल पर दी जाएगी संस्था के सहयोग के लिए कुंडम थाना प्रभारी अनूप नामदेव जी स्वास्थ्य जानकारी लेते हुए यूनी मैक्स इंडिया हेल्थ सेंटर से आए हुए इनको धन्यवाद दिया है इस अवसर पर रूप रूप सिंह ए एस आई जसवंत सिंह ए एस आई कमल सिंह प्रधान आरक्षक राजकुमार प्रिंस पटेल सहित सभी ने स्वास्थ्य जानकारी के लिए संस्था से आए रोहित सोनी ने अन्य बीमारियों की देसी दवाइयां की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए पूर्ण रूप से जानकारी थाना कुंडम के समस्त स्टाफ को दिया।

### यात्री प्रतीक्षालय के पास सुलभ काम्प्लेक्स बना परेशानी का सबब

#### महिलाओं को हो रही परेशानी, नहीं लगाए गए दरवाजे



**गोसलपुर, देशबन्धु।** यात्री प्रतीक्षालय के नजदीक बनाया गया सुलभ शौचालय का निर्माण वर्तमान में अनेक परेशानियों का कारण बना हुआ है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम वासियों ने शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत कछपुरा मैं लंबे समय से यात्रियों को रोकने हेतु एकमात्र स्थान यात्री प्रतीक्षालय बना हुआ था जिसके एक हिस्से पर वर्तमान में ग्राम पंचायत के द्वारा महिला एवं पुरुष प्रसाधन का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कर दिया गया है सबसे बड़ी बात यह है कि प्रसाधन में दरवाजे नहीं लगाए गए हैं जिसके कारण महिलाएं प्रसाधन जाने में असहज महसूस करती साथ ही यात्री प्रतीक्षालय में बस का इंतजार कर रहे यात्रियों को प्रसाधन की बदबू भी आती है पानी की निकासी न होने के कारण भी बदबू , गंदगी फैल रही है इससे फैल रही है इससे बीमारियां होने की आशंका है। ग्राम वासियों ने उक्त संबंध में प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### आबकारी ने खेत में गड्ढे में छिपाई गई शराब की जब्त

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए पन्ना कलेक्टर हरजिंदर सिंह के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी भगवान सिंह परिहार के मार्गदर्शन में पूरे जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार चलाया जा रहा है ।

आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि थाना देवेंद्रनगर के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ी गुखोर में एक व्यक्ति अपने घर में स्थित अवैध शराब बेच रहा है । आबकारी टीम मौके पर पहुँची और पूरे घर की विधिवत तलाशी ली । लेकिन पूरे घर में कोई शराब के साक्ष्य नही मिले । तब आबकारी टीम में शामिल महिला नगर सैनिक (होम गार्ड) ने घर के पीछे स्थित खेत की विधिवत तलाशी ली तो एक पेड़ के नीचे संदिग्ध अवस्था में पेड़ की डालियां और पत्ते पड़े हुए थे।

# करवा चौथ व्रत पर व्रतधारी सुहागिनों ने चंद्रमा का दीदार कर व्रत खोला

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम में बुधवार को कार्तिक माह कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को व्रतधारी सुहागिन महिलाओं ने करवाचौथ व्रत रखा। रात में व्रतधारी सुहागिन महिलाओं ने आसमान की ओर चलनी से चंद्रमा का दीदार किया। चलनी की ओट से भगवान चन्द्रदेव के दर्शन किए।

**इस प्रकार किया पूजन**– गांधीग्राम में भी सुहागिन महिलाओं ने पूजन स्थल को गोबर से लीपकर, केले का पत्ता बिछाकर भगवान शिव-पार्वती व प्रथम पूज्य श्री गणेश को स्थापित कर पवित्र नदियों के जल व पंचामृत से स्नान कराया। भगवान के समक्ष गेहूं का करवा भरकर तथा श्री गणेश के सामने सात प्रकार की मिठाई चढ़ाकर पूजन कर करवा चौथ व्रत कथा कही। इसके पश्चात चलनी में मिट्टी का दीपक जलाकर स्वच्छ नीलगगन में निकले चंद्रमा का दीदार कर पति परमेश्वर का



दर्शन कर पति की आरती उतारकर पति के चरण पखार कर पति के हाथों मिठाई खाकर व्रत खोला। भगवान श्री गणेश से पति की दीर्घायु की कामना की। गाँधीग्राम में वन्दना मिश्रा,कल्पना मिश्रा,सन्ध्या मिश्रा, शशि असाटी, रीना असाटी, मीना असाटी,सुनीता त्रिपाठी,शोभना असाटी, रजनी असाटी,सन्ध्या मिश्रा, स्नेहलता द्विवेदी, साधना असाटी, श्रीमती डॉ धर्मेन्द्र पटेल सहित अनेक महिलाओं ने पूजन किया।

**कथा सुनी**–उपरोक्त व्रत की धार्मिक कथा का वाचन व श्रवण महिलाओं ने जाना कि करवा नाम की एक पतिव्रता स्त्री थी।उसका पति नदी किनारे स्नान कर रहा था।तभी मगर ने उसका पैर पकड़ लिया। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। अपनी जान बचाने करवा को पुकारने लगा। करवा ने आकर धागे से मगर का मुँह बांध दिया। फिर करवा अपने पति की प्राण रक्षा हेतु यमराज के पास गई। किंतु यमराज ने कहा कि मगर की मृत्यु का समय अभी नहीं है।मैं मंगर को नहीं मार सकता। पतिव्रता करवा ने यमराज से कहा मैं अभी तुम्हें श्राप दे कर नष्ट कर दूंगी। फिर यमराज ने मगर का वध कर करवा के पति की प्राणों की रक्षा की। करवा ने अपने पति के प्राण बचाए।तबसे सुहागन स्त्रियां पति की दीर्घायु हेतु करवाचौथ व्रत रखती है।

# नगर पालिका की सफाई व्यवस्था चौपट, लगे कचरे के ढेर

**पनागर, देशबन्धु।** नगर पालिका पनागर क्षेत्र अंतर्गत सफाई व्यवस्था बुरी तरह चौपट हो चुकी है। अनेक जगह-जगह कचरा की ढेर नजर आ रहे हैं तो वही नाली निकासी का कार्य ठीक ढंग से नहीं हो रहा है, जिसके कारण नालियां बंद हो जाती हैं नगर पालिका पनागर के सुपरवाइजर द्वारा ढंग से कम ना करवाए जाने के कारण नालियों का पानी भी रोड में बहता रहता है विद्यासागर वार्ड स्थित एवं गांधी वार्ड के रोड में नालिया अनेक जगह से चौक है जिसके कारण निस्तार का पानी दिन भर रोड पर बहता रहता है सफाई कर्मचारियों द्वारा ठीक से काम ना करने के आम जनता को एवं रोड पर



निकलने वाले राहगीर एवं पद यात्रियों को दिन भर में कीचड़ पानी से सामना करना पड़ता है नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी इस मार्ग से हमेशा निकलते हैं लेकिन उनको आम जनता की परेशानी से कोई लेना-देना नहीं हैविद्यासागर वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती ज्योति जैन नायक एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया किसी भी नालियों का कचरा निकाल कर बंद एवं चौक नालियों को खोला नहीं गया तो नगर पालिका के सामने धरना देकर आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

# आचार संहिता में रात 12 बजे तक खुल रही हाईवे में शराब दुकानें

**कोतमा, देशबन्धु।** जिले में लगी आचार संहिता पर जहां पुलिस अवैध गतिविधियों सहित अवैध कार्यो पर लगाम कसने मुस्तैद नजर आ रही है। लेकिन कोतमा-बिजुरी हाईवे मार्ग में संचालित अंग्रेजी देशी कम्पोजिट शराब दुकान के संचालक आचार संहिता में नियमविरूद्ध तरीके से रात लगभग 12 बजे तक शराब दुकान खोली जा रही है। इतना ही नही कोतमा तहसील क्षेत्र के दर्जनों से अधिक गांवों में आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर स्थानीय लाइसेंसी शराब ठेकेदार अवैध शराब बिक्री करवाई जा रही है। इस मुद्दे पर ना तो जिला प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही पुलिस प्रशासन द्वारा नियत समय से अधिक शराब दुकान खोले जाने पर कार्याही की जा रही है। एक तरफ कलेक्टर ने निष्पक्ष चुनाव को लेकर गांवों में शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिये तथा अवैध शराब की बिक्री को तत्काल रोकते हुये कार्यवाही किये जाने आबकारी अधिकारी को सख्त निर्देश दिए है।

# स्वर्णकार कला प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति सूची जारी

**कुंडम, देशबन्धु।** स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के जबलपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश सोनी ने प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी स्वर्णकार कला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री योगेश सराफ जी के अनुमोदन से अशोक सोनी को ब्लॉक अध्यक्ष कुंडम पवन सोनी को ब्लॉक अध्यक्ष सिहोरा दिनेश सोनी को ब्लॉक अध्यक्ष बरेल जय कुमार सोनी को ब्लॉक अध्यक्ष पनागर देवेन्द्र सोनी ब्लॉक अध्यक्ष पाटन राजेश सोनी ब्लॉक अध्यक्ष मझौली नितेश सोनी ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुरा श्री माखन सोनी नगर अध्यक्ष कटंगी वैभव सोनी ब्लॉक अध्यक्ष बरगी अतुल सोनी नगर अध्यक्ष बाघराजी द्व शिरीष सोनी जिला जिला उपाध्यक्ष जबलपुर आदित्य सराफ जिला महामंत्री जबलपुर अनिकेत सोनी जिला महामंत्री कुंडम प्रतीक सोनी जिला उपाध्यक्ष जबलपुर स्वर्णकार काल प्रकोष्ठ जबलपुर जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजेश सोनी ने यह नियुक्ति जारी कर आशा व्यक्त की है कि जहां सरकार बनने पर सभी पदाधिकारी और सरकार समाज को श्री कमलनाथ जी के द्वारा सभी लोगों को अच्छा सम्मान और स्थान मिलेगा उसके साथ-साथ 17 नवंबर को मध्य प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी

# भारत को एक माला में पिरोने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती मनाई

**पाटन, देशबन्धु।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148 वी जयंती कुर्मी क्षत्रिय समाज सेवा संस्थान के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई है। संदीप पटेल ने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई बहन की जयंती ग्राम निगरि में कुर्मी एकता दिवस के रूप में मनाई गई है। इस शुभ अवसर पर वल्लभ भाई पटेल जी की 6 फीट ऊंची संगमरमर की प्रतिमा का अनावरण कुर्मी समाज के हजारों भाई बहिन, युवक युवतियों, बालक बालिकाओं की उपस्थिति में मनाई गई।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर पुष्पराज सिंह पटेल जबलपुर के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ बताया जा रहा है कि कुर्मी सेवा संस्थान मनमोहन नगर जबलपुर वा कुर्मी क्षत्रिय समाज ग्रामीण क्षेत्रों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कुर्मी एकता दिवस



कार्यक्रम का आयोजन बरगी ब्लॉक की स्थानीय इकाई के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में जबलपुर, सिहोरा, मझौली, पनागर, पाटन, शहपुरा आदि तहसीलों में निवासरत कुर्मी भाईयो ने विशेष सहयोग प्रदान किया लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की मूर्ति निजी जमीन पर स्थापित की गई है। उक्त जमीन के मालिक विजय, राजेश, राकेश, दिलीप पटेल की संयुक्त भूमि है। कुर्मी क्षत्रिय सेवा समाज के मीडिया प्रभारी इंद्रकुमार पटेल ने बताया की जो मूर्ति स्थापित की गई है वह राजस्थान से मंगाई गई है। वही कुर्मी क्षत्रिय सेवा संस्थान ने दसवीं, बारहवीं के मेधावी छात्र छात्राओं जिनके 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक आए थे उन सभी को सम्मानित किया है। समारोह आयोजक कुर्मी सेवा संस्थान मनमोहन जबलपुर के अध्यक्ष नारायण सिंह चौधरी, सचिव देवी प्रसाद पटेल, हरी प्रसाद पटेल, महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती अलका मधुसूदन पटेल, श्रीमती पुष्पा पटेल आदि का विशेष सहयोग रहा है।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**सीधी, देशबन्धु।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपी किशन उर्फ कृष्ण कुमार तिवारी तनय सूर्यबली तिवारी उम्र 29 वर्ष निवासी सोनवर्षा को पॉक्सो एक्ट की धारा 3 सहपठित धारा 4/1 के आरोप में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 रूपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

बताया गया कि फरियादिया संगीता व्दिवेदी पति अनिल कुमार व्दिवेदी उम्र 35 साल निवासी सोनवर्षा थाना अमिलिया ने थाना कोतवाली सीधी में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बडी लडकी प्रान्शू शर्मा उम्र 16 साल अपने नाना के घर अकौरी में रहकर पढाई करती है। 4 अगस्त 2021 को उसकी लडकी ज्याादा बारिश होने के कारण ग्राम रजडिहा में अपनी सहेली शालनी व्दिवेदी के घर में रूक गई थी। दिनांक 5 अगस्त को प्रान्शू की सहेली शालनी ने उसे फोन करके बतायी कि तुम्हारी लडकी से मिलने दो लडके किशन तिवारी निवासी सोनवर्षा व बिष्णु



तिवारी निवासी पडखुरी के आये थे, जो प्रान्शू उन्ही के साथ चली गई है। जिसकी शिकायत पर थाना कोतवाली सीधी में धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना अभियोक्त्री को 18अगस्त को थाना जमोड़ी अंतर्गत दस्तयाब कर परिजन को सौंपा गया एवं अभियोक्त्री से पूंछताछ करने पर पता चला कि आरोपियों द्वारा उसे जबरदस्ती उसकी सहेली के घर से हडबडो ले कर गये और वहां पर किशन तिवारी ने उसके साथ गलत काम किया एवं उसके बाद सूरत ले जाकर किराये के मकान में रखा। उसके पश्चात वापस हडबडो अपनी बुआ के घर आ गया। जहां से अभियोक्त्री को दस्तयाब किया गया। न्यायालयीन सत्र प्रकरण में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा द्वारा अभियुक्त को दोषी प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा आरोपी को सजा सुनाई गई।

## पकिस्तान में वैन-कार की टक्कर से चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब में यात्री वैन और कार के बीच टक्कर से कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई और कयी अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रांत के डेरा गाजी खान जिले के झोक यार खान इलाके में सिंधु राजमार्ग पर उस समय हुई , तेज रफ्तार यात्री वैन एक कार से टकरा गई। घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घायलों में से एक ने नजदीकी अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

# हमास ने हमला बोला इजरायल में, पर खलबली मची है अमेरिका में

## एफबीआई, चीफ की क्यों उड़ी नींद?



अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने मंगलवार को चेतावनी दी कि 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले के परिणामस्वरूप, अमेरिका पर इस्लामिक स्टेट के हमले का खतरा बढ़ गया है।

रे ने कहा कि 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमास के हमलों ने ढ्ढस्ढ्ढस् समेत कई आतंकी संगठनों को अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों के खिलाफ हमला करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू अमेरिकी हिंसक चरमपंथियों का खतरा भी बढ़ गया है।एफबीआई निदेशक ने कहा, हमास और उसके सहयोगियों की कार्रवाई एक प्रेरणा के रूप में काम करेगी जैसा कि हमने कई साल पहले आईएसआईएस द्वारा तथाकथित खिलाफत शुरू करने के बाद से नहीं देखा है। उन्होंने कहा कि लगभग 10 साल पहले इस्लामिक स्टेट के उदय के बाद से अमेरिका को सबसे गंभीर आतंकी खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

इस बीच, अमेरिकी सीनेट की होमलैंड सुरक्षा और सरकारी मामलों की समिति ने संयुक्त राज्य अमेरिका पर संभावित खतरों पर चर्चा के लिए एक सुनवाई की है। रे ने कहा कि गाजा में संघर्ष शुरू होने के बाद से विदेश विभाग ने यहूदी, मुस्लिम और अरब अमेरिकियों के खिलाफ खतरों में वृद्धि देखी है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने इस महीने विदेशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी हमले बढ़ा दिए हैं। ईरान इज़रायल की उत्तरी सीमा पर लेबनान में एक अन्य इज़रायल विरोधी समूह हमास और हिजबुल्लाह का समर्थन करता है।

### इजरायल-हमास युद्ध की आंच बाइडेन की कुर्सी तक आई

रे ने कहा कि अगर मिडिल-ईस्ट में संघर्ष बढ़ता है तो ईरान के अलावा अन्य संगठनों की तरफ से अमेरिका के खिलाफ साइबर हमले भी बढ़ सकते हैं। सुनवाई में होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव एलेजांद्रो मयोरकास ने गवाही दी। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में संकट के बाद अमेरिका में यहूदी छात्रों को नफरत का सामना करना पड़ा है, जिससे यहूदी विरोधी भावना में वृद्धि हुई है। इस मुद्दे पर व्हाइट हाउस ने भी चिंता जताई है। अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने अमेरिकी न्याय विभाग को इजरायली जांचकर्ताओं को हमास में वित्तीय प्रवाह को ट्रैक करने में मदद करने का निर्देश दिया है।

## गाजा पर हमलों के बीच इजरायल को बड़ा झटका, इस देश ने तोड़े रिश्ते, कई ने वापस बुलाए राजदूत

**तेलअवीव।** गाजा पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे इजरायल को दक्षिण अमेरिकी देश बोलिविया ने झटका दिया है। बोलिविया ने इजरायल के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों को खत्म करने का ऐलान किया है। इसके अलावा कई अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों ने इजरायल से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है।



बोलिविया के उप विदेश मंत्री फ्रेडी मामानी ने मंगलवाल रात को कहा, हमने इजरायल के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों को खत्म करने का निर्णय लिया है। ऐसा इजरायल की ओर से गाजा पट्टी पर लगातार जारी हमलों और नागरिकों की मौतों के विरोध में किया गया है। यही नहीं एक अन्य मंत्री मारिया नेला प्राडा ने ऐलान किया है कि बोलिविया की ओर से गाजा पट्टी को मानवीय सहायता भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि गाजा पट्टी पर हमलों को तुरंत रोका जाए।

अब तक हजारों लोगों की इसमें मौत हो चुकी है, जिनका जंग या फिर इजरायल पर हमले से कोई ताल्लुक नहीं था।

इन हमलों की वजह से लाखों फिलिस्तीनी बेघर भी हुए हैं। बोलिविया के पड़ोसी देशों कोलंबिया और चिली ने भी इजरायल से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का ऐलान किया है। इन देशों ने भी गाजा पट्टी पर हमले रोककर तत्काल सीजफायर लागू करने की अपील की है।

## आज का इतिहास

1534 – सिखों के चौथे गुरु रामदास का जन्म हुआ था।
1834 – एटलस नामक जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था।
1841 – अकबर खान ने अफगानिस्तान में शाह शुजा के खिलाफ विद्रोह किया।
1852 – फ्रेंकलिन पियर्स अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे।
1914 – रूस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की थी।
1936 – बीबीसी ने टेलीविजन सेवा शुरू की थी।
1950– नोबेल पुरस्कार विजेता, महान नाटककार एवं कुशल राजनीतिज्ञ जार्ज बर्नार्ड शा का निधन हुआ था।
1960 – बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीतकार अनु मलिक का जन्म हुआ था।
1965 – बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख़ ख़ान का जन्म हुआ था।
1982 – प्रसिद्ध पहलवान योगेश्वर दत्त का जन्म हुआ था।
1984 – अमेरिका में 1962 के बाद पहली बार एक महिला वेल्मा बारफिल्ड को फांसी की सजा दी गयी थी।
1999 – पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिकी केन्द्रों पर रॉकेट से हमला हुआ था।
2002 – पीडीपी के नेता मुफ्ती मोहम्मद सईद ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया।

## सुडोकू 6364

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## गाजा के सबसे बड़े राहत कैंप पर इजरायल की बमबारी, अलजजीरा कर्मचारी के 19 लोगों का परिवार खत्म

**नई दिल्ली।** इजरायली सेना गाजा पट्टी के राहत कैंप पर हवाई हमला करके एक ही झटके में कई लोगों को मौत की नींद सुला दिया। आईडीएफ का दावा है कि इस हमले में हमास के करीब 50 आतंकी ढेर किए जा चुके हैं। रिपोर्ट है कि इस हमले में अल जज़ीरा के लिए काम करने वाले एक इंजीनियर ने अपने 19 परिजनों को खो दिया। इजरायल अब हमास के खिलाफ जंग में गाजा पट्टी पर जमीनी लड़ाई शुरू कर चुका है। इजरायल ने हमास आतंकियों को निशाना बनाते हुए गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर पर बमबारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गाजा ब्यूरो में काम करने वाले मोहम्मद अबू अल-कुम्सन ने जबालिया कैंप पर इजरायली हवाई हमले में अपने पिता, भाई, दो बहनों और आठ भतीजों और भतीजियों को खो दिया, अल जज़ीरा ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा, इजरायली सेना द्वारा किया गया नरसंहार। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ दिन पहले, अल जजीरा के एक संवाददाता ने इजरायली हवाई हमले में अपनी पत्नी, बेटे, बेटी और पोते को खो दिया था। गाजा पट्टी में लगातार हमला कर रहा इजरायल हमास को जड़ तक कुचलने की कसम खा चुका है। सेना ने एक बयान में कहा है कि जबालिया शिविर पर हमले में 47 लोग मारे गए, जिसमें एक शीर्ष हमास कमांडर इब्राहिम बियारी भी शामिल था।

### इजराइली सेना ने की गाजा में मारे गए 9 सैनिकों की पहचान

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने हमास-नियंत्रित क्षेत्र में सेना के चल रहे जमीनी हमले के बीच गाजा पट्टी में मारे गए अपने नौ सैनिकों की पहचान की है। मृत सैनिकों की पहचान लेफ्टिनेंट एरियल रीच, कॉर्प आसिफ लुगर, सार्जेंट आदि डुनान, स्टाफ सार्जेंट हलेल सोलोमन, स्टाफ सार्जेंट एलेल मिशलोव्स्की, स्टाफ सार्जेंट आदि लियोन, कर्नल इडो ओवाडिया, सीपीएल लियोल सिम्नोविच और स्टाफ सार्जेंट रोई डावी के रूप में की गई। मंगलवार को 11 इज़रायली सैनिक मारे गए। आईडीएफ ने यह भी कहा कि 27 अक्टूबर को जमीनी हमला शुरू होने के बाद से हमास के कई आतंकवादी मारे गए। मंगलवार रात गाजा में जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले के दौरान, सेना ने दावा किया कि उसने हमास की सेंट्रल जबालिया बटालियन के कमांडर इब्राहिम बियारी को खत्म कर दिया। बियारी 7 अक्टूबर को आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार नेताओं में से एक था। आईडीएफ ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आईडीएफ ने क्षेत्र में हमास की कमान और नियंत्रण को नुकसान पहुंचाया और बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराया जो बियारी के साथ थे।

### आईडीएफ ने लेबनान से दागी गई मिसाइल को मार गिराया

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उसने पिछली रात लेबनान की ओर से दागी गई मिसाइल को मार गिराया। अतिरिक्त विवरण दिए बिना, सेना ने कहा कि उसने उस स्थान पर हमला किया और नष्ट कर दिया जहां से मिसाइल दागी गई थी। लेबनानी-इजरायल सीमा पर तनाव तब शुरू हुआ, जब हिजबुल्लाह ने 7 अक्टूबर को यहूदी राष्ट्र पर हमास के हमले के समर्थन में 8 अक्टूबर को इजरायली सैन्य स्थलों की ओर कई रॉकेट दागे। जवाब में, इजरायली सेना ने उसी दिन दक्षिणपूर्वी लेबनान पर गोलाबारी की बुधवार को भी, आईडीएफ ने कहा कि उसने इजरायली शहर इलियट के दक्षिण में एक क्षेत्र में लाल सागर में ऐसे ही हमले को असफल कर दिया।

# अमेरिका बना रहा है नया परमाणु बम बी 61-13, मचा सकता है इतनी तबाही



**वॉशिंगटन।** अमेरिका नया और पहले से ज्यादा ताकतवर परमाणु बम बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इस बम के निर्माण की संसद में मंजूरी नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि यह बम साल 1945 में जापान के हिरोशिमा पर फेंके गए परमाणु बम से 24 गुना तक ज्यादा ताकतवर होगा।

खास बात है कि अमेरिका की तरफ से यह घोषणा ऐसे समय पर की गई है, जब चीन 2030 तक परमाणु हथियार दोगुने करने की बात कह चुका है। नए बम का नाम बी61-13 बताया जा रहा है और यह ग्रेविटी बम का आधुनिक वर्जन होगा।

अमेरिकी रक्षा विभाग से जारी रिलीज के अनुसार, 'आज रक्षा विभाग ने ऐलान किया की अमेरिका बी61 परमाणु ग्रेविटी बम के आधुनिक वर्जन बी61-13 को बनाने का काम शुरू करने जा रहा है। ऊर्जा विभाग के राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा प्रशासन बी61-13 को बनाएगा।'

सहायक रक्षा सचिव जॉन प्लम्ब ने कहा है कि अमेरिका की जिम्मेदारी है कि किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए आवश्यक क्षमताओं का आकलन जारी रखें और जरूरत होने पर रणनीतिक हमलों का जवाब दें। पेंटागन का कहना है कि इस बम के चलते संभावित विरोधियों को अमेरिका को चुनौती देना और मुश्किल हो जाएगा। आगे बताया गया कि नया बम राष्ट्रपति को बड़े निशाने और मुश्किल सैन्य ठिकानों पर हमला करने का विकल्प भी देगा। हालांकि, इस दौरान चीन या रूस के नाम का जिक्र नहीं किया गया है।

पेंटागन ने कहा कि बी61-13 को बनाने का फैसला किसी खास घटना को देखते हुए नहीं लिया गया है, बल्कि यह दुनिया की सुरक्षा स्थिति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहता है कि वह तेजी से बदलती इस दुनिया में मजबूत और सुरक्षित रहे।

### 360 किलोटन होगा वजन

अमेरिकी रक्षा विभाग का कहना है कि बी61-13 का अधिकतम भार 360 किलोटन होगा। रक्षा मंत्रालय बी61-12 का समर्थन करने वाली वर्तमान स्थापित उत्पादन क्षमताओं का लाभ उठाते हुए केवल बी61-13 का कुछ ही उत्पादन करेगा।

## कोलंबिया, चिली ने इजराइल से अपने राजदूत वापस बुलाए

**बोगोटा/सैंटियागो, ( आईएएनएस )।** गाजा में हमास-इजरायल संघर्ष के बीच कोलंबिया और चिली ने इजरायल में अपने-अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है।

बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में, कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा- मैंने बातचीत के लिए इज़राइल में अपने राजदूत को बुलाने का फैसला किया है। अगर इज़राइल फिलिस्तीनी लोगों का नरसंहार नहीं रोकता है, तो हम वहां नहीं रह सकते। मंगलवार देर रात एक बयान में, कोलंबियाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार गाजा में इजरायली सुरक्षा बलों के हमलों की कड़ी निंदा करती है। सरकार इस दायित्व को दोहराती है कि इजरायल के सुरक्षा बलों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का पालन करना होगा। इसमें कहा गया है, दुनिया के सभी देशों द्वारा दोनों देशों की पूर्ण मान्यता से ही क्षेत्र में शांति आएगी।

इस बीच, चिली के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इज़राइल में दूत को वापस बुलाने का निर्णय गाजा पट्टी में देश केअंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघन को लेकर था।

मंत्रालय ने कहा, चिली कड़ी निंदा करता है और बड़ी चिंता के साथ कहता है ये सैन्य अभियान गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक आबादी को सामूहिक सजा दे रहा है, अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान नहीं कर रहा है। आठ हजार से अधिक नागरिकों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इसमें कहा गया है कि चिली के राष्ट्रपति ने सैकड़ों हजारों आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों और नागरिक पीड़ितों की मदद के लिए मानवीय सहायता अभियान चलाने के लिए शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया।


## हमास को समझने में नेतन्याहू भी खा गए गच्चा



**तेलअवीव।** जब 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर आतंकी हमला बोला और 1400 इजरायलियों को एकसाथ मौत के घाट उतार दिया, तब कई लोग इसकी भयावहता को समझने के लिए हमास की तुलना इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया यानी आईएसआईएस से करने लगे। इसके बाद सोशल मीडिया पर हैशटैग ट्रेंड करने लगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी उन लोगों में शामिल हैं जो हमास और आईएएसआईएस को एक समान समझने की भूल कर बैठे। हालांकि, इस्लामिक मूवमेंट के स्कॉलर और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले अधिकारियों ने इस तुलना को ही खारिज कर दिया। 2006 से हमास के साथ इजरायल के प्रमुख बंधक वार्ताकार रहे गेर्शोन बास्किन ने साफ किया है कि भले ही हमास और आईएसआईएस की आतंकी हरकतें मिलती-जुलती हैं, लेकिन उनकी विचारधारा बिल्कुल एक जैसी नहीं है।

इन दोनों आतंकी संगठनों में पहला और सबसे महत्वपूर्ण अंतर यह है कि हमास एक फिलिस्तीनी राष्ट्रवादी और इस्लामी आंदोलन है। यही मिश्रित और दोहरी पहचान इसे आईएसआईएस से अलग करती है, जबकि आईएसआईएस एक अंतरराष्ट्रीय पैन-इस्लामिक आंदोलन है जो किसी भी राष्ट्रवादी आंदोलन से मुक्त एक सार्वभौमिक उम्मा, या मुस्लिम विश्वासियों के समुदाय का एक इस्लामिक राज्य बनाना चाहता है।

## वर्ग पहेली 6364




**बायें से दायें:-**

१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीना
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर (उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो भी मांगों वह देता है
१०. वह जिसे फैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो (उर्दू)
११. परिमाण, मात्रा, मापतौल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१५. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७. अकस्मात
१९. व्यर्थ, बेकार (उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुस्तैदी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. बुद्धिमान (उर्दू)
४. वश में करने वाला
५. रोका हुआ, कुछ समय के लिए आगे बढ़ाया हुआ, ढाक या छिपा हुआ
९. धन-दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्यप्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जख्म जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति, भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

### वर्ग पहेली-6363



युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

**चिंता** *कम नहीं हो रहीं जम्मू फ्रंटियर के बार्डर से सटे गांवों में रहने वालों की परेशानियां*

# पिछले कुछ वर्षों में पाक बढ़ाता जा रहा गोलीबारी का दायरा

■ **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, (देशबन्धु)। जम्मू फ्रंटियर के गांवों में रहने वालों की दुखभरी दास्तानों की शुरुआत फिर से हो गई है। जम्मू सीमा पर गोलाबारी का क्रम फिर से आरंभ हो गया है। नतीजन गांवों के उजड़ने और बसने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

यह भी एक कड़वा सच है कि जम्मू बार्डर के गांवों का हर घर सीने पर पाकिस्तानी गोलियों का जख्म लिए हुए है। और फिर से आरंभ हुई गोलीबारी ने एक बार फिर दन जख्मों को हरा कर दिया है। शायद ही किसी घर की ऐसी दीवार हो जिस पर गोलाबारी के निशान न हों। बच्चों को तो सुरक्षित स्थानों पर भेज देते हैं, लेकिन परिवार का हिस्सा पशु धन को किसके हवाले छोड़ें। ऐसा मंजर है, पाकिस्तान से लगते बार्डर से सटे अरनिया क्षेत्र के गांवों का। एक साल के बाद फिर से पाक सेना द्वारा सीजफायर उल्लंघन का ही परिणाम है कि अला गांव के सैनी समुदाय के लोग अपना दुखड़ा बयां करते भावुक हो जाते हैं। सभी लोग गोधन को लेकर चिंतित हैं। गायों व भैंसों को खुला छोड़ नहीं सकते और गले में रस्सी बंधी हो और वह मर जाए, यह कैसे सहन करेंगे। अतीत में गोलाबारी के कारण कई लोगों को औने-पौने दाम में पशुओं को बेचना पड़ा।



■ **पाकिस्तान रेंजरों द्वारा दागे जा रहे अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेल**


अबकी चिंता यह भी है कि गांव व घर छोड़कर चले जाएं तो कहीं चोर सक्रिय न हो जाएं। इस कारण उनकी नींद भी उड़ चुकी है। हालांकि एक साल से इंटरनेशनल बार्डर पर शांति बनी हुई थी। पर यह सच है कि पिछले वर्षों में पाक गोलाबारी का रेंज बढ़ाता ही जा रहा है। पिछले कुछ वर्ष से पाक रेंजरों ने अपनी तोपों के रेंज बढ़ाकर सीधा भारतीय रिहायशी गावों की तरफ निशाना साध रखा था। जीरो लाइन के अलावा छह किमी के दायरे के गांव भी अब पाक गोलाबारी से सुरक्षित नहीं माने जाते रहे हैं। बार्डर के साथ लगते साबा, रामगढ़, अरनिया, आरएस पुरा, हीरानगर, अखनूर, पल्लांवाला, छंब आदि सेक्टरों में होने वाली पाक गोलाबारी से रिहायशी गावों पर गोलाबारी का संकट है। पाक रेंजरों की तरफ से आम लोगों को नुकसान पहुंचाने के लिए हर किस्म के अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेलों को भी चार दिन पहले हुई गोलाबारी में प्रयोग में लाया गया है। मौजूदा समय में अरनिया सेक्टर में पाक रेंजरों द्वारा दागे गए अधिक क्षमता वाले मोर्टार शेल इस बात का पुख्ता सबूत हैं। पाक रेंजरों ने अरनिया सेक्टर में अधिक क्षमता वाले ऐसे कई मोर्टार शेल दागे, जिनसे हर तरफ तबाही का मंजर स्थापित हुआ।

पाक की इन नापाक हरकतों और आम जनता को पहुंचाए जाने वाले नुकसान ने अब सीमांत लोगों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। पाक तोपों के बढ़ते रेंज के आगे सीमात लोगों को अब कहीं पर भी अपना जीवन सुरक्षित महसूस नहीं होता। वर्ष 2015 से लेकर मौजूदा समय तक पाक गोलाबारी की शैली में लगातार बदलाव हुआ है।

# खेल जगत

## वनडे रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बने पाकिस्तान के शाहीन आफरीदी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के इन-फॉर्म तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग के अनुसार, सात स्थानों की छलांग लगाकर इस प्रारूप में नंबर 1 वनडे गेंदबाज बन गए। आफरीदी ने अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ दिया। भारत के मोहम्मद सिराज (तीसरे) और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (चौथे) को एक स्थान का नुकसान हुआ है, भारत के कुलदीप यादव (सातवें) और बांग्लादेश के मुजीब उर रहमान (आठवें) दोनों की स्पिन जोड़ी शीर्ष 10 में दो स्थान के फायदे के साथ है। आफरीदी वर्तमान में विश्व कप में एडम ज़म्पा के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, दोनों ने 16-16 विकेट लिए हैं।




# भारत की निगाहें श्रीलंका को भी हरा लगातार सातवीं जीत के साथ शीर्ष पर बने रहने पर

■ श्रीलंका से भारत के विजय रथ को रोकने की उम्मीद बेमानी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




नई दिल्ली। रंग में चल रहे धुरंधर विस्फोटक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई में जीत का छक्का जड़ चुके भारत की निगाहें अब श्रीलंका को भी बृहस्पतिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हरा कर मौजूदा आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप में अपनी जीत का सिलसिला जारी रख लगातार सातवीं जीत के साथ शीर्ष पर बने रहने पर लगी हैं। वहीं अपने छह में से चार मैच हारने और मात्र दो जीतने वाली श्रीलंका से भारत के हाल ही के दमदार प्रदर्शन के मद्देनजर उसके विजय रथ को रोकने की उम्मीद बेमानी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच विराट कोहली की जीवट भरी बल्लेबाजी और इंग्लैंड के खिलाफ छठा मैच अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के गेंद से कहर से कुछ लडखड़ाने के बाद जीता। इंग्लैंड के खिलाफ चाहे वह तेज गेंदबाज बुमराह हों या फिर मोहम्मद शमी और निचले मध्यक्रम में बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव ने विश्वास से बल्ले से प्रदर्शन कर दर्शाया कि भारत के पास हर मुश्किल स्थिति से उबारने के लिए अलग -अलग नायक हैं। भारत की कोशिश 2003 और 2007 में ऑस्ट्रेलिया की तरह अजेय रहकर खिताब जीतने पर लगी है। बहुत क्रिकेट पंडितों व भारतीय प्रशंसक बस यही कामना कर रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंचने पर भी उसके कौशल के साथ तकदीर भी साथ रहे और फाइनल में पहुंचे।

लगातार छह जीत के साथ एक पैर सेमीफाइनल में रख चुके की बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ जीत उसके अंतिम चार में पहुंचने को लेकर किसी भी गुणा भाग और अगर मगर को खत्म कर देगी। तब भारत के लगातार सातवीं जीत के साथ 14 अंक हो जाएंगे और वह सबसे पहले सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम होगी। भारत की कोशिश शीर्ष पर रह कर सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर लगी है और उसने इस ओर अपने मजबूत कदम बढ़ा भी दिए हैं। भारत और श्रीलंका ने अब तक वनडे विश्व कप के इतिहास में हुए कुल नौ मुकाबले में से चार-चार जीते हैं जबकि एक बेनतीजा खत्म हुआ है। भारत ने 2019 में पिछले संस्करण में कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल के शतकों और जसप्रीत बुमराह के गेंद से कमाल की बदौलत श्रीलंका को सात विकेट से शिकस्त दी थी। भारत ने श्रीलंका से एशिया कप फाइनल सहित अपने पिछले लगातार पांच मैच जीते हैं। भारत ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को लखनऊ में पहली बार पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर कम स्कोर वाले मैच में जिस तरह अपने अनुभवी सदाबहार रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह के गेंद से कहर से सौ रन से शिकस्त दी उससे यह साफ हो गया कि उसके गेंदबाजों को भी अपनी टीम को मझधार से निकालना आता है।

अब तक मौजूदा संस्करण में एक एक शतक जड़ चुके पहले स्थान पर चल रहे कप्तान रोहित शर्मा (कुल 398 रन), दूसरे स्थान पर चल रहे विराट कोहली (कुल 354 रन) के साथ केएल राहुल (कुल 271 रन) ने मैच के मिजाज के मुताबिक जोश के साथ होश भी दिखाकर भारत को अब तक के लगातार छहों मैच जीत दिलाने में योगदान किया। शुभमन गिल ने चार मैच खेल कर एक अर्द्धशतक सहित भले ही अब कुल 104 रन बनाए हैं लेकिन वह क्रीज पर एकदम सहज दिखे। बल्लेबाजी में भारत की अकेली चिंता शुरू के छहो मैच खेलने वाले श्रेयस अय्यर (कुल 134 रन) का पहले न्यूजीलैंड और फिर इंग्लैंड के खिलाफ शॉर्ट गेंद पुल करने की कोशिश में कैच थमा अपना विकेट गंवाना है। श्रेयस को ऐसे में एकादश में बने रहने के लिए सूर्यकुमार यादव और बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण इशान किशन से चुनौती मिल रही है।

भारत की लगातार छह जीत का सबब यह है कि हार्दिक पांडया के चौथे मैच में चोट खाने के बाद उपलब्ध न होने के बावजूद शानदार जीत दर्ज कर बताया कि उसके पास उसे मुश्किल स्थिति से उबारने वाले खिलाड़ी हैं। भारत ने शुरू के पांच मैचों में लगातार लक्ष्य का पीछा करते हुए हासिल की। कप्तान दसुन षणाका और तेज गेंदबाज लाहिरु कुमार जैसे अपने कई शीर्ष खिलाडियों के चोट के चलते श्रीलंका टीम से बाहर होने से श्रीलंका की टीम की टीम सही संयोजन के लिए मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को हराने को छोड़ बराबर संघर्ष करती दिखी।

## डिकॉक और दुसें का प्रहार, न्यूजीलैंड को बनाने होंगे 358




**पुणे।** क्विंटन डिकॉक(114) और रासी वान दर दुसें (133) के बीच दूसरे विकेट के लिये 200 रन की साझीदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट खोकर 357 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया।

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की रनो से भरपूर पिच पर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को शुरुआती ओवरों में मदद मिली,नतीजन डिकॉक और कप्तान तेम्बा बवूमा (24) को खेलने में परेशानी नजर आयी। कुछ अच्छी बाउंड्री से दर्शकों की वाहवाही लूट चुके बवूमा हालांकि नौवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट का शिकार बने जिनका कैच स्लिप में खड़े मिचेल सैंटनर ने लपका मगर नये बल्लेबाज दुसें के क्रीज पर आते ही रनो की रफ्तार तेज हो गयी। दुसें और डिकॉक ने कीवी गेंदबाजों को बगैर कोई मौका दिये मैदान के चारों ओर रन बटोरना शुरु कर दिया। खतरनाक रूप ले चुकी इस साझीदारी को तोड़ने के लिये कप्तान टॉम लेथम ने बदल बदल कर गेंदबाजों को लगाया। इस बीच डिकॉक ने 98 के स्ट्राइक रेट से विश्व कप में अपना चौथा शतक पूरा किया। उनके एक दिवसीय करियर का यह 21वां शतक था। दूसरे छोर में दुसें ने भी अपनी शतकीय पारी के दौरान 118 गेंद खेल कर नौ चौके और पांच छक्के लगाये।

न्यूजीलैंड के अनुभवी टिम साउदी ने 40वें ओवर में डिकॉक का विकेट लेकर अपनी टीम को राहत पहुंचायी मगर तब तक दक्षिण अफ्रीका बड़े स्कोर को ओर बढ़ चली थी। नये बल्लेबाज डेविड मिलर (53) ने तूफानी अंदाज में कीवी गेंदबाजों पर प्रहार किया और मात्र 30 गेंदो में दो चौके और चार छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच दुसें टिम साउदी के दूसरे शिकार बने जबकि मिलर का विकेट जिमी नीशम ने उखाड़ा।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 6 | 6 | 0 | 0 | 12 |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 |
| श्रीलंका | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |

## बाबर आजम स्पिन के खिलाफ सहज नहीं दिखाई देते : रमीज राजा



नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने रमीज राजा ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी पारी की शुरुआत में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने में सहज महसूस नहीं करते हैं और उन्होंने बाद में उन्हें शतक के साथ वापसी करने की सलाह दी। आईसीसी विश्व कप 2023 के अब तक सात मैचों में बाबर ने 30.85 की औसत से 216 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक उनके नाम हैं। सात पारियों में से, वह स्पिनरों कॉलिन एकरमैन, मेहदी हसन मिराज, नूर अहमद, तबरेज़ शम्सी और एडम ज़म्पा द्वारा पांच बार आउट हुए हैं।

रमीज ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए बाबर को टर्निंग ट्रैक पर स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए स्वीप शॉट खेलने का सुझाव दिया, यदि आप उसकी बल्लेबाजी में गलती ढूंढना चाहते हैं, तो जब वह पारी की शुरुआत करता है तो स्पिन के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी होती है। रमीज ने कहा, स्पिन के खिलाफ वह उतना धाराप्रवाह नहीं है जितना वह तब होता है जब वह गति का सामना कर रहा होता है। मुझे नहीं पता कि यह उसका फुटवर्क है या यह उसके दिमाग में है, या क्या उसके पास बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं क्योंकि वह स्वीप शॉट नहीं खेलता है। धीमी पिचों पर आपको स्वीप शॉट खेलने की जरूरत होती है।

बाबर का स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष मौजूदा विश्व कप में पाकिस्तान टीम के लिए एक बड़ा झटका है। रमीज़ को लगता है कि इस तरह से आउट होने से बल्लेबाज के आत्मविश्वास में कमी आती है। उन्होंने कहा, जब भी वह आक्रामक रहा है, वह आउट भी हुआ है। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने जोरदार छक्का लगाया और फिर गलत समय पर आउट हो गए। रमीज ने कहा, उसे बस शतक तक पहुंचने के लिए मेहनत करने की ज़रूरत है जहां वह गति, स्पिन का सामना करता है और अपनी भूमिका के बारे में सहज महसूस करता है। वह पूरी तरह से आउट ऑफ टच नहीं है, वह अभी भी गेंद को मिडल कर रहा है, लेकिन ऐसा है कि जब वह स्पिन के खिलाफ अपनी पारी शुरू करता है, तो वह थोड़ा घबराया हुआ दिखता है।

पाकिस्तान मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से टूर्नामेंट की अपनी तीसरी जीत के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और उसका सेमीफाइनल क्वालीफिकेशन अभी भी बरकरार है। पाकिस्तान का अगला मुकाबला शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड से होगा।

## सार संक्षेप

### न्यूजीलैंड के मैट हेनरी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बीच ओवर में मैदान से बाहर चले गए

**पुणे।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को बुधवार को यहां एमसीए स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बीच में ही मैदान छोड़ना पड़ा। हेनरी प्रस्थान करने से पहले अपने छठे ओवर में तीन गेंदें डालने में सफल रहे, जिमी नीशम ने शेष गेंदों को पूरा करने के लिए कदम बढ़ाया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, छठे ओवर के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग में जकड़न महसूस होने के बाद मैट हेनरी फिलहाल पुणे में मैदान से बाहर हैं। इसमें कहा गया है, आगे के आकलन के बाद वह इस स्तर पर मैदान पर नहीं लौटेंगे। 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 11 विकेट लिए हैं। उनकी चोट न्यूजीलैंड टीम के लिए नवीनतम झटका है, उनके कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन क्रमशः अंगूठे और अकिलिस चोटों के कारण पहले ही बाहर हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, मार्क चैपमैन को पिंडली की चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। न्यूजीलैंड विश्व कप लीग चरण में छह मैचों में चार जीत के साथ तीसरे स्थान पर है। सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए वे पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ महत्वपूर्ण मैचों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

### चोट लगने के कारण मैक्सवेल इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से बाहर

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल सोमवार को गोल्फ से संबंधित घटना में चोट लगने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो गए हैं। यह समझा जाता है कि मैक्सवेल अपने निर्धारित अवकाश के दिनों में शाम को क्लब हाउस से टीम बस की ओर लौटते समय गोल्फ कार्ट के पिछले हिस्से को पकड़ रहे थे, तभी उनकी पकड़ छूट गई।

## बीसीसीआई ने दिल्ली, मुंबई मैच में पटाखों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) ने दिल्ली और मुंबई में बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को देखते हुए इन दोनों शहरों में विश्व कप के शेष मैचों के दौरान आतिशबाजी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुंबई 2 नवंबर (भारत बनाम श्रीलंका), 7 नवंबर (ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान) और 15 नवंबर को सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि दिल्ली बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच अपने आखिरी लीग मैच की मेजबानी 6 नवंबर को करेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बुधवार को एक मीडिया बयान में कहा, बीसीसीआई पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति संवेदनशील है। मैंने इस मामले को औपचारिक रूप से आईसीसी के सामने उठाया और मुंबई में कोई आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं होगा, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। बोर्ड पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने प्रशंसकों और हितधारकों के हितों को हमेशा सबसे आगे रखेगा। बीसीसीआई मुंबई और नई दिल्ली दोनों में वायु गुणवत्ता को लेकर तत्काल चिंता को स्वीकार करता है जबकि हम क्रिकेट के उत्सव के अनुरूप आईसीसी विश्व कप की मेजबानी करने का प्रयास करते हैं, हम अपने सभी हितधारकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। उपर्युक्त दोनों शहर हवा की बहुत खराब गुणवत्ता का सामना कर रहे हैं, दिल्ली में बुधवार को 372 के एक्यूआई के साथ बहुत खराब दर्ज किया गया, जबकि मुंबई 150-200 के एक्यूआई के साथ खराब श्रेणी में था।

## हार्दिक पांड्या श्रीलंका, द.अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो सकते हैं : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारत के ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या मौजूदा विश्व कप 2023 में चोट के कारण श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से भी बाहर हो सकते हैं। हार्दिक पांड्या पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते समय चोटिल हो गए थे। गेंद को रोकने के प्रयास में हार्दिक का दाहिना टखना मुड़ गया, जिससे उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। फिर, पांड्या को रिहैब के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी, बेंगलुरु भेजा गया था जिससे वो जल्द से जल्द फिट होकर वापसी कर सकें। हालांकि, इस ऑलराउंडर के इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर के मुकाबले के लिए सीधे लखनऊ में टीम में शामिल होने की उम्मीद थी लेकिन लिगामेंट की चोट के कारण उन्हें उस मैच से भी बाहर बैठना पड़ा। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट मेडिकल टीम एनसीए के साथ लगातार संपर्क में है। अगले कुछ दिनों में उनकी फिटनेस पर अपडेट मिलने की उम्मीद है। मगर वह श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। टीम में हार्दिक पांड्या की कमी मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव ने पूरी की। शमी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से विश्व कप के अब तक सिर्फ दो मैचों में 9 विकेट लिए हैं।

सूर्यकुमार न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 रन पर आउट हो गए लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में 49 रन की जुझारू पारी खेलकर वापसी की। भारत अंक तालिका में शीर्ष पर है और इतने ही मैचों में छह जीत के साथ टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के लिए कोलकाता जाने से पहले उन्हें गुरुवार को मुंबई में श्रीलंका से खेलना है।

## शमी को उनकी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है : सिद्दीकी

**नई दिल्ली।** भारत के लिए विश्व कप 2023 के पहले चार मैच नहीं खेलने के बावजूद, मोहम्मद शमी न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो मैचों में अपने महत्वपूर्ण स्पैल से बेहद प्रभावशाली रहे हैं। चाहे धर्मशाला हो या लखनऊ का मैदान, शमी ने गेंद को दोनों तरफ घुमाया है और बल्लेबाजों को तेजी से छकाते हुए (5-54) और (4-22) के खतरनाक स्पैल के साथ वापसी की है। पहले चार मैचों तक बाहर रहने वाले मोहम्मद शमी को चोटिल हार्दिक पांड्या की जगह टीम में मौका मिला। मगर उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से अब अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बीच शमी के बचपन के कोच ने आईएएनएस से खास बातचीत की। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, किसी भी चीज में पूर्णता प्राप्त करने के लिए, आपको बहुत मेहनत करनी होगी और जुनून ऐसा होना चाहिए कि लोग आश्चर्यचकित रह जाएं। जब कोई किसी कौशल में महारत हासिल करने के लिए उस स्तर की कड़ी मेहनत करता है, तब उसे उसका फल भी मिलता है।

## नवनीत व संगीता के एक-एक गोल से भारत ने जापान को हरा लगातार चौथी जीत दर्ज की



**नई दिल्ली।** स्ट्राइकर नवनीत कौर और संगीता कुमारी के एक-एक गोल की बदौलत भारत की महिला हॉकी टीम ने जापान को रांची में मंगलवार रात रोचक संघर्ष में राउंड रॉबिन लीग मैच में 2-1 से हरा कर झारखंड महिला एशियन ट्रॉफी में लगातार चौथी जीत दर्ज की। पराजित जापान की ओर से एकमात्र गोल काना उराता ने दागा।

अपनी डच कोच यांकी शॉपमैन के मार्गदर्शन मे भारत की शुरू से ही आक्रामक हॉकी खेलने की रणनीति से जापान की टीम बौखला गई। जापान ने भारत के हमलों को नाकाम करने के लिए पूरी ताकत अपनी किले की चौकसी पर लगा दी। जापान ने इसके बाद जवाबी हमले बोल कर वापस भारत पर दबाव बना लिया। जापान को पहले क्वॉर्टर में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में तब्दील नहीं कर पाई। जापान की गोलरक्षक अकियो तनाका ने गजब की मुस्तैदी दिखाते हुए दूसरे क्वॉर्टर में भारत को मिले पेनल्टी कॉर्नर को रोकने के साथ उसके गोल करने के हमले नाकाम कर उसे शुरू के दो क्वॉर्टर में गोल करने से रोके रखा। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने तीसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में डी में पहुंच दनदनाता शॉट जमा गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। काना उराता के छह मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से जापान ने एक एक की बराबरी पा ली। जापान के बराबरी पाने के बाद लगातार हमले बोल कर भारत ने पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन तीसरे हाफ में अकियो तनाका की जगह उतरने वाली जापन की गोलरक्षक अइका नाकामुरा ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी कर भारत को फिर बढ़त लेने से रोक दिया और तीसरे क्वॉर्टर की समाप्ति पर दोनों टीमें एक एक गोल से बराबर रही।

भारत ने दनादन हमले बोल कर चौथे क्वॉर्टर के रूप मे ही लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। संगीता ने तीसरे पेनल्टी पर गोलरक्षक के पैड से लगकर वापस लौटती गेंद को संभाल गोल कर भारत को चौथे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में 2-1 से आगे कर दिया। जापान ने बराबरी पाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी लेकिन भारत की कप्तान गोलरक्षक सविता ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी कर उसकी हर कोशिश नाकाम कर दी। भारत अब अपने और अंतिम पूल मैच में बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया से रात साढ़े आठ बजे भिड़ेगा।

## वर्ल्ड कप के बाद डेविड विली लेंगे संन्यास



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड विली ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की है कि वह भारत में खेले जा रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।

33 साल के डेविड विली एक खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। हालांकि, भारत में खेले जा रहे मेगा-इवेंट में वो अपनी टीम के लिए कुछ खास नहीं कर पाए हैं। बताया जा रहा है कि विली का संन्यास लेने का निर्णय ईसीबी के 2023-24 चक्र के लिए उन्हें केंद्रीय अनुबंध की पेशकश नहीं करने के फैसले के बाद आया है।

विली ने विश्व कप में अपने तीन मैचों में पांच विकेट लिए हैं। जिसमें भारत के खिलाफ मैच में तीन विकेट (केएल राहुल, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव) और निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन शामिल हैं। विली ने सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में लिखा, मैं कभी नहीं चाहता था कि यह दिन आए। मैंने बचपन से केवल इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का सपना देखा है। मैंने बहुत विचार करने के बाद और बहुत अफसोस के साथ यह फैसला लिया है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का सही समय आ गया है। मैं विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलूंगा। विली ने मई 2015 में आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड में डेब्यू किया और इयोन मोर्गन, ट्रेवर बेलिस और एंड्रयू स्ट्रॉस की कप्तानी में खेले। उन्होंने अब तक 70 वनडे मैचों में 94 विकेट लिए हैं और 43 टी20 में 51 विकेट चटकाए। अपने करियर में उतार-चढ़ाव भरे सफर के बाद विली 2019 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की अंतिम टीम का भी हिस्सा थे, लेकिन तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को चयन में शामिल करने के लिए अंतिम समय में उन्हें हटा दिया गया।

## सुडोकू 6364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 |

# [ अर्थ जगत ]

## डॉलर के आगे रुपया पस्त, ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय करेंसी रुपया एक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक गिरावट के साथ बंद हुआ है. एक नवंबर 2023 को रुपया 9 पैसे की गिरावट के साथ 83.33 के अबतक के सबसे निचले लेवल पर जाकर क्लोज हुआ है.अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी और डॉलर के मुकाबले दूसरे एशियाई करेंसी में कमजोरी के चलते रुपये में कमजोरी देखने को मिली है. इससे पहले बीते वर्ष अक्टूबर में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.29 पर क्लोज हुआ था जो ऐतिहासिक निचला लेवल था.शेयर बाजार में विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं।



## लैपटॉप आयात के लिए 110 आवेदनों को सरकार ने मंजूरी दी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने लैपटॉप, कंप्यूटर और अन्य आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात की मंजूरी के लिए अबतक मिले 111 आवेदनों में से लगभग 110 को मंजूरी दे दी है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आयात की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में डेल इंटरनेशनल सर्विसेज इंडिया, एपीएल इंडिया, एचपी इंडिया सेल्स प्राइवेट लिमिटेड, लेनोवो (इंडिया), आसुस इंडिया, आईबीएम इंडिया, सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स, शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया, सिस्को कॉमर्स इंडिया, सीमेंस लिमिटेड और बॉश लिमिटेड शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि आईटी उत्पादों के आयात की मंजूरी पाने के लिए अबतक 111 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार ने पिछले महीने लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर के आयात पर लगी पाबंदियों में बदलाव किया था। इसके बाद आयातक मात्रा और मूल्य का विवरण देने पर मंजूरी लेकर विदेशों से आईटी हार्डवेयर का आयात कर सकते हैं। नई आयात प्रबंधन प्रणाली का उद्देश्य बाजार की आपूर्ति को प्रभावित किए बगैर या बोझिल लाइसेंसिंग व्यवस्था बनाए बिना देश में लैपटॉप, टैबलेट और कंप्यूटर के आयात पर नजर रखना है। अधिकारी ने कहा, अबतक लगभग 110 आयात अनुमति जारी की जा चुकी है।

# भारत की अर्थव्यवस्था को चमका रहे त्यौहार, बिक्री के बढ़ रहे आंकड़े



*नई दिल्ली। पूरे देश में त्योहारों का जश्न चरम पर पहुंच चुका है. दशहरा और नवरात्रि जैसे त्योहारों से शुरू हुआ सिलसिला अब लगातार जारी रहने वाला है. उसके साथ ही त्योहारी सीजन की खरीदारी भी रफ्तार पकड़ रही है.त्योहारी सीजन सेल के शुरुआती आंकड़े बता रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था को इससे बड़ा बूस्ट मिलने वाला है.*

**इस तरह बढ़ी बिक्री और पेमेंट-** ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, त्योहारी सीजन में लोग कार, स्मार्टफोन, टीवी आदि पर खूब खर्च कर रहे हैं. अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फेस्टिव सेल के पहले सप्ताह में बिक्री साल भर पहले की तुलना में लगभग 20 फीसदी ज्यादा है. इसी तरह अक्टूबर महीने में डिजिटल पेमेंट में रिकॉर्ड तेजी आई है. अक्टूबर महीने के दौरान यूपीआई से डिजिटल पेमेंट साल भर पहले की तुलना में करीब 40 फीसदी ज्यादा रहा है.

**इन कारणों से मिल रही मदद-** रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि ग्राहकों का भरोसा सितंबर महीने में 4 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया था. दूसरी ओर ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी के बाद भी बैंकों में लोन की डिमांड करीब 12 सालों में सबसे ज्यादा है. देश में खुदरा महंगाई में भी कमी आ रही है और साथ ही पारिश्रामिक खास तौर पर ग्रामीण इलाकों में कमाई में तेजी आई है. ये सारे फैक्टर मिलकर इस साल त्योहारों में डिमांड को तेज कर रहे हैं.

**क्रिकेट और वेडिंग सीजन-** इस बार त्योहारी सीजन को क्रिकेट वर्ल्ड कप से भी मदद मिल रही है. क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में हो रहा है. इसके चलते देश के कई शहरों में होटल, रेस्तरां समेत पूरी हॉस्पिटलिटी इंडस्ट्री और ट्रैवल एंड टूरिज्म सेक्टर को मदद मिल रही है. त्योहारी सीजन की ढलान आते ही देश में शादी-विवाह के सीजन की शुरुआत हो जाएगी. खुदरा कारोबारियों के संगठन कैट की मानें तो इस साल वेडिंग सीजन में सोने के गहनों और कपड़ों-बर्तन आदि पर लोग 50 बिलियन डॉलर खर्च कर सकते हैं.

**मंदी के दौर में शानदार ग्रोथ-** कुल मिलाकर देखें तो आने वाले महीने दुनिया की सबसे तेज गति से वृद्धि करती प्रमुख अर्थव्यवस्था यानी भारत के लिए बेहद सकारात्मक दिख रहे हैं. यह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अनुमानों से भी जाहिर हो रहा है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मानें तो भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 में 6.3 फीसदी रहने वाली है. साथ ही आईएमएफ ने इस बात की भी उम्मीद जाहिर की है कि 2024 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 फीसदी रह सकती है. ग्रोथ का यह शानदार प्रोजेक्शन ऐसे समय है, जब दुनिया के सामने आर्थिक मंदी का खतरा मंडरा रहा है.

# त्यौहारी सीजन में कमर्शियल सिलेन्डर हुआ महंगा



*नई दिल्ली। विमान ईंधन की कीमत में करीब छह प्रतिशत की कटौती की गई, जबकि कमर्शियल रसोई गैस की दरों में 101.5 रुपये प्रति 19 किलोग्राम की भारी बढ़ोतरी की गई। विमान ईंधन के दाम में जुलाई से चार बार बढ़ोतरी के बाद अब दाम में कटौती की गई। रसोई गैस के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया। 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 903 रुपये है।*

**कमर्शियल एलपीजी की कीमत 101.50 रुपये बढ़ाई गई-** सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में विमानन टरबाइन ईंधन की कीमत 6,854.25 रुपये या 5.79 प्रतिशत कम होकर 1,18,199.17 रुपये से 1,11,344.92 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। दूसरी ओर होटल तथा रेस्तरां जैसे विभिन्न प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल किए जाने वाले कमर्शियल एलपीजी की कीमत 101.50 रुपये बढ़ाई गई है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब राष्ट्रीय राजधानी में 1,833 रुपये और मुंबई में 1,785.50 रुपये होगी।

## विमान ईंधन 5.8 फीसदी सस्ता हुआ



दिवाली से पहले सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने विमान टरबाइन ईंधन (एटीएफ) में 6,854.25 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 5.8 फीसदी की कटौती की है। विमान ईंधन की कीमत में लगातार चार बार बढ़ोतरी के बाद यह कटौती की गई है। नई दरें लागू हो गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों की ओर से बुधवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक राजधानी नई दिल्ली में विमानन टरबाइन ईंधन की कीमत 6,854.25 रुपये कम होकर 1,18,199.17 रुपये प्रति किलोलीटर से 1,11,344.92 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। पिछले महीने अक्टूबर में एटीएफ की कीमत में 5 फीसदी का इजाफा हुआ था। अधिसूचना के मुताबिक कोलकाता में एटीएफ 6,812.63 रुपये घट कर 1,19,884.45 रुपये प्रति किलोलीटर पर आ गया है, जो पहले 1,26,697.08 रुपये प्रति किलोलीटर था।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, निवेशकों को 1.24 लाख करोड़ की चपत

*मुंबई। कमजोर ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया। दोपहर 2 बजे के करीब हुई तेज बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक आज के सबसे निचले स्तर के करीब पहुंचकर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.44 प्रतिशत और निफ्टी 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।*

घरेलू शेयर बाजार में आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। पहले घंटे के कारोबार में खरीदारों ने जोर लगाकर कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों को हरे निशान में पहुंचाया, लेकिन इसके बाद बिकवाली के जबरदस्त दबाव के कारण दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही।इसी तरह एनर्जी, ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, पीएसयू बैंक, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.10 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों के करीब सवा लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 310.21 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

# अक्टूबर में जीएसटी कलेक्शन 13 प्रतिशत बढ़ा, 1.72 लाख करोड़ पर पहुंचा




*नई दिल्ली। जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन में अक्टूबर में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ये अब तक का दूसरा सबसे बड़ा जीएसटी कलेक्शन का आंकड़ा है।*

जीएसटी कलेक्शन का सबसे बड़ा आंकड़ा अप्रैल 2023 में देखने को मिला था जो कि 1.87 लाख करोड़ रुपये पर था। सितंबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन 1.63 लाख करोड़ रुपये था। महीने दर महीने जीएसटी कलेक्शन में बढ़त देखने को मिल रही है। बता दें, अक्टूबर 2023 के 1.72 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी कलेक्शन में से सीजीएसटी 30,062 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 38,171 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, आईजीएसटी कलेक्शन 91,315 करोड़ रुपये रहा है। आईजीएसटी में से 42,873 करोड़ रुपये सीजीएसटी और 36,614 करोड़ रुपये एसजीएसटी को दिए गए हैं।

**औसत जीएसटी कलेक्शन 1.66 लाख करोड़ पर पहुंचा-** वित्त मंत्रालय की ओर से जानकारी दी गई कि वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। यह 1.66 लाख करोड़ रुपये पर बना हुआ है।

**वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े-** कल सरकार की ओर से राजकोषीय घाटे के आंकड़े जारी किए गए थे। वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश का राजकोषीय घाटा 7.02 लाख करोड़ रुपये रहा है।

पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 39.3 प्रतिशत है। सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 17.87 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। अप्रैल-सितंबर 2022 का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के बजट का 37.3 प्रतिशत था। अप्रैल-सितंबर 2023 की बात करें, सरकार की कुल प्राप्तियां 17.7 प्रतिशत और कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 20.2 प्रतिशत बढ़ गया है।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62000 चांदी टंच-72500
चांदी रिफाइन -73500

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62000 चांदी टंच-72500
चांदी रिफाइन -73500


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.28 |
| एक यूरो | 87.76 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 100.96 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.00 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 90 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## हीरो मोटोकॉर्प की अक्टूबर में बिक्री 26.5 प्रतिशत बढ़कर 5,74,930 इकाई

**नयी दिल्ली।** देश की प्रमुख दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की अक्टूबर में कुल बिक्री 26.5 प्रतिशत बढ़कर 5,74,930 इकाई रही।कंपनी की अक्टूबर, 2022 में कुल बिक्री 4,54,582 रही थी। हीरो मोटोकॉर्प ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अक्टूबर में उसकी मोटरसाइकिल बिक्री 26.2 प्रतिशत बढ़कर 5,29,341 इकाई रही, जबकि अक्टूबर 2022 में यह 4,19,568 इकाई थी। समीक्षाधीन महीने में स्कूटर की बिक्री 30.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 45,589 इकाई रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 35,014 इकाई थी। अक्टूबर में उसका वाहन निर्यात 29 प्रतिशत बढ़कर 15,164 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 11,757 इकाई था। कंपनी के अनुसार, उसने प्रीमियम खंड में हाल ही में कई उत्पाद पेश किए हैं और त्योहारी सीजन के चलते मांग अच्छी रहने की उम्मीद है।



## जेट एयरवेज फाउंडर नरेश गोयल की बढ़ीं मुश्किलें, ईडी ने जब्त की 538 करोड़ की संपत्ति

*नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक फ्रॉड के एक मामले में जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल और पांच अन्य के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने इस मामले में 538 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त की है।*

इससे पहले ईडी ने 31 अक्टूबर को नरेश गोयल समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। यह मामला केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये के फ्रॉड से जुड़ा है। इसी मामले में ईडी ने नरेश गोयल को 1 सितंबर को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और मुंबई स्थित आर्थर रोड जेल में बंद हैं। **क्या कहा ईडी ने-** ईडी की ओर से जारी बयान के मुताबिक मेसर्स जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल) के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में 538.05 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की गई है। कुर्क की गई संपत्तियों में अलग-अलग कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर 17 आवासीय फ्लैट/बंगले और कॉमर्शियल कैंपस शामिल हैं। बता दें कि मेसर्स जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल) के फाउंडर नरेश गोयल हैं। ईडी ने गोयल की पत्नी अनीता गोयल और बेटे निवान गोयल को भी आरोपी बनाया है। केनरा बैंक की **शिकायत पर एक्शन:** ईडी ने केनरा बैंक की लिखित शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की है। इस मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर को आधार बनाकर ईडी ने जांच शुरू की। एफआईआर में केनरा बैंक की ओर से मेसर्स द्वारा धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक कदाचार के आरोप लगाए गए थे। ईडी की जांच से पता चला कि जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड ने एसबीआई और पीएनबी के नेतृत्व वाले बैंकों से लिए लोन की हेराफेरी की।

## मारुति ने दर्ज किया सबसे ऊंचा बिक्री आंकड़ा




*नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 1,99,217 इकाई पर पहुंच गई। यह कंपनी की मासिक बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।*

अक्टूबर 2022 में कंपनी ने 1,67,520 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बुधवार को बताया कि अक्टूबर में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री 1,77,266 इकाई रही, जो उसका अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी की घरेलू बिक्री 1,47,072 इकाई रही थी। इस तरह घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 21 प्रतिशत अधिक रही है। अक्टूबर, 2023 में घरेलू बाजार में कंपनी की यात्री वाहन बिक्री बढ़कर 1,68,047 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,40,337 इकाई रही थी। माह के दौरान कंपनी की मिनी कारों और एस-प्रेसो की बिक्री घटकर 14,568 इकाई रह गई। एक साल पहले इस खंड में कंपनी की बिक्री 24,936 इकाई रही थी। कॉम्पैक्ट खंड बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर में कंपनी की बिक्री 73,685 इकाई से बढ़कर 80,662 इकाई हो गई।

## सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के हार्दिक पंड्या को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया



*राजकोट। गुजरात के राजकोट में स्थित सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड सिल्वर ब्रांड के तहत पंप, मोटर और कृषि उपकरण के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक है और बेडिया ब्रांड के तहत पंखे, उपकरण और प्रकाश उत्पाद बनाती है।*

जब पंप और मोटर की बात आती है तो सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स के पास विश्व स्तरीय और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण में 41 वर्षों की समृद्ध विरासत है। पिछले चार वर्षों में, युवा और दूरदर्शी प्रबंध निदेशक विनीत बेडिया के नेतृत्व में कंपनी ने कृषि उपकरणों, पंखे, लाइट और बिजली के उपकरणों में कदम रखा है। हाल ही में विनीत बेडिया ने मशहूर क्रिकेटर हार्दिक पंड्या को कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। इस पर टिप्पणी करते हुए, विनीत बेडिया ने कहा,पिछले चार वर्षों में, हमने साल-दर-साल तेजी से विकास हासिल किया है और मौजूदा स्तर से, हम सभी उत्पादों में तेजी से बढ़ने की योजना बना रहे हैं। हमारा ध्यान ब्रांड प्रतिष्ठा और राजस्व पर रहा है।

जब ब्रांड सिल्वर और बेडिया की बात आती है, तो हमारे द्वारा सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले उत्पाद निर्मित किए जाते हैं। हमारी कंपनी की विश्वसनीयता और निरंतरता क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के अनुरूप है, जो हमेशा 140 करोड़ भारतीयों के मूल्य और भावना को प्राथमिकता देते हैं।

## एसबीआई कार्ड और रिलायंस रिटेल ने साथ मिलकर रिलायंस एसबीआई कार्ड लॉन्च किया

*मुंबई। भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने भारत के सबसे बड़े रिटेलर, रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर को-ब्रांडेड रिलायंस एसबीआई कार्ड को लॉन्च किया है।*

यह लाइफस्टाइल पर केंद्रित अपनी तरह का अनोखा क्रेडिट कार्ड है, जो सामान्य से लेकर प्रीमियम तक, अलग-अलग तरह के खर्च की जरूरत वाले सभी श्रेणी के ग्राहकों को कुल मिलाकर खरीदारी का शानदार और बेहद फायदेमंद अनुभव प्रदान करता है। कार्डधारक रिलायंस रिटेल के बड़े और विविधता पूर्ण इकोसिस्टम में इस कार्ड से ट्रांजैक्शन करके रिवॉर्ड्स के साथ-साथ कई तरह के फायदे प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें फैशन और लाइफस्टाइल से लेकर किराना, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर फार्मा, फर्नीचर से लेकर आभूषण के साथ-साथ अन्य कई तरह की चीजें शामिल हैं। इसके अलावा, रिलायंस एसबीआई कार्ड के उपयोगकर्ता निरंतर आधार पर एसबीआई कार्ड द्वारा बेहद समझदारी से दिए जाने वाले ऑफर का भी आनंद ले सकते हैं। उद्योग जगत के दो दिग्गज संस्थानों के बीच परस्पर तालमेल पर आधारित इस गठबंधन का उद्देश्य बड़ी संख्या में ग्राहकों तक




पहुंच के साथ एसबीआई कार्ड के व्यापक नेटवर्क, तथा रिलायंस रिटेल के बेमिसाल रिटेल प्रस्ताव का लाभ उठाना है, ताकि ग्राहकों को एक्सक्लूसिव रिवॉर्ड्स की एक श्रृंखला की पेशकश की जा सके, जिसमें विशेष स्वागत उपहार से लेकर यात्रा एवं मनोरंजन पर मिलने वाले विशेष फायदे शामिल हैं। इसके अलावा, खर्च के आधार पर माइलस्टोन हासिल करने पर भी रिन्यूअल फीस माफ करने जैसे रिवॉर्ड्स की पेशकश की जाएगी, साथ ही रिलायंस रिटेल नेटवर्क में ट्रांजैक्शन करने के लिए ग्राहकों को रिलायंस रिटेल वाउचर दिया जाएगा। भारतीय बाजार में क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड्स के लिए एक नया बेंचमार्क बनाने और ग्राहकों के अनुभव के मायने को बदलने के उद्देश्य से यह साझेदारी की गई है।


## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# भाजपा नेता के भाई की देर रात गोली मारकर हत्या

## तीन आरोपियों के नाम सामने आये, संपत्ति विवाद में वारदात को दिया अंजाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत गुरुद्वारा के पास एक भाजपा नेता के बड़े भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि पहले बदमाशों ने उन्हें फोन करके बाहर बुलाया फिर दनादन गोली मारी।

जानकारी के अनुसार गोरखपुर थाना क्षेत्र स्थित गुरूद्वारे के पास निवास भाजपा नेता के बड़े भाई संजू शर्मा को रात 12 बजे के लगभग अज्ञात बदमाश ने घर के बाहर बुलाकर गोली मार दी। गोली लगने से घायल संजू शर्मा को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर देर रात तीन बजे के लगभग संजू की उपचार के दौरान मौत हो गई। संजू शर्मा की मौत की खबर से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। देखते ही देखते भाजपा कार्यकर्ता, नेता व क्षेत्रीय लोग एकत्र हो गए, जिन्होंने घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है।

इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संजू शर्मा उम्र 50 वर्ष को रात 12 बजे के लगभग हमलावरों ने मोबाइल पर फोन करके बाहर बुलाया। जिसपर संजू ने फोन करने वालों को घर आकर बात करने के लिए कहा लेकिन संजू पर ही बाहर आकर बात करने के लिए दबाव बनाया गया। इसके बाद संजू परिजनों से अभी आता हूं कहकर मोटर साइकिल से घर से करीब 100 मीटर दूर गुप्ता टाल के पास पहुंच गए। जहां पर पहले से खड़े बदमाशों ने विवाद करना शुरु कर दिया। विवाद बढ़ने पर हमलावरों ने रिवॉल्वर निकाल ली, जिसे देखकर संजू शर्मा भागे तो बदमाशों ने पीछे से गोली मार दी।

गोली लगते ही संजू शर्मा गिर गए, गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए, जिन्होंने संजू को खून से लथपथ हालत में देखा तो स्तब्ध रह गए। खबर मिलते ही परिजनों सहित अन्य लोग भी पहुंच गए। जिन्होंने पुलिस को खबर देते हुए संजू को निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां



पर संजू की हालत को देखते ही मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया। मेडिकल में देर रात तीन बजे के लगभग संजू की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हमलावरों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। संजू शर्मा आरएसएस से जुड़े रहे व ग्राहक पंचायत के सचिव रहे, उनके छोटे भाई भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता है। मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारम्भिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि संजू का प्रॉपर्टी को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था, विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। हमले में अभी तीन लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनकी पुलिस की टीमें सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# शहडोल से मनेंद्रगढ़ जा रही बस में मिला 12 किलो विस्फोटक

**अनूपपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के दौरान जिले की सीमाओं पर पुलिस और सर्विलांस टीम लगातार नजर रखी हुई हैं। जहां थाना रामनगर अंतगर्त मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा पर शहडोल से मनेंद्रगढ़ जा रही बस के अंदर विस्फोटक से भरे दो बैग पुलिस व एसएसबी स्टेटिक सर्विलांस टीम ने जप्त किया है।



## पुलिस अज्ञात अरोपियों की तलाश में जुटी

जप्त विस्फोटक सामग्री की जांच एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर, पुलिस अधिक्षक जितेन्द्र पवार एवं अतरिक्त पुलिस अधिक्षक शिवकुमार सिंह की उपस्थिति में बम निरोधक दस्ता द्वारा की गई। जानकारी अनुसार शहडोल से मनेंद्रगढ़ जा रही नफीस ट्रैवल्स बस क्रमांक एमपी 18 पी 0425 मप्र-छग सीमा के डोला चेक पोस्ट पर 1 नवम्बर बुधवार को पुलिस एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम को चेकिंग के दौरान लावारिस बैग जप्त किया, जिसमें 10 से 12 किलो किलो बारूद, सुतली तथा 2 बंडल वॉयल मिले। जिस संबंध में बस चालक ने बताया कि बैग के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। क्योकि कई यात्री बस में चढ़ते उतरते हैं। जानकारी के अनुसार बस में 36 यात्री सवार थे। वहीं विस्फोटक सामग्री की जांच एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर की उपस्थिति में बम निरोधक दस्ता द्वारा की गई। जिसमें 4 पैकेट में 10-12 किग्रा.(सफेद पाउडर एवं डार्क ग्रे पाउडर) विस्फोटक पाउडर, सुतली एवं विस्फोटक बनाने में उपयोग किया जाने वाला वॉयर बरामद हुआ। जिस पर थाना रामनगर में धारा 9 ख विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत अज्ञात के खिलाफ अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जप्तशुदा पदार्थों को जांच उपरांत अन्य कार्यवाही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी. सागर द्वारा समस्त चेकिंग नाका टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की हैं। एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर ने बताया कि कि शहडोल से मनेंद्रगढ़ जा रही नफीस ट्रैवल्स बस दो बैगों में 10-12 किलो विस्फोटक सामग्री मिली हैं, जिसकी जांच बम निरोधक दस्ता द्वारा की गई। जिसमें दो तरह की तार, सुतली सहित विस्फोटक सामग्री मिली हैं, जिसकी जांच सभी पहलुओं पर कराई जा रहीं हैं।

# महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय आज इटारसी-जबलपुर खंड का करेंगी निरीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे की नव पदस्थ महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। आज 2 नवंबर को वह इटारसी-जबलपुर खंड का निरीक्षण करेंगी। उल्लेखनीय है कि शोभना बंदोपाध्याय पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में ब्रांच ऑफीसर्स के पद पर रहकर अपना सफलतम कार्य को संपादित कर चुकी हैं।



इसी के साथ ही साथ मध्यप्रदेश विद्युत मंडल छिंदवाड़ा में भी प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ रहकर कार्य को अच्छे ढंग से निपटाने में सफल रहीं हैं। इनके अनुभव का लाभ जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडल को होगा। श्रीमती बंदोपाध्याय कुशल प्रबंधन और सतर्कता विभाग दिल्ली में कई चुनौती भरे कार्यों का निपटारा करने में भी सफल रही हैं।

महाप्रबंधक के जबलपुर आगमन को लेकर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक सीके वेणुगोपाल, पंकज शर्मा, रवीन्द्र श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा, डॉ. मधुर वर्मा, अरूण शर्मा, देवेश सोनी और अन्य अधिकारी इनकी अगवानी करेंगे। महाप्रबंधक के आगमन को लेकर स्टेशन परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी कर्मचारी सभी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# पमरे से प्रारम्भ स्पेशल 6 जोड़ी ट्रेनों की संचालन अवधि दिसंबर तक बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा के लिये पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली 06 जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के चलने की अवधि को पुनः बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें जबलपुर-पुणे, रीवा-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस, जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस, रीवा-रानी कमलापति, रानी कमलापति-अगरतला एवं जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों को दिसम्बर माह तक के लिया विस्तारित किया गया है।

**इन स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ी-** गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 31 दिसम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 02131 पुणे-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल 1 जनवरी 2024 तक।

गाड़ी संख्या 02187 रीवा-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 28 दिसम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक स्पेशल 29 दिसम्बर तक। गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 29 दिसम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल 30 दिसम्बर 2023 तक। गाड़ी संख्या 02186 रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 30 दिसम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 02185 रानी कमलापति-रीवा साप्ताहिक स्पेशल 30 दिसम्बर तक। गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 28 दिसम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल 31 दिसम्बर तक।

गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 29 दिसम्बर तक तथा गाड़ी संख्या 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल 1 जनवरी 2024 तक।

# सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आदेश पत्र फर्जी

## आयोग की तय तिथि को ही होंगे मप्र चुनाव




**जबलपुर, देशबन्धु।** सोशल मीडिया में भ्रामक खबरें आती रहती हैं, जिसका असर आम लोगों में देखा जा सकता है। बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा एक आदेश पत्र तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश चुनाव की तारीख को आगे बढ़ाने की बात कही गई है। भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में यह खबर आते ही आयोग ने तत्काल इस खबर का खंडन करते हुये इसे भ्रामक बताया है।

इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत मध्यप्रदेश में मतदान की तारीख में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तिथि के अनुसार ही मध्यप्रदेश में 17 नवंबर 2023 को एक ही चरण में मतदान होगा।

भ्रामक खबर फैलते ही पूरे प्रदेश भर में खलबली मच गई। लोग एक दूसरे से फोन पर इस खबर की सच्चाई मालूम करते देखे गये। जिसके बाद जबलपुर जनसंपर्क के अधिकृत साइट पर इस खबर का खंडन किया गया, कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आदेश पत्र फर्जी है तथा चुनाव की तारीख भारत निर्वाचन आयोग की तय तिथि के अनुसार ही होंगे।

# आउटसोर्स कर्मियों को दीपावली के पहले मिलेगा वेतन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी जीपी पांडे ने बताया कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी द्वारा कंपनी क्षेत्र में कार्यरत सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को अक्टूबर माह का वेतन दीपावली त्यौहार के पूर्व वितरित किया जाएगा। इस संबंध में सभी वृत्तों के अधीक्षण अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि जिन बाह्स्त्रोत फर्मों के देयक उनके कार्यालय में लंबित हैं, उनके देयकों को भी शीघ्र नियमानुसार पारित करें।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट सेन्टर, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

संविदा आधार पर विभिन्न विशेषज्ञ पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| विज्ञापन क्र. | पद नाम | रिक्त | श्रेणी/समतुल्य श्रेणी |
|---|---|---|---|
| CRPD/SCO/2023-24/23 | सर्किल डिफेन्स बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) | 1 | - |
| CRPD/SCO/2023-24/24 | बिजनेस विश्लेषक | 1 | एमएमजीएस II |

आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले पात्रता और अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए बैंक की करियर वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें. आवेदन करने के लिए, हमारे करियर पेज (https://bank.sbi/careers/current-openings) पर जाएं।

- ऑनलाइन आवेदन करने और शुल्क के भुगतान की तिथि : 21.10.2023 से 10.11.2023 तक

स्थान: मुंबई
दिनांक: 21.10.2023
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

# समस्त श्रमिकों को 17 नवम्बर मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 का निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसमें 17 नवम्बकर को मतदान किया जाना निर्धारित है। उक्त दिशा निर्देशों के अनुसार श्रमायुक्त के निर्देश तथा लोक प्रतिनिधित्वक अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) के प्रावधान अनुसार प्रदेश की समस्त विधानसभाओं के क्षेत्रों में आने वाले सभी कारोबार, व्यवसाय, उद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक श्रमिक को चाहे वह दैनिक मजदूर या आकस्मिक श्रेणी का ही हो, उसे विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान करने का अधिकार है। ऐसे समस्त श्रमिकों को 17 नवम्बर मतदान के दिन संवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाना आवश्यरक है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि कोई कामगार किसी ऐसे उद्योग या स्थादपना में नियोजित है जो उस विधानसभा क्षेत्र के बाहर है जहां आम निर्वाचन हो रहें है। तब भी उन्हें मतदान के लिये संवैतनिक अवकाश की पात्रता होगी। प्रभारी सहायक श्रमायुक्त ने जिले के सभी कारोबार, व्यावसाय, उद्योगिक उपक्रम या अन्य स्थापना के प्रबंधकों या नियोजकों को निर्देशित किया है कि वे कार्यरत सभी कामगारों को विधानसभा निर्वाचन में मताधिकार का उपयोग सुविधाजनक एवं निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने की दृष्टि से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के उक्त प्रावधान का पालन सुनिश्चित करते हुये मतदान दिवस को समस्त श्रेणी के कामगारों को संवैतनिक अवकाश अनिवार्यतः प्रदान करें।

# तीन साल से लापता बालक के मामले में कोर्ट सख्त

## हाईकोर्ट ने तारादेही एसएचओ को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** तीन साल पहले लापता हुए एक दस वर्षीय बालक के मामले को हाईकोर्ट ने काफी सख्ती से लिया है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में दमोह जिले के तारादेही थाने के एसएचओं सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है। यह बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दमोह निवासी संदीप गौड़ की ओर से दायर की गई है। जिसमें कहा गया कि उनका दस वर्षीय पुत्र छोटू गौड़ तीन पूर्व घर के बाहर बच्चों के साथ खेलते-खेलते अचानक से गायब हो गया था। जिसकी गुमशुगदी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करायी गई थी। इतना ही नहीं जिन लोगों पर शक था उनके नाम भी शिकायती आवेदन में दर्ज कराये गये थे। थाना पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न किये जाने पर मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी, लेकिन इसके बाद भी उनके पुत्र की तलाश के लिये कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया जाता है। जब भी वे थाने में अपने पुत्र के संबंध में जानकारी लेने जाते है, तो उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर भगा दिया जाता है, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 86
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 96
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मोबाइल नं. 9300692405

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
J.B.F.A.
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 100
मुर्गा बड़ा - रु. 90
मुर्गा जम्बो - रु. 82
मो.-9039925000, 9425800409

महिलाएँ ध्यान दें
महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं हेतु
५५ जड़ी बूटियों का संतुलित मिश्रण
श्वेतनिल
सायरप
श्वेत प्रदर (सफेद पानी), अनियमित महावारी
- कमर एवं पेट दर्द
- मूत्र मार्ग में जलन एवं संक्रमण
- योनी मार्ग में चिपचिपाहट एवं दुर्गंध
- शारीरिक एवं मानसिक थकावट
- भूख न लगना - चक्कर आना
- खून की कमी - नींद न आना
- बेचैनी एवं घबराहट
उपयोग करते ही असर प्रारंभ
जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291
सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक के गुप्तांग में लाइटर डालने का मामला- संचालक सहित 4 गिरफ्तार, एक फरार

**रीवा, देशबन्धु।** रीवा शहर स्थित संकल्प नशा मुक्ति केंद्र के संचालक समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल, विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में संचालित संकल्प नशा मुक्ति केंद्र से मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी।

जहां विगत ढाई वर्षों से भर्ती नशे के आदी एक युवक के साथ नशा मुक्ति केंद्र के संचालक और कर्मचारियों ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थीं। केंद्र के संचालक और कर्मचारियों ने मिलकर पीड़ित के गुप्तांग में गैस चूल्हे का लाइटर डालकर उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। इस वजह से उसके पेट की आंत तक फट गई थी और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। नशा मुक्ति केंद्र के प्रबंधन ने मामले को छुपाने का भरसक प्रयास किया और अस्पताल में ले जाकर पीड़ित का ऑपरेशन करवा दिया। उसके बाद यह घटना आग की तरह फैल गई और आरोपियों की करतूत भी उजागर हो गई। मंगलवार की सुबह पुलिस टीम ने पांचों नामजद आरोपियों की तालाश शुरु की और देर शाम चार आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में संकल्प नशा मुक्ति केंद्र के संचालक भी है। जबकि एक फरार आरोपी की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों में संकल्प नशा मुक्ति केंद्र का संचालक विवेंद्र अवस्थी, शिवाकांत अवस्थी, सहित दो कर्मचारी पुलिस की हिरासत में हैं। जबकि एक अन्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीम लागातार दबिश दे रही है।

### तसीलदार और एसडीओपी ने केंद्र से जब्त किए दस्तावेज



पूरे मामले को लेकर एसपी विवेक सिंह ने बताया कि इस पूरे मामले में पांच नामजद आरोपी बनाए गए हैं। उनमें से संचालक सहित चार को हमने गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर इसमें अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फरार जो पांचवां आरोपी है उसको पकड़ने के भी हम प्रयास में हैं।

लेकिन जो मुख्य आरोपी है वह हमारे हिरासत में है। नशा मुक्ति केंद्र की जो बिल्डिंग है उसको लेकर कल रात में ही एक कमेटी गठित की गई है।

उसमें तहसीलदार एसडीओपी ने वहां पर जाकर पूरे दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। उसके बाद उसमें सामाजिक न्याय विभाग से उस पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को पुनः हाजिर होने के निर्देश

## न्यूनतम मजदूरी से कम वेतन देने का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में पूर्व आदेश के परिपालन में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभागए डिंडौरी संतोष शुक्ला हाजिर होकर अपना जवाब पेश किया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने जवाब को नाकाफी पाते हुए सहायक आयुक्त को पुनः 6 नवंबर को ठोस जवाब के साथ हाजिर होने के निर्देश दिये है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला डिंडौरी समनापुर निवासी राजकुमार नंदा की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उनकी नियुक्ति जुलाई 2010 से कलेक्टर दर पर दैवेभो के रूप में आदिम जनजाति कार्य विभाग में हुई थी। वर्तमान में ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में कार्यरत है। लेबर कमिश्नर इंदौर के नियमानुसार डाटा एंट्री ऑपरेटर उच्च कुशल श्रमिक की परिभाषा में आता है। नियुक्ति तिथि से अक्टूबर 2021 तक उसे न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया गया। अक्टूबर 2021 मे न्यूतम मजदूरी पर 12 हजार 335 रुपये एक माह का भुगतान किया गया। इसके बाद से सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के मौखिक निर्देश के अनुसार नवंबर 2021 से पांच हजार मासिक भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान में उच्च कुशल श्रमिक के लिए न्यूनतम मजदूरी 12 हजार 860 रुपये है।

कलेक्टर डिंडोरी को न्यूनतम मजदूरी भुगतान के संबंध में अभ्यावेदन किया। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तब हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 6 नवंबर को निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनायक शाह ने पक्ष रखा।